नई दिल्ली RNI NO. DELHIN/2010/37009

वर्षः 12

अंकः 05

सोमवार, 07-13 फरवरी 2022

मूल्यः 5 रु प्रति

रु 250 वार्षिक

पंजाब राज्य महिला आयोग की चेयरपर्सन मनीषा गुलाटी बीजेपी में शामिल 03

पहले के मुकाबले छोटा भले है पर ज्यादा बड़े इरादे वाला है भाजपा का संकल्प पत्र 08

NCR समाचार

चीन के लिखित समझौतों की अवहेलना करने के कारण एलएसी पर मौजूदा स्थिति पैदा हुई : जयशंकर 10

दिल्ली हाई कोर्ट ने टेबल टेनिस फेडरेशन ऑफ इंडिया को किया सस्पेंड 11

इस्माईल खान

www.ncrsamacharlive.in

BY C.R.O. TEAM

twitter-@ncrsamacharlive

भारत का नं 1 साप्ताहिक समाचार पत्र

यह मेरी जेल है, मेरे नियमों के साथ, हिला कर रख देगा कंगना का यह रियलिटी शो, टीजर हुआ रिलीज 12

### लुधियाना में बोले अमित शाह

# पंजाब हिंदुस्तान का दिल, देश चलाना कोई कॉमेडी फिल्म नहीं

एजेंसी

**लुधियाना।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह रविवार को पंजाब में प्रचार के लिए पहुंचे। लुधियाना के ऐतिहासिक दरेसी मैदान में रैली को संबोधित करते हुए अमित शाह ने सीएम चरणजीत चन्नी पर निशाना साधा और भगवंत मान को लेकर भी तंज कसा। शाह ने कहा कि मैं आज पंजाब से कह रहा हूं कि एनडीए को सरकार बनाने का मौका दीजिए, लुधियाने की साईकल को हम दुनिया भर में पहुंचाने का काम करेंगे। एनडीए का घोषणा पत्र पंजाब के सामने हैं। मैं तीन ही मुद्दों पर ज्यादा बात करना चाहता हूं। पंजाब देश का सीमांत राज्य है इसलिए सुरक्षा पर बात करना चाहता हूं, नशे पर बात करना चाहता हूं और किसानों की समस्या में क्रॉप पैटर्न चेंजिंग की बात करना चाहता हूं।

अमित शाह ने कहा कि पंजाब में कोई लचर सरकार पंजाब और देश की सुरक्षा नहीं कर सकती। चरणजीत सिंह चन्नी के नेतृत्व में क्या पंजाब सुरक्षित रह सकता है? केजरीवाल जी का सुरक्षा से कोई लेना-देना नहीं है। इसकी चली तो सारे आतंकवादियों को खुली छूट दे देंगे। चन्नी साहब ख्वाब देख रहे हैं पंजाब में फिर से सरकार बनाने का। जो आदमी देश के प्रधानमंत्री का रूट सुरक्षित नहीं रख सकता, वो पंजाब को सुरक्षित नहीं रख सकता है। 5 साल में पंजाब को बनाएंगे ड्रग्स मुक्त

अमित शाह ने कहा कि पंजाब के हर घर का बेटा सैन्य सेवाओं में है। जवानों की 40 साल से वन रैंक-वन पेंशन की मांग थी। लेकिन कांग्रेस ने इस मुद्दे का समाधान नहीं निकाला। मोदी सरकार ने वन रैंक-वन पेंशन लागू किया। हमारी सरकार बनने पर 5 साल में हम पंजाब को ड्रग्स मुक्त बनाएंगे। मोदी जी के नेतृत्व में हमने ड्रग्स के खिलाफ एक बहुत बड़ा अभियान चलाया है। भारत सरकार ने 2020 और 2021 में इतनी ड्रग्स पकड़ी गई है, जितनी 10 साल में भी नहीं पकड़ी गई। पंजाब में ऐसी सरकार चाहिए जो ड्रग्स को पकड़ने में मोदी सरकार को सहयोग करे।

**अमित शाह ने कहा कि पंजाब में कोई लचर सरकार पंजाब और देश की सुरक्षा नहीं कर सकती। चरणजीत सिंह चन्नी के नेतृत्व में क्या पंजाब सुरक्षित रह सकता है? केजरीवाल जी का सुरक्षा से कोई लेना-देना नहीं है।**

**भाजपा ने हमेशा पंजाब की संस्कृति को सम्मान दिया**

अमित शाह ने कहा कि पंजाब और पंजाब की संस्कृति के साथ जुड़ी हुई महान परंपरा को हमने सम्मान देने का काम किया। मोदी जी ने पूरे देश में गुरु गोविंद जी की जयंती धूम-धाम से मनाकर 300 करोड़ रुपये खर्च करके देश और विदेश में दशम पिता को श्रद्धांजलि देने का काम किया। भाजपा सरकार ने हमेशा पंजाब की संस्कृति को सम्मान दिया है। पीएम नरेन्द्र मोदी जी ने पूरे देश में गुरु गोबिंद सिंह जी की 350वीं जयंती धूमधाम से मनाई। 120 करोड़ रुपये की लागत से करतारपुर साहिब कॉरिडोर का काम पूरा कराके श्रद्धालुओं को वहां जाने की सुविधा दी।

**सिख दंगों का किया जिक्र**

अमित शाह ने कहा कि सिख दंगों के बाद राजीव गांधी जी ने कहा था कि जब बड़ा पेड़ गिरता है तो जमीन हिलती है। वो जमीन नहीं हिला थी, कांग्रेस ने पाप किया था। दिल्ली में सिखों की हत्या की थी। हत्यारों को पकड़ने के लिए भी कांग्रेस ने कुछ नहीं किया। मोदी सरकार ने एसआईटी बनाकर दोषियों को जेल भेजा। पंजाब में धर्म परिवर्तन बहुत बड़ी समस्या है। चन्नी साहब धर्म परिवर्तन को नहीं रोक सकते, केजरीवाल जी की पार्टी का कोई व्यक्ति मुख्यमंत्री बने तो वो भी धर्म परिवर्तन नहीं रुक सकता। भाजपा सरकार आई तो धर्म परिवर्तन कराने वाले पंजाब के बाहर दिखाई देंगे। केजरीवाल जी कह रहे हैं कि हम पंजाब को नशे से मुक्त करेंगे। अरे केजरीवाल जी, पूरी दिल्ली को शराब में डुबाने के बाद आप पंजाब में आकर कहते हैं कि हम नशे से मुक्त करेंगे! क्या ये पंजाब को नशा मुक्त कर सकते हैं?

### ABG Shipyard के 22,842 करोड़ के धोखाधड़ी पर कांग्रेस ने कहा-

# सरकार की नीति हैं बैंक का पैसा लूटो और भागो

एजेंसी

**नई दिल्ली।** एबीजी ग्रुप के दो दर्जनों से ज्यादा बैंकों के साथ घोटाला को लेकर कांग्रेस ने भाजपा सरकार पर निशाना साधा है। कांग्रेस नेता रणदीप सुरजेवाला ने केंद्र सरकार पर आरोप लगाते हुए कहा कि, मोदी सरकार के सात साल में बैंकों के एनपीए में बढ़ोतरी हुई है। उन्होंने आगे कहा कि, केंद्र सरकार की नीति हैं बैंक का पैसा लूटो और भागो। रणदीप सुरजेवाला ने आगे कहा कि, यह अब तक का सबसे बड़ा बैंक घोटाला है, जिसमें एबीजी शिपयार्ड लिमिटेड और उसके पूर्व अध्यक्ष और प्रबंध निदेशक ऋषि कमलेश अग्रवाल के साथ-साथ भारतीय स्टेट बैंक के नेतृत्व वाले बैंकों के एक संघ को 22,842 करोड़ रुपये से अधिक की धोखाधड़ी करने का आरोप है। सुरजेवाला के मुताबिक, जालसाजों को धोखाधड़ी करने की पूरी छूट मिल रही है। उन्होंने ट्वीट करते हुए लिखा है कि, 2,20,00,00,00,842 रुपये सार्वजनिक धन की ठगी हुई है। उन्होंने आरोप लगाया कि मोदी सरकार की निगरानी में हुई 75 साल में भारत की सबसे बड़ी बैंक धोखाधड़ी है। बीते 7 सालो में 5,35,000 रुपये करोड़ की बैंक धोखाधड़ी ने हमारी बैंकिंग प्रणाली को बर्बाद कर दिया है। सीबीआई ने देश के सबसे बड़े बैंक धोखाधड़ी मामले में एबीजी शिपयार्ड लिमिटेड और उसके तत्कालीन अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक ऋषि कमलेश अग्रवाल सहित अन्य के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। अधिकारियों ने शनिवार को कहा कि यह मुकदमा भारतीय स्टेट बैंक की अगुवाई वाले बैंकों के एक संघ से कथित रूप से 22,842 करोड़ रुपये से अधिक की धोखाधड़ी के संबंध में दर्ज किया गया। एजेंसी ने अग्रवाल के अलावा तत्कालीन कार्यकारी निदेशक संथानम मुथास्वामी, निदेशकों - अश्विनी कुमार, सुशील कुमार अग्रवाल और रवि विमल नेवेतिया और एक अन्य कंपनी एबीजी इंटरनेशनल प्राइवेट लिमिटेड के खिलाफ भी कथित रूप से आपराधिक साजिश, धोखाधड़ी, आपराधिक विश्वासघात और आधिकारिक दुरुपयोग जैसे अपराधों के लिए मुकदमा दर्ज किया। उन्होंने बताया कि इन लोगों के खिलाफ भारतीय दंड संहिता और भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के तहत मुकदमा किया गया है। बैंकों के संघ ने सबसे पहले आठ नवंबर 2019 को शिकायत दर्ज कराई थी, जिस पर सीबीआई ने 12 मार्च 2020 को कुछ स्पष्टीकरण मांगा था। बैंकों के संघ ने उस साल अगस्त में एक नई शिकायत दर्ज की और डेढ़ साल से अधिक समय तक जांच करने के बाद सीबीआई ने इस पर कार्रवाई की। अधिकारी ने कहा कि कंपनी को एसबीआई के साथ ही 28 बैंकों और वित्तीय संस्थानों ने 2468.51 करोड़ रुपये के ऋण को मंजूरी दी थी। उन्होंने कहा कि फॉरेंसिक ऑडिट से पता चला है कि वर्ष 2012-17 के बीच आरोपियों ने कथित रूप से मिलीभगत की और अवैध गतिविधियों को अंजाम दिया, जिसमें धन का दुरुपयोग और आपराधिक विश्वासघात शामिल है।

**सुरजेवाला के मुताबिक, जालसाजों को धोखाधड़ी करने की पूरी छूट मिल रही है। उन्होंने ट्वीट करते हुए लिखा है कि, 2,20,00,00,00,842 रुपये सार्वजनिक धन की ठगी हुई है। उन्होंने आरोप लगाया कि मोदी सरकार की निगरानी में हुई 75 साल में भारत की सबसे बड़ी बैंक धोखाधड़ी है।**

# खानपुर रेड लाइट पर दिखी ट्रैफिक पुलिस की लापरवाही, एक्सीडेंट के वक्त मौजूद नहीं थी पुलिस

नमिता/एनसीआर समाचार

खानपुर की रेड लाइट पर ट्रैफिक पुलिस बूथ है और वहां ट्रैफिक पुलिस की ड्यूटी भी है बावजूद इसके आज यानि २ फरवरी २०२२ की दोपहर जब एक बाइक सवार व्यक्ति का बीच चौराहे पर एक कार से एक्सीडेंट हुआ, उस वक्त वहां कोई पुलिस कर्मी मौजूद नहीं था। मीडिया के द्वारा सवाल उठाये जाने पर बड़ी ही आसानी से अपना पल्ला झाड़ते हुए ट्रैफिक पुलिस कर्मी ने कहा कि, वो कहीं और का जाम हटाने के लिए चले गए थे, जहाँ कि एक डीटीसी बस के खराब हो जाने की वजह से बुरी तरह सभी गाड़ियां फंस गयी थी। पुलिस कर्मी के कहने पर जब उस जगह यानि देवली के पीपल चौक पर जाकर आस पास की जांच की गई और कुछ स्थानीय व्यापारियों से पूछताछ की गई, तो पता चला की वहां आज की डेट में कोई बस खराब नहीं हुई। वहां जो भी जाम लगा था वो सिर्फ और सिर्फ मेट्रो लाइन के काम और रेड़ी पटरी के वजह लगा हुआ था।

# 80 फीसदी सपा के तो 20 फीसदी भाजपा के साथ हैं: इमरान मसूद

एजेंसी

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को 80-20 वाले बयान पर सफाई दी। उन्होंने कहा कि विधानसभा चुनाव में भाजपा 300 से अधिक सीटें जीतेगी और चुनाव में 80 बनाम 20 के बीच लड़ाई है। उन्होंने कहा कि 80-20 वाला बयान धर्म-जाति के संदर्भ में नहीं की है। मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि 80 प्रतिशत लोग प्रगति का समर्थन करते हैं जबकि 20 प्रतिशत हर चीज का विरोध करते हैं और नकारात्मक दृष्टिकोण रखते हैं। दरअसल, मुख्यमंत्री योगी ने यह बात समाचार एजेंसी एएनआई को दिए इंटरव्यू में कहीं। जिस पर समाजवादी पार्टी (सपा) नेता इमरान मसूद का बयान भी आया। सपा नेता ने कहा कि उन्होंने (मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ) सही कहा है, उन्होंने सिर्फ एक गलती की है। 80 प्रतिशत लोग हमारे साथ हैं और 20 प्रतिशत उनके साथ (भाजपा)। वहीं उन्होंने मुख्यमंत्री योगी से आजम खान को जेल से बाहर निकालने का अनुरोध किया। उन्होंने कहा कि मैं योगी जी से हाथ जोड़कर ही विनती करूंगा कि आजम साहब को जेल से बाहर निकालो।

### CM योगी के बयान पर प्रियंका का पलटवार

# भाई के लिए अपनी जान दे दूंगीः प्रियंका

एजेंसी

**कोटकपुरा।** कोटकपुरा में प्रियंका गांधी वाड्रा ने उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के भाई-बहन में विवाद वाले बयान पर पलटवार किया है। प्रियंका गांधी ने कहा कि मैं अपने भाई के लिए अपनी जान दे दूंगी और मेरा भाई भी मेरे लिए अपनी जान दे देगा।तो विवाद कौन-सा? योगी जी के मन में विवाद है। लगता है भाजपा में जो विवाद है उसकी वजह से कह रहे हैं। प्रियंका ने कहा कि जो उनके बीच और अमित शाह जी और मोदी जी के बीच में विवाद चल रहा है, उसकी वजह से कह रहे हैं।

**क्या कहा था सीएम योगी ने**

योगी आदित्यनाथ ने ट्वीट भाई-बहन के आपसी विवाद और वर्चस्व के कारण कांग्रेस डूब जाएगी। बता दें कि प्रियंका गांधी पंजाब विधानसभा चुनाव के मद्देनजर पंजाब दौरे पर थीं जहां उन्होंने बीजेपी पर तंज कसते हुए प्रियंका ने कहा कि आप लोग मत भूलिए 2014 में बीजेपी के लोगों ने गुजरात मॉडल कहकर मूर्ख बनाया था।

**अमरिंदर की सरकार भाजपा चला रही थी**

कांग्रेस की वरिष्ठ नेता प्रियंका गांधी ने कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री अमरिंदर सिंह की अगुवाई वाली पंजाब सरकार को इसलिए हटाना पड़ा, क्योंकि उसे दिल्ली से भारतीय जनता पार्टी चला रही थी। उन्होंने आम आदमी पार्टी पर भी हमला करते हुए उस पर दिल्ली में कुछ भी न करने का आरोप लगाया और कहा कि उसकी सरकार ''नाकाम'' रही है। मुख्यमंत्री के तौर पर सिंह के कार्यकाल का जिक्र करते हुए प्रियंका ने उनका नाम लिए बिना कहा, ''यह सच है कि पांच साल तक यहां हमारी सरकार थी, यह भी सच है कि उस सरकार में कुछ खामियां थीं। यह अपने रास्ते से कहीं भटक गयी थी। उस सरकार ने पंजाब से चलना बंद कर दिया था। सरकार दिल्ली से चलायी जा रही थी और वो भी कांग्रेस द्वारा नहीं बल्कि भाजपा और भाजपा नीत सरकार द्वारा।'' उन्होंने कहा, ''यह छिपा गठजोड़ आज सामने आ गया है इसलिए हमें उस सरकार को बदलना पड़ा।'' भाई-बहन के आपसी विवाद और वर्चस्व के कारण कांग्रेस डूब जाएगी।

**प्रियंका ने कहा कि जो उनके बीच और अमित शाह जी और मोदी जी के बीच में विवाद चल रहा है, उसकी वजह से कह रहे हैं। मैं अपने भाई के लिए अपनी जान दे दूंगी और मेरा भाई भी मेरे लिए अपनी जान दे देगा।**

### संक्षिप्त समाचार

## टनल हादसे में 2 मजदूरों की मौत की पुष्टि, 30 घंटे तक चला रेस्क्यू ऑपरेशन

**भोपाल।** मध्य प्रदेश के कटनी में नर्मदा घाटी परियोजना टनल हादसे को लेकर एक बड़ी खबर आई है। टनल के अंदर फंसे 2 मजदूरों की मौत हो गई है। 30 घंटे तक चले रेस्क्यू ऑपरेशन के बाद भी दोनों मजदूरों को नहीं बचाया जा सका। टनल के अंदर फंसे शवों को एनडीआरएफ टीम ने रविवार देर रात रेस्क्यू किए है। वहीं शासन ने दो मृतकों के मजदूरों के परिजनों को 4-4 लाख रुपए और घायलों को 50-50 हजार रुपए देने का एलान किया है। मजदूरों को निकालते समय एनडीआरएफ की बड़ी लापरवाही उजागर हुई है। टनल से मजदूरों को बेरहमी से क्रेन से खिंच कर बाहर निकाला गया है। जिससे दो मजदूरों को गंभीर चोटें आई है। दरअसल सलीमनाबाद एसडीओपी मोनिका तिवारी ने दो मजदूरों की मौत की की पुष्टि करते हुए कहा कि हमें खेद है कि हम दो मजदूरों को बचा नहीं पाए। शासन ने घायलों को 50-50 हजार रुपए की सहायता राशि और दोनों मृत मजदूरों को 4-4 लाख रुपए की राशि प्रदान करने की को कहा है। आपको बता दें कि कटनी जिले के स्लीमनाबाद में शनिवार रात कटनी जिले में नर्मदा घाटी परियोजना के तहत बनाई जा रही अंडरग्राउंड टनल धंस गई थी। इस हादसे में 9 मजदूर टनल के अंदर फंस गए थे। जानकारी मिली है कि इनमें से 7 मजदूरों को बाहर निकाल कर इलाज के अस्पताल में भर्ती किया गया था। वहीं 2 बचे मजदूरों को टनल से बाहर निकालने के लिए 30 घंटे से रेस्क्यू ऑपरेशन चलाया जा रहा था।

### ओवैसी के 'हिजाबी PM' वाले बयान पर बोले योगी

# 'गजवा-ए-हिन्द' का सपना देखने वाले गांठ बांध लें, शरीयत से नहीं संविधान से चलेगा देश

एजेंसी

कर्नाटक में जारी हिजाब विवाद की आग पूरे देश में फैल चुकी है। इस मामले को लेकर जारी सियासी बयानबाजी का दौर भी जारी है। ओवैसी के एक दिन हिजाब पहनकर इस देश की बच्ची देश की प्रधानमंत्री बनेगी वाले बयान पर सीएम योगी ने पलटवार किया है। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने असदुद्दीन ओवैसी के बयान पर पलटवार करते हुए कहा है कि देश शरीयत के हिसाब से नहीं बल्कि संविधान से चलेगा। सीएम योगी ने ट्वीट करते हुए कहा कि 'गजवा-ए-हिन्द' का सपना देखने वाले 'तालिबानी सोच' के 'मजहबी उन्मादी' यह बात गांठ बांध लें... वो रहें या न रहें। भारत शरीयत के हिसाब से नहीं, संविधान के हिसाब से ही चलेगा। एआईएमआईएम नेता असदुद्दीन ओवैसी ने अपने हालिया ट्वीट में लिखा है कि 'इंशा' अल्लाह एक दिन एक हिजाबी प्रधानमंत्री बनेगी। ट्विट किए गए वीडियो में ओवैसी कह रहे हैं, 'हम अपनी बेटियों को 'इंशा' अल्लाह, अगर वो फैसला करती है कि अब्बा-अम्मी मैं हिजाब पहनूंगी। तो अम्मा-अब्बा कहेंगे- बेटा पहन, तुझे कौन रोकता है हम देखेंगे. हिजाब, नकाब पहनेंगे कॉलेज भी जाएंगे, कलेक्टर भी बनेंगे, बिजनेस मैन, एसडीएम भी बनेंगे और एक दिन इस देश एक बच्ची हिजाब पहनकर प्रधानमंत्री बनेगी।

'गजवा-ए-हिन्द' का सपना देखने वाले 'तालिबानी सोच' के 'मजहबी उन्मादी' यह बात गांठ बांध लें...

वो रहें या न रहें

भारत शरीयत के हिसाब से नहीं, संविधान के हिसाब से ही चलेगा।

जय श्री राम!

एनसीआर समाचार, साप्ताहिक समाचार पत्र में विज्ञापन के लिए संपर्क करें।

कार्यालय:
12/276, संगम विहार
नई दिल्ली-62

फोन:
8888883968,
9811111715

एनसीआर समाचार पत्र के
स्वामित्व/ प्रकाशन परिवर्तन के संबंध में

आवश्यक सूचना

एनसीआर समाचार के समस्त पाठकों तथा पत्र के साथ जुड़े समस्त पत्रकारों, व्यावसायिक संयोजक, सरकारी एवं गैर सरकारी संस्थाओं/संस्थानों को यह सूचित किया जाता है कि गत वर्षों से श्री बलबीर सिंह के नेतृत्व व स्वामित्व में चले आ रहे वर्तमान एनसीआर समाचार पत्र का प्रकाशन व स्वामित्व मो. हनीफ, पुत्र श्री इस्माईल खान मास्टरजी, संगम विहार के स्वामित्व व नेतृत्व में हो रहा हैं। अतः भविष्य में समस्त प्रकार की व्यावसायिक, कानूनी एवं सामाजिक गतिविधियों के संचालन हेतु मो. हनीफ/ नये कार्यालय जी 12/276, संगम विहार, नई दिल्ली - 110062, दूरभाष (मोबाईल) 8888883968, 9811111715 से सम्पर्क करें

## संक्षिप्त समाचार

### WhatsApp स्टेटस को लेकर दो समुदायों के बीच झड़प, 6 लोग गिरफ्तार

**नोएडा (उप्र)।** नोएडा थाना सेक्टर 63 क्षेत्र की चोटपुर कॉलोनी में दो समुदायों के बीच मतदान के बाद व्हाट्सऐप स्टेटस को लेकर हुए विवाद के मामले में पुलिस ने छह आरोपियों को गिरफ्तार किया है। अपर पुलिस उपायुक्त (जोन द्वितीय) इला मारन ने बताया कि 10 फरवरी को मतदान के बाद चोटपुर कॉलोनी में रहने वाले वीरेंद्र चौधरी नामक युवक ने भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी के जीतने का स्टेटस लगाया,जिस पर कॉलोनी के ही पाशा नामक युवक ने अपशब्द लिखे। इस बात को लेकर दोनों पक्षों में विवाद हो गया तथा मारपीट हुई। उन्होंने बताया कि शनिवार रात को पाशा ने वीरेंद्र चौधरी पक्ष के लोगों को हिंडन नदी के सजवान नगर के पास बातचीत करने के लिए बुलाया, वहां पर भी दोनों पक्षों में मारपीट हो गई। उन्होंने बताया कि इस घटना को लेकर कुछ लोग सेक्टर 63 पुलिस थाने पहुंचे तथा मामले की शिकायत की। घटना की रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच कर रही थाना सेक्टर 63 पुलिस ने बीती रात अफरोज, सलीम उर्फ पाशा, राजा अहमद, शादाब, अमन तथा शहजाद को गिरफ्तार किया और सभी आरोपियों को अदालत में पेश किया , जहां से उन्हें 14 दिन की न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। उन्होंने बताया कि पुलिस इस मामले में अन्य आरोपियों की तलाश कर रही है।

### भोपाल में छठी कक्षा के छात्र ने फांसी लगाकर आत्महत्या की

**भोपाल|** भोपाल में माता-पिता द्वारा शादी में न ले जाने से व्यथित होकर छठी कक्षा के छात्र ने कथित रूप से अपने घर में फांसी का फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। पुलिस ने इसकी जानकारी दी। गोविन्दपुरा पुलिस थाना प्रभारी अशोक सिंह परिहार ने बताया कि किशन करोसिया के 12 वर्षीय बेटे आर्यन करोसिया ने शनिवार की रात शहर के विजय मार्केट इलाके स्थित अपने घर में पंखे से लटक कर फांसी लगा ली। उन्होंने कहा कि किशन छठी कक्षा का छात्र था और सेंट जेवियर स्कूल में पढ़ता था। परिहार ने बताया कि वह अपने माता-पिता के साथ शनिवार की रात शादी समारोह में जाना चाहता था लेकिन जब उसको उन्होंने साथ ले जाने से मना कर दिया तो उसने रात को फांसी पर लटक कर आत्महत्या कर ली। उन्होंने कहा कि मौके से कोई सुसाइड नोट नहीं मिला है। उन्होंने कहा कि इस संबंध में मामला दर्ज कर लिया गया है और विस्तृत जांच जारी है।

### प्रदेश के ग्रामीण क्षेत्र के करीब 14 हजार तालाबों का मॉडर्न टेक्नोलॉजी से नवीनीकरण किया जाएगा

**चंडीगढ़ ।** उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला ने बताया कि राज्य सरकार द्वारा प्रदेश के ग्रामीण क्षेत्र के करीब 14 हजार तालाबों का मॉडर्न टेक्नोलॉजी से नवीनीकरण किया जाएगा जिसके लिए 600 करोड़ रुपए की धनराशि जारी कर दी गई है। उन्होंने बताया कि प्रथम चरण के तहत लगभग 4500 तालाबों के पानी की सफाई के लिए 'हरियाणा जल संसाधन (संरक्षण, विनियमन और प्रबंधन) प्राधिकरण' को निर्देश दिए गए हैं। उन्होंने बताया कि नई टेक्नोलॉजी से ऐसी व्यवस्था की जाएगी जिससे तालाब का पुराना पानी कृषि क्षेत्र में प्रयोग होता रहे और नहरों से नया पानी तालाब में आता रहे। उन्होंने कहा कि प्रदेश के कई गांवों की गलियां पानी से भरी रहती हैं, इस गंदे की निकासी का कोई स्थायी प्रबंध नहीं है जिसके कारण कई बार लोगों के आपसी झगड़े भी होते हैं। गांव की फिरनी के साथ सडक़ें तो बना दी गई हैं परंतु उन सडक़ों के पास घरों से निकले गंदे पानी का भराव बना रहता है जिसके कारण वे सडक़ें भी जल्दी टूट जाती हैं। उन्होंने अधिकारियों को फिरनी के साथ-साथ पानी की निकासी के पुख्ता प्रबंध करने के निर्देश दिए गए हैं। डिप्टी सीएम ने यह भी बताया कि गांवों के तालाबों का बरसात के दिनों में ओवरफ्लो रोकने तथा हर वर्ष तालाबों की सफाई करने की योजना बनाई जाएगी। ओवरफ्लो के पानी को सिंचाई में प्रयोग किया जा सके।

**PM की सुरक्षा पर नहीं हो राजनीति, केजरीवाल बोले-**

# एक-दूसरे को हराने में लगी है कांग्रेस

एजेंसी

**आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने चरणजीत सिंह चन्नी पर निशाना साधते हुए कहा कि वो सुबह से शाम तक सिर्फ मेरे को गालियां देते हैं और आज-कल तो वो रात में सो भी नहीं पा रहे हैं। उनके सपने में मैं भूत की तरह आता हूं और वो डर कर उठ जाते हैं।**

**चंडीगढ़।** पंजाब में विधानसभा चुनाव को लेकर राजनीतिक घमासान मचा हुआ है। इसी बीच आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने सोमवार को कांग्रेस, भाजपा, शिअद पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि इस बार सभी को एकत्रित होकर इन तमाम पार्टियों को हराना है। वाहे गुरू ने इस बार एक मौका दिया ह। एक ईमानदार पार्टी आई है, जो एक ईमानदार सरकार बनाएगी। सभी के बच्चों का सवाल है। चुनाव के 3-4 दिन रह गए हैं, अब दारू और पैसा बटेगा। इस बार आप फिसल मत जाना। इस बार पंजाब बचाना है। केजरीवाल ने कहा कि 70 साल में भाजपाईयों को भाजपा ने, कांग्रेसियों को कांग्रेस ने, अकालीदल के लोगों को भी उनकी पार्टी ने क्या दिया ? किसी को कुछ नहीं मिला। इसी बीच केजरीवाल ने चरणजीत सिंह चन्नी पर निशाना साधते हुए कहा कि वो सुबह से शाम तक सिर्फ मेरे को गालियां देते हैं और आज-कल तो वो रात में सो भी नहीं पा रहे हैं। उनके सपने में मैं भूत की तरह आता हूं और वो डर कर उठ जाते हैं। जितने भी पंजाब को लूटने वाले लोग हैं उनके सपने में मैं आ रहा हूं। मुझे लगता है कि चन्नी साहब सो नहीं पा रहे हैं तभी वो बेतुके बयान दे रहे हैं। वहीं केजरीवाल ने कहा कि प्रधानमंत्री की सुरक्षा पर राजनीति नहीं होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि पिछले 5 साल में जो घटनाए घटी हैं उससे एक बड़ा प्रश्न उठ रहा है कि क्या कांग्रेस पंजाब के लोगों को सुरक्षा दे सकती है ? एक तरफ आम पंजाबी अपने आप असुरक्षित महसूस कर रहा है।

# भिंड कलेक्टर ने खोया अपना आपा, जनता से कहा - मुझे गोली मारो, वीडियो हुआ वायरल

एजेंसी

**भोपाल।** मध्य प्रदेश के भिंड जिले में सदर बाजार में अस्थाई अतिक्रमण हटाने गए कलेक्टर ने अपना आपा खो दिया। भिंड कलेक्टर बीच चौराहे लोगों से कहने लगे कि मुझे गोली मारो। जिसका वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया है। इस वीडियो को लेकर एमपी कांग्रेस पार्टी ने कहा है सरकारी अधिकारी बीजेपी नेताओं के दबाव के बीच जनता के साथ न्याय नहीं कर पाते। दरअसल रविवार को भिंड कलेक्टर सतीश कुमार सदर बाजार में अस्थाई अतिक्रमण हटाने पहुंचे थे। जिला प्रशासन द्वारा की गई अचानक कार्रवाही का व्यापारी विरोध करने लगे। व्यापारियों ने जिला कलेक्टर से अपने टीनशेड हटाने का वक्त मांगा। लेकिन जिला कलेक्टर ने व्यापारियों की मांग सुनने से इनकार कर दिया। वहीं पर कुछ अन्य लोगों के पक्के अतिक्रमण भी थे, लेकिन जिला प्रशासन ने उन्हें हटाने में दिलचस्पी नहीं दिखाई। जिसके बाद व्यापारी और भी नाराज हो गए और प्रशासन के इस दोहरे रवैए का विरोध करने लगे। जिसके बाद कलेक्टर ने भी अपना आपा खो दिया और मौके पर मौजूद लोगों से कहने लगे, मुझे गोली मारो। बताया जा रहा है कि इस दृश्य के बाद एक व्यक्ति ने जेसीबी पर पत्थर फेंक दिया। जिसके बाद विरोध कर रहे व्यापारियों और प्रशासन के बीच झड़प की स्थिति भी बन गई। प्रशानिक अमले ने व्यापारियों को जबरन बाहर निकालना शुरू किया और दुकान के शटर बंद कर दिए। आपको बता दें कि व्यापारियों का साथ देने के लिए मौके पर पूर्व विधायक राम लखन सिंह कुशवाह भी पहुंचे। लेकिन प्रशासन ने उनकी भी बात मानने से इनकार कर दिया। पूर्व विधायक ने जिला प्रशासन के इस रवैए के विरोध में धरना भी दिया।

# प्रधानमंत्री मोदी ने लोगों से रिकॉर्ड संख्या में मतदान करने का आग्रह किया

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने लोगों से उत्तराखंड, गोवा और उत्तर प्रदेश के कुछ हिस्सों में विधानसभा चुनाव के लिए सोमवार को रिकॉर्ड संख्या में मतदान करने का अनुरोध किया। गोवा और उत्तराखंड की सभी विधानसभा सीटों और उत्तर प्रदेश के 55 निर्वाचन क्षेत्रों में चुनाव के लिए सोमवार को मतदान हो रहा है। उत्तर प्रदेश में यह दूसरे चरण का मतदान है। प्रधानमंत्री ने ट्वीट कर लोगों से रिकॉर्ड संख्या में वोट देने और लोकतंत्र के उत्सव को सुदृढ़ बनाने का आग्रह किया। मतगणना 10 मार्च को होगी।

**जयंत चौधरी ने राहुल गांधी को लेकर हिमंत बिस्वा सरमा के बयान पर जताई नाराजगी**

# भाजपा नेताओं को दातुन से धोना चाहिए मुंह

एजेंसी

**देहरादून।** उत्तराखंड की एक सभा को संबोधित करते हुए सरमा ने कहा कि इन लोगों की मानसिकता देखिए। जनरल बिपिन रावत देश का गौरव थे। भारत ने उनके नेतृत्व में पाकिस्तान में सर्जिकल स्ट्राइक की थी। राहुल गांधी ने सर्जिकल स्ट्राइक का सबूत मांगा। क्या हमने कभी आपसे सबूत मांगा की आप राजीव गांधी के बेटे हैं या नहीं? राष्ट्रीय लोक दल (रालोद) के मुखिया जयंत चौधरी ने रविवार को असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा पर जमकर हमला बोला। राष्ट्रीय लोक दल के मुखिया ने हिमंत बिस्वा सरमा पर कांग्रेस नेता राहुल गांधी के खिलाफ विवादास्पद टिप्पणी को लेकर कहा कि असम के सीएम ने अभद्र भाषा का इस्तेमाल किया और कहा कि भाजपा नेताओं को समय-समय पर दातुन से मुंह धोना चाहिए। जयंत चौधरी ने ट्वीट करते हुए लिखा कि असम के मुख्यमंत्री ने अभद्र भाषा का प्रयोग किया है। समय-समय पर भाजपा नेताओं को दातुन से मुंह तो धो लेना चाहिए। आपको बता दें इससे पहले सरमा ने 2016 और 2019 में क्रमशः भारत की सर्जिकल स्ट्राइक और पाकिस्तान पर किए गए हवाई हमले के सबूत मांगने के लिए कांग्रेसी नेता राहुल गांधी पर हमला बोला था। शर्मा ने पूछा था कि क्या भारतीय जनता पार्टी के नेताओं ने कभी उनसे पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी के बेटे होने का सबूत मांगा। उत्तराखंड की एक सभा को संबोधित करते हुए सरमा ने कहा कि इन लोगों की मानसिकता देखिए। जनरल बिपिन रावत देश का गौरव थे। भारत ने उनके नेतृत्व में पाकिस्तान में सर्जिकल स्ट्राइक की थी। राहुल गांधी ने सर्जिकल स्ट्राइक का सबूत मांगा। क्या हमने कभी आपसे सबूत मांगा की आप राजीव गांधी के बेटे हैं या नहीं? आपको मेरी सेना से सबूत मांगने के क्या अधिकार हैं। असम के मुख्यमंत्री ने जोर देकर कहा कि एक बार सेना द्वारा सर्जिकल स्ट्राइक की बात कह दी गई, इसके बाद इसकी वैधता पर कोई विवाद नहीं है।

# उज्जैन में मिला हजार साल पुराना शिव मंदिर का गर्भगृह, पुरातत्व विभाग की जांच जारी

एजेंसी

**भोपाल।** मध्य प्रदेश के उज्जैन जिले की बड़नगर तहसील में पुरात्तव विभाग को खुदाई में 1 हजार साल पुराने शिव मंदिर के अवशेष मिले हैं। इस खुदाई में मंदिर में स्थापित शिवलिंग बाहर दिखने लगा है। आयुक्त पुरातत्व के निर्देशन में डॉ. वाकणकर पुरातत्व शोध संस्थान भोपाल द्वारा चल रही खुदाई के दौरान ये धरोहर मिली है। वहीं भोपाल की टीम ने यहां सर्वेक्षण किया है। इस सर्वेक्षण के बाद पुरातत्व रिसर्च अधिकारी डॉ. धुर्वेंद्र जोधा के निर्देशन में यहां खुदाई शुरू की गई। इसमें अन्य लोगों की टीम को गर्भगृह मिला है। और साथ ही एक बड़ा शिवलिंग भी मिला है। डॉ. धुर्वेंद्र जोधा ने कहा कि खुदाई के दौरान मिले मंदिर की लंबाई करीब 15 मीटर है। डॉ. जोधा ने कहा कि कलमोड़ा में कोरोना की दूसरी लहर के कारण खुदाई का काम बीच में बंद करना पड़ा था। अब काम शुरू होने के बाद मंदिर गर्भ गृह मिला है। परमार कालीन मंदिर के अवशेष के रूप में जल हरी खंडित अवस्था में अवशेष, कलश, आमलक, अमल सारिका, स्तंभ भाग, लता वल्लभ, कोणक प्राप्त हुए है। खुदाई के दौरान मिले पूर्व मुखी शिव मंदिर में पूरा मंदिर दबा मिला था। आपको बता दें कि इस स्थल पर लगातार पुरातात्विक महत्व के अवशेष मिल रहे हैं। इससे पहले यहां दुर्गा प्रतिमा भी मिल चुकी है। प्रतिमा और अन्य स्थापत्य अवशेष मिलने के बाद संस्कृति विभाग ने यहां चार सस्दयी विशेषज्ञ टीम भेजी थी। जब खुदाई कार्य का निरीक्षण किया तो यह स्पष्ट हो गया था कि परिसर के उत्तर में एक मंदिर नीचे दबा हुआ है। बताया जा रहा है कि मंदिर ग्यारहवीं-बारहवीं शताब्दी का हो सकता है।

# भोपाल के न्यू मार्केट में सब-वे की दुकानों में लगी आग, लगभग 8 दुकानों में हुआ है नुक्सान

एजेंसी

भोपाल। राजधानी भोपाल के न्यू मार्केट में बने सबवे मार्केट में रविवार रात को शार्ट सर्किट से तीन दुकानों में आग लग गई। घटना के समय सबवे पूरी तरह से बंद नहीं हो पाया था। आग लगने की जानकारी फायर बिग्रेड और पुलिस को समय रहते लग गई। आग बुझाने में फायर बिग्रेड के कर्मचारियों को काफी मशक्कत करनी पड़ी। इस हादसे में किसी प्रकार की कोई जनहानि नहीं हुई। वहीं एक दुकानदार ने कहा कि रात करीब सवा दस बजे वह दुकान बंद करके घर के लिए निकले थे। तभी उनके पास दुकान में आग लगने की सूचना मिली। वह वापस आए तो सबवे मार्केट में धुआं - धुआं ही हो रहा था। उनकी दुकान के अलावा टैटू , कास्मेटिक की दुकान में ज्यादा नुकसान हुआ है। जानकारी मिली है कि इस आग की चपेट में करीब करीब आठ दुकानें आई हैं। दरअसल आग लगने की सूचना मिलते ही फायर बिग्रेड की गाड़ियां मौके पर पहुंच गई थी। नगर निगम ने आग पर जल्दी काबू करने के लिए एक फोम की फायर बिग्रेड को भी मौके पर बुलाया था। इससे आग पर घंटेभर में काबू पा लिया गया। आग बुझाने में करीब 13 फायर बिग्रेड की गाड़ियां मौके पर पहुंचीं। इसकी जानकारी मिलते ही भोपाल कलेक्टर अविनाश लवानिया मौके पर पहुंचे। उनके साथ एसडीएम संजीव श्रीवास्तव व प्रशासनिक अमला भी था।

# PSLV-C52 सफलतापूर्वक लॉन्च, दो छोटे उपग्रह भी लेकर गया साथ

एजेंसी

श्रीहरिकोटा (आंध्र प्रदेश)। भारतीय अंतरिक्ष और अनुसंधान संगठन (इसरो) ने सोमवार की तड़के ध्रुवीय उपग्रह प्रक्षेपण यान से पृथ्वी अवलोकन उपग्रह (EOS-04) को सफलतापूर्वक लॉन्च किया। भारत के ध्रुवीय उपग्रह प्रक्षेपण यान-सी52 (पीएसएलवी-सी52) ने तड़के देश के नवीनतम रडार इमेजिंग उपग्रह ईओएस-04 और दो अन्य छोटे उपग्रहों को आंध्र प्रदेश के श्रीहरिकोटा स्थित रॉकेट बंदरगाह से प्रक्षेपित किया। भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) ने 2022 के अपने पहले प्रक्षेपण अभियान के तहत पीएसएलवी-सी 52 के जरिए धरती पर नजर रखने वाले उपग्रह ईओएस-04 और दो छोटे उपग्रहों को सोमवार को सफलतापूर्वक अंतरिक्ष की कक्षा में स्थापित कर दिया। इसरो ने इसे ''अद्भुत उपलब्धि'' बताया है। अंतरिक्ष एजेंसी के प्रक्षेपण यान पीएसएलवी ने अंतरिक्ष के लिए सुबह पांच बजकर 59 मिनट पर उड़ान भरी और तीनों उपग्रहों को अंतरिक्ष की कक्षा में स्थापित कर दिया। इसरो ने ट्वीट किया कि करीब 19 मिनट की उड़ान के बाद प्रक्षेपण यान ने उपग्रहों को निर्धारित कक्षा में स्थापित कर दिया, जिस पर इस साल के पहले अभियान पर करीबी नजर रख रहे वैज्ञानिकों ने खुशी जतायी। उसने बताया कि ईओएस-04 को सुबह छह बजकर 17 मिनट पर सूर्य की तुल्यकालिक ध्रुवीय कक्षा में स्थापित किया गया। ईओएस-04 को स्थापित करने के बाद दो छोटे उपग्रहों इन्सपायर सैट-1 और आईएनएस-2टीडी को भी उनकी निर्धारित कक्षाओं

में स्थापित किया गया।

ISRO का PSLV-C52 भारत के नए 'आई इन द स्काई' उपग्रह के साथ रवाना हुआ

इसरो अध्यक्ष एस सोमनाथ ने सफलतापूर्वक प्रक्षेपण के बाद कहा, ''पीएसएलवी-सी52/ईओएस-04 मिशन सफलतापूर्वक पूरा कर लिया गया है। प्राथमिक उपग्रह ईओएस-04 को पीएसएलवी-सी52 ने बेहद सटीक कक्षा में स्थापित किया और इसके साथ ही गए उपग्रह इन्सपायर सैट-1 और आईएनएस-2टीडी को भी सही कक्षा में स्थापित किया।'' संयोग से आज का प्रक्षेपण सोमनाथ के हाल में अंतरिक्ष विभाग के सचिव और अंतरिक्ष आयोग के अध्यक्ष का कार्यभार संभालने के बाद पहला अभियान भी है। उन्होंने इस मिशन को संभव बनाने के लिए हर किसी का शुक्रिया अदा करते हुए कहा, ''यह अंतरिक्ष यान देश की सेवा करने के वास्ते हमारे लिए बड़ी संपत्तियों में से एक होगा।'' मिशन के निदेशक एसआर बीजू ने कहा, ''आज हमने जो हासिल किया है वह वाकई शानदार है।'' इससे पहले आज के प्रक्षेपण के लिए रविवार को सुबह चार बजकर 29 मिनट पर साढ़े 25 घंटे की उलटी गिनती शुरू हुई थी। ईओएस-04 एक 'रडार इमेजिंग सैटेलाइट' है जिसे कृषि, वानिकी और वृक्षारोपण, मिट्टी की नमी और जल विज्ञान तथा बाढ़ मानचित्रण जैसे अनुप्रयोगों एवं सभी मौसम स्थितियों में उच्च गुणवत्ता वाली तस्वीरें प्रदान करने के लिए डिजाइन किया गया है। इसका वजन 1,710 किलोग्राम हे।

पीएसएलवी अपने साथ में इन्सपायर सैट-1 उपग्रह भी लेकर गया

पीएसएलवी अपने साथ में इन्सपायर सैट-1 उपग्रह भी लेकर गया, जिसे भारतीय अंतरिक्ष विज्ञान और प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईएसटी) ने कोलोराडो विश्वविद्यालय, बोल्डर की वायुमंडलीय और अंतरिक्ष भौतिकी प्रयोगशाला के सहयोग से तैयार किया है जबकि दूसरा उपग्रह आईएनएस-2टीडी एक प्रौद्योगिकी प्रदर्शक उपग्रह है। इन्सपायर सैट-1 उपग्रह का उद्देश्य आयनमंडल के गति विज्ञान और सूर्य की कोरोनल ऊष्मीय प्रक्रियाओं की समझ में सुधार करना है। इसका वजन 8.1 किलोग्राम है। वहीं, 17.5 किलोग्राम वजनी आईएनएस-2टीडी के उपकरण के रूप में एक थर्मल इमेजिंग कैमरा होने से उपग्रह भूमि की सतह के तापमान, आर्द्रभूमि या झीलों के पानी की सतह के तापमान, वनस्पतियों (फसलों और जंगल) और तापीय जड़त्व (दिन और रात) के आकलन में सहायता प्रदान करेगा। यह पीएसएलवी की 54वीं उड़ान है और 6 पीएसओएम-एक्सएल (स्ट्रैप-ऑन मोटर्स) के साथ 'पीएसएलवी-एक्सएल कॉन्फिगरेशन' का उपयोग करते हुए 23वां मिशन है।

### मध्यप्रदेश उच्च न्यायालय में सोमवार से होगी प्रत्यक्ष सुनवाई

जबलपुर (मप्र)| मध्यप्रदेश उच्च न्यायालय जबलपुर और इसकी इंदौर एवं ग्वालियर खंडपीठों में 35 दिनों के बाद सोमवार से मामलों की प्रत्यक्ष सुनवाई शुरू होगी। रजिस्ट्रार ने इस संबंध में आदेश जारी किया है। उल्लेखनीय है कि कोरोना वायरस की महामारी के बढ़ते मामलों के चलते मध्यप्रदेश उच्च न्यायालय एवं इसकी इन दोनों खंडपीठों में 10 जनवरी से प्रत्यक्ष सुनवाई बंद कर दी गई थी और इसकी जगह वीडियो कॉन्फ्रेंस के जरिये मामलों की ऑनलाइन सुनवाई चल रही थी। मध्यप्रदेश उच्च न्यायालय के प्रमुख रजिस्ट्रार (सतर्कता) प्रमोद कुमार अग्रवाल ने इस बारे में 11 फरवरी को आदेश जारी कर दिया है। इसमें कहा गया है कि उच्च न्यायालय जबलपुर और दोनों खंडपीठों में 14 फरवरी से प्रत्यक्ष सुनवाई होगी।

# पंजाब राज्य महिला आयोग की चेयरपर्सन मनीषा गुलाटी बीजेपी में शामिल

एजेंसी

**चंडीगढ़ ।** पंजाब में पिछले अरसे से सुर्खियों में रहने वाली मनीषा गुलाटी एक बार फिर चुनावी माहौल में चर्चा के केन्द्र में आ गई है। गुलाटी इन दिनों पंजाब महिला आयोग की चेयरपर्सन हैं। व कैप्टन अमरेन्द्र सिंह की नजदीकी रही हैं। लेकिन अब उनका कांग्रेस पार्टी से मोह भंग हो गया है। और आज वह जालंधर में प्रधानमंत्री नरेन्दर मोदी की मौजूदगी में भाजपा में शामिल होने जा रही हैं। पंजाब कांग्रेस को यह बड़ा झटका माना जा रहा है। मनीषा गुलाटी पंजाब कांग्रेस का बडा चेहरा माना जाता रहा है। व महिलाओं में खासी लोकप्रिय रही हैं। उन्हें लोग अक्सर सोशल मीडिया पर देखते हैं। लोग इनके

फैसले से खुश होते हैं। मनीषा हर वक्त महिलाओं को उनके हक दिलाने के लिए तत्पर रहती है। मनीषा गुलाटी कांग्रेस राज में उस समय सुर्खियों में आई थी। जब पंजाब में तैनात एक महिला अफसर ने एक केबिनेट मंत्री के खिलाफ मी टू के मामले में कई सनसनीखेज खुलासे किये थे। और उसके बाद गुलाटी ने उस केबिनेट मंत्री के खिलाफ कार्रवाई का भरोसा दिया था। दरअसल, वह केबिनेट मंत्री चरणजीत सिंह चन्नी थे। हालांकि बाद में इस मामले में कोई कार्रवाई नहीं हुई। मनीषा गुलाटी जिन्होंने मात्र 38 साल की उम्र में अपने फैसलों से सबको हैरान कर दिया है। आज के समय में पंजाब की हर पीड़ित महिला उनसे मदद की उम्मीद लगाकर बैठी है। आज मनीषा जिस मुकाम पर पहुंची है। वहां तक पहुंचना उनके लिए इतना आसान नहीं था। वह कहती है कि महिलाओं को अपने हक के लिए पहले स्वयं आगे आना होगा। तभी कोई उसका साथ देगा। मनीषा ने बताया कि उनके लिए भी यहां तक का सफर इतना आसान नहीं था। वह बताती हैं कि उनकी शादी 21 साल की उम्र में ही कर दी गई थी। उनके छह भाई-बहन थे। वह बताती है कि मेरे माता पिता के लिए बहुत जरुरी था कि सबकी शादी जल्दी कर दी जाएं। एक बार लड़के वाले मेरी दीदी को देखने आएं थे, लेकिन उन्होंने मुझे पसंद कर लिया। मैं उस शादी के लिए एक दम भी तैयार नहीं थी। लेकिन मेरे पेरेंट्स यही चाहते थे कि मैं शादी कर लूं। न चाहते हुए भी मैंने शादी की। लेकिन मेरे पति अच्छे थे। आज जो भी हूं उसमें उनका भी हाथ है। मनीषा ने अपने जीवन के संघर्ष के बारे में बताते हुए कहा कि उनकी शादी के कुछ महीने बाद ही उनके पिता की मृत्यु हो गई। अब बाकी बहनों को जिम्मेदारी उनके सर पर आ गई। वह बताती है कि मेरे जब शादी हुई थी तो मैं बहुत मैच्योर नहीं थी। जल्दी ही बच्चा भी हो गया। आज मेरे दो बेटे हैं। ससुराल में कुछ परेशानी तो थी। लेकिन इसे ही जीवन मानते हुए मैंने यह निश्चित कर लिया था कि मैं जो करना चाहती हूं उसे जरुर करुंगी। मैंने शादी के बाद पढ़ाई शुरु की। वह बताती हैं कि हाल ही कुछ महीनों पहले उन्होंने मास्टर्स पूरी की है। और जिस मुकाम पर वह पहुंची है वहां से वह हर किसी के लिए न्याय का सहारा बनाना चाहती हैं। मनीषा गुलाटी सोशल मीडिया पर तब वायरल हुई जब उन्होंने एक नई नवेली दुल्हन को सड़क पर फास्ट फूड की रेहड़ी लगाने के लिए प्रोत्साहित किया था। साथ ही उसे जॉब दिलाने की बात कही थी। इसके बाद तो वह अक्सर किसी न किसी विषय पर सोशल मीडिया पर नजर आती है। हाल के कुछ दिनों में वह लवप्रीत और बेअंत कौर की शादी धोखा और कनाडा वाली बात पर खुलकर बोल रही है। वह हर बात पर बहुत ही कसा हुआ जवाब देने के साथ इस केस के जुड़े बाकी मुद्दों पर भी जोर दे रही है। ताकि किसी तरह की धोखेधाड़ी किसी के साथ न हो।

## संक्षिप्त समाचार

### बरेली मे आत्मनिर्भर भारत बनाने के लिए युवाओं का अभिमुखीकरण कार्यक्रम आयोजित किया गया

**अंसार खान**

नेहरु युवा केन्द्र रायसेन के युवा अधिकारी श्री योगेश कुमार के निर्देशानुसार आज दिनाक 12/02/2022 को सर्वोदय हाई सेकेण्डरी विद्यालय बरेली मे आत्मनिर्भर भारत बनाने के लिए युवाओं का अभिमुखीकरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम मैं सर्वप्रथम माँ सरस्वती जी की पूजा अर्चना की गई। कार्यक्रम मैं शासकीय पालीटेक्निक महाविद्यालय के प्रोफेसर श्री शिवम साहू, श्री हिमांशु राव, श्री राजेश राजपूत, श्री मनीष कुमार धाकड़ (भारत एडुकेशन), सर्वोदय स्कूल के संचालक श्री रुद्रपाल सिंग राजपूत, प्राचार्य श्री राघवेंद्र सिंह राजपूत आदि बक्ताओ द्वारा युवाओं को संबोधित किया गया। कार्यक्रम का संचालन श्री शुभम (एन. एन.एस) द्वारा किया गया कार्यक्रम का संयोजन नेहरु युवा केन्द्र रायसेन के बाड़ी बरेली ब्लॉक के दोनों युवा स्वंय सेवक लोमश त्रिपाठी एवम रितेश कुमार ठाकुर ने कार्यक्रम किया और सभी युवाओं को प्रमाण पत्र वितरित किये गये। इस अवसर पर बड़ी संख्या मैं युवा उपस्थित रहे।

### एक शाम मां जगदंबा के नाम"भजन संध्या

**संजय कुमार**

ग्राम पंचायत वांकलपुरा, महाबार स्थित भुरोणी मेघवालों की ढाणी में बने नव निर्मित जगदंबा माता के मंदिर पर भव्य जागरण का आयोजन 'एक शाम मां जगदंबा के नाम' से आज रविवार की शाम को होगा। कार्यक्रम संयोजक पूर्व उप-प्रधान कुटलाराम महाबार ने बताया कि भजन संध्या में रूमा देवी फाउंडेशन के बाल वीणा भजन गायक कलाकार प्रकाश खट्टू एण्ड पार्टी मुख्य आकर्षण का केंद्र रहेंगे। प्रकाश खट्टू वस्तुत पुरानी मारवाडी वाणीयां ठेठ देशी परम्परागत तरीके से गाते है जो अब धीरे-धीरे लुप्त होती जा रही है। उन्होंने बताया कि भजन संध्या में टाइम्स ऑफ इंडिया लिटरेचर फेस्टिवल में प्रस्तुति दे चुके वाणी गायक केहराराम सणपा, कृष्ण कुमार मंडली मते का तला चौहटन, संत कृपाराम जी, युवा वीणा भजन कलाकार सुरेश जाँणी नांद व सुरेश गोदारा पनावड़ा, आसुराम बोसिया, गणेश कुमार बोसिया, ओमाराम गर्ग आटी, जोराराम परिहार, पारस बिशाला, मुकेश कुमार, शिव कुंभाराम भाडखा, खरथाराम, थानाराम सहित स्थानीय कलाकारों द्वारा वीणा गायन पर जगदंबा माता, गोगाजी,रामदेव जी सहित मीरा, कबीर इत्यादि भजनों की प्रस्तुतियां दी जायेगी। मंदिर कमेटी के सदस्य नारणाराम महाबार ने बताया कि भजन संध्या के बाद सोमवार सुबह मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा और मूर्ति स्थापना का कार्यक्रम आयोजित होगा। उन्होंने बताया कि भजन संध्या के संपूर्ण कार्यक्रम का लाइव टेलिकास्ट भी किया जाएगा।

### जल संचय की दिशा में बांध परियोजना कारगर कदम : मुख्यमंत्री मनोहर लाल

**चंडीगढ़ ।** मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने कहा कि प्रदेश में अरावली व शिवालिक की पहाडिय़ों में छोटे-छोटे झरनों के माध्यम से व्यर्थ बह रहे पानी को बांध बनाकर संरक्षित किया जा रहा है ताकि बरसात के मौसम के बाद इस वर्षा जल का उपयोग पेयजल व सिंचाई के लिए सालभर किया जा सके। हरियाणा सरकार सामाजिक सहभागिता के साथ ऐसे बांध बनाने के लिए योजनाबद्ध तरीके से कार्य कर रही है। मुख्यमंत्री रविवार को आकांक्षी जिला रूपांतरण कार्यक्रम के तहत चयनित नूंह जिला के फिरोजपुर झिरका उपमंडल के गांव पाठखोरी में जल सुरक्षा सुनिश्चितीकरण बांध परियोजना के भूमि पूजन अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में बोल रहे थे। उन्होंने जल संरक्षण की दिशा में बांध बनाकर उठाये जा रहे कदम के लिए तरुण भारत संघ के प्रयास की सराहना की और इस परियोजना के लिए स्वैच्छिक कोष से 50 लाख रूपए देने की घोषणा भी की। उन्होंने कहा कि तालाब, बावड़ी और झीलों के संरक्षण के लिए बारिश के पानी का संचय किया जाना चाहिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि गांव पाठखोरी में जल संसाधन बांध जैसी परियोजना को पूरा करने में जनभागीदारी जरूरी है। यह सांझा काम हैं और इससे सभी को फायदा होगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि इस क्षेत्र में पानी का स्तर बहुत नीचे है और वह भी अब खारा हो गया है, इसलिए सरकार ने इस क्षेत्र में पानी की कमी को दूर करने के लिए इस जिला को 263 करोड़ रूपये की रैनीवेल योजना से जोड़ा है। उन्होंने कहा कि जिस प्रकार शरीर में खून का संचालन होता है, उसी प्रकार धरती मां के लिए पानी की जरूरत है। धरती मां की तड़प को दूर करने के लिए दक्षिणी हरियाणा में पर्याप्त पानी पहुंचाने के लिए सरकार काम रही है। इसी कड़ी में केएमपी एक्सप्रेस-वे के साथ-साथ यमुना नदी से पानी लेते हुए 200 क्यूसेक क्षमता के साथ मेवात कैनाल बनाई जा रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि तरुण भारत संघ की इस परियोजना से जिला के 9 गांवों की पेयजल व सिंचाई की जरूरतें पूरा होंगी। इस बांध के बनने से 224 हेक्टयर मीटर जल का संग्रहण होगा, जोकि एक बड़ा जलाशय बनेगा और इसका सीधा लाभ आमजन को मिलेगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि इस इलाके में पढ़ाई का स्तर बढ़ाने के लिए यहां के बच्चों को शिक्षित करने की दिशा में काम किया जा रहा है। सरकार चाहती है कि यहां के बच्चों को उच्च शिक्षा देकर उनसे यहीं पर अध्यापन कराएं।

# ईएसआईसी के डॉक्टरों के लिए समान वेतनमान नीति अपनाई जाएगी: भूपेंदर यादव

एजेंसी

**चंडीगढ़ ।** केन्द्रीय श्रम एवं रोजगार, वन, पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री भूपेंदर यादव ने आज हरियाणा के मानेसर में कर्मचारी राज्य बीमा निगम (ईएसआईसी) के 500 बिस्तरों वाले अस्पताल की आधारशिला रखी। केन्द्रीय श्रम एवं रोजगार राज्य मंत्री श्री रामेश्वर तेली, हरियाणा के मुख्यमंत्री श्री मनोहर लाल और उपमुख्यमंत्री श्री दुष्यंत चौटाला सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति भी उपस्थित थे। इस अवसर पर भूपेंदर यादव ने कहा कि श्रम एवं रोजगार मंत्रालय प्रधानमंत्री द्वारा प्राथमिकता के आधार पर गरीबों की सेवा करने के दृष्टिकोण का पालन करते हुए ईएसआईसी के अंतर्गत नए औषधालय या अस्पताल स्थापित करने के लिए

दूरी और बीमित व्यक्तियों की संख्या के आधार पर पुनर्विचार करेगा। इसके अलावा, उन्होंने केंद्र और राज्य समर्थित ईएसआईसी अस्पतालों और औषधालयों के डॉक्टरों के लिए समान वेतनमान की नीति अपनाने की भी घोषणा की। ईएसआईसी अस्पतालों में नर्सिंग स्टाफ की जरूरत को ध्यान में रखते हुए श्रम मंत्री महोदय ने मानेसर में नर्सिंग कॉलेज खोलने की घोषणा की। हरियाणा के मुख्यमंत्री ने इस नर्सिंग कॉलेज के लिए 5 एकड़ जमीन उपलब्ध कराने की प्रतिबद्धता के साथ इस घोषणा का स्वागत किया। भूपेंदर यादव ने बताया कि अलवर में ईएसआईसी के अंतर्गत एक और चिकित्सा महाविद्यालय की स्थापना की जाएगी। मंत्री महोदय ने बताया कि ईएसआईसी अस्पताल नौकरी या पेशे से पैदा होने वाली बीमारियों के उपचार के लिए तैयार होंगे। श्रम मंत्री ने कहा कि ईएसआईसी अस्पतालों में 40 वर्ष से अधिक आयु के बीमित व्यक्तियों की चरणबद्ध तरीके से चिकित्सा जांच की जाएगी। श्री यादव ने बताया कि विश्व योग दिवस के उपलक्ष्य में जून माह में देश भर में ईएसआईसी के औषधालय और अस्पताल योग शिविरों का आयोजन करेंगे। श्री यादव ने कहा कि कामगारों के लिए बीमा सुनिश्चित करने के लिए 4 महीने के भीतर 25 करोड़ ई-श्रम कार्ड बनाए गए हैं। उन्होंने बताया कि माननीय प्रधानमंत्री के निर्देश पर प्रवासी और घरेलू कामगारों की स्थिति का आकलन करने के लिए उनका सर्वेक्षण शुरू किया गया है। अस्पताल का निर्माण 8 एकड़ क्षेत्र में 500 करोड़ रुपये की लागत से किया जाएगा।

## निकाय चुनाव से पहले भाजपा को झटका, तीन नेता टीएमसी में शामिल

एजेंसी

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल में गरुलिया नगरपालिका के चुनाव के लिए अपना नामांकन पत्र वापस लेने वाले भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के तीन नेताओं ने रविवार को तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) में वापसी की और भाजपा की कार्यशैली को लेकर असंतोष प्रकट किया। गरुलिया समेत 108 नगरपालिकाओं के लिए 27 फरवरी को चुनाव होना है। तीनों नेताओं पूर्व विधायक सुनील सिंह, उनके बेटे आदित्य और गरुलिया नगरपालिका के पूर्व अध्यक्ष सौरभ सिंह ने शनिवार को अपना नामांकन पत्र वापस ले लिया था। भाजपा के बैरकपुर के सांसद अर्जुन सिंह के रिश्तेदार तीनों नेता पश्चिम बंगाल के मंत्री ज्योतिप्रिय मल्लिक और नैहाटी के विधायक पार्थ भौमिक की मौजूदगी में टीटागढ़ पार्टी कार्यालय में टीएमसी में शामिल हुए। सौरभ सिंह ने संवाददाताओं से कहा, ''भाजपा की उत्तर 24 परगना इकाई के कामकाज के तरीके से हम नाखुश हैं। जिले में जहां पार्टी का सांगठनिक आधार तेजी से सिकुड़ रहा है, वहीं स्वयंभू नेताओं की संख्या में इजाफा हुआ है। हम ऐसी पार्टी में नहीं रहना चाहते।'' सुनील सिंह ने कहा, ''टीएमसी छोड़कर भाजपा में शामिल होना हमारी गलती थी।'' हालांकि, भाजपा नेता अर्जुन सिंह ने इन नेताओं को ''गद्दार'' बताते हुए पार्टी छोड़ने के कदम की निंदा की। अर्जुन ने कहा, ''टीएमसी से लुभावने प्रस्ताव मिलने पर उन्होंने हमारी पार्टी को धोखा दिया। इन सभी ने भाजपा से नगरपालिका चुनाव के लिए टिकट की गुहार लगाई थी... और अब पार्टी की पीठ में छुरा घोंप दिया।'' इस बीच, भाजपा की युवा इकाई के 200 सदस्य पश्चिम मेदिनीपुर जिले के खड़गपुर इलाके में टीएमसी में शामिल हो गए।

## बसपा ने सातवें चरण के 47 उम्मीदवारों की लिस्ट जारी की, देखें पूरी सूची

एजेंसी

**लखनऊ।** बहुजन समाज पार्टी ने रविवार को उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव के सातवें चरण के लिये 47 उम्मीदवारों की ताजा सूची जारी की है। पार्टी ने इसकी जानकारी दी। बसपा मुख्यालय से प्राप्त जानकारी अनुसार रविवार को उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव के सातवें चरण के 47 उम्मीदवारों की सूची जारी की गई। सातवें चरण में उत्तर प्रदेश के नौ जिलों के 54 विधानसभा क्षेत्रों में सात मार्च को मतदान होगा। बसपा द्वारा जारी सूची में आजमगढ़, मऊ, जौनपुर, गाजीपुर, चंदौली, वाराणसी, भदोही, मिर्जापुर और सोनभद्र जिलों के अधिकांश विधानसभा क्षेत्रों के उम्मीदवार घोषित किये गये हैं। बसपा ने उम्मीदवारों के चयन में अगड़ों, पिछड़ों के साथ ही अल्पसंख्यकों का संतुलन बिठाया है।

# कांग्रेस नेता प्रतिपक्ष अपनी कुर्सी बचाने में लगे है तभी अपनी राजनीति चमकाने में लगे है : जम्वाल

एजेंसी

**शिमला ।** भाजपा प्रदेश महामंत्री त्रिलोक जम्वाल ने कहा की कांग्रेस के नेता प्रतिपक्ष मुकेश अग्निहोत्री हिमाचल के लोकप्रिय मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर को लेकर बेबुनियाद बयानबाजी कर रहे है। उन्होंने कहा की मुकेश अग्निहोत्री केवल अपनी राजनीति चमकाने की कोशिश कर रहे है, वर्तमान में कांग्रेस की लड़ाई सड़को तक उतर आई है शायद कांग्रेस नेता को यह लड़ाई नहीं दिखती। उन्होंने कहा की जिस प्रकार से जयराम सरकार ने शराब, खनन व वन माफिया पर नकेल कसी है वह एतिहासिक है, इस प्रकार से आज से पहले कभी नहीं हुआ। लागत है की

नेता प्रतिपक्ष अपनी कुर्सी बचाने में लगे है तभी अपनी राजनीति चमकाने में लगे है। उन्होंने कहा की हिमाचल की जनता जानती है की काम किसने किया है और लोगों को गुमराह किसने किया है। कांग्रेस को पता है की आने वाले विधान सभा चुनावों में वो भाजपा से एक बार फिर हारने वाले है। उन्होंने कहा की हिमाचल में केंद्र सरकार के जल जीवन मिशन के तहत चम्बा जिले में सभी घरों को पेयजल कनेक्शन देने का लक्ष्य हासिल कर लिया है। चंबा ज़िला में 1 लाख 21 हजार 33 घरों को नल के माध्यम से जल पंहुचा दिया गया है। इससे स्पष्ट है की प्रदेश में डबल इंजन सरकार विकास का अदबुध काम कर रही है। उन्होंने कहा की गत चार वर्षों में ऊना जिला चहुंमुखी विकास का गवाह बना है। हमारी सरकार द्वारा ऊना में ₹1600 करोड़ के विकास कार्यों को किया जा रहा है। उन्होंने कहा की हिमाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर के नेतृत्व मे प्रदेश भाजपा सरकार प्रतिमाह 60 यूनिट विद्युत खपत पर प्रदेश के घरेलू उपभोक्ताओं से कोई विद्युत शुल्क नहीं लेगी। साथ ही 125 यूनिट विद्युत खपत वाले घरेलू उपभोक्ताओं से प्रति यूनिट केवल ₹1 रुपया विद्युत शुल्क लिया जाएगा। कांग्रेस नेताओं को जनता के हक के काम देखने चाहिए और फिर टिपणी करनी चाहिए।

# नूंह जिला का सर्वांगीण विकास सरकार की प्राथमिकता: मुख्यमंत्री

एजेंसी

**चंडीगढ़ ।** मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने कहा कि आकांक्षी जिला रूपांतरण कार्यक्रम के तहत सभी मुख्य बिंदुओं पर फोकस करते हुए नूंह जिला का सर्वांगीण विकास करवाया जाएगा और विकास के मामले में नूंह को अग्रणी जिला बनाया जाएगा। राज्य स्तर के साथ-साथ स्थानीय स्तर पर संबंधित विभागों के अधिकारी मुख्य बिंदुओं पर तेजी से कार्य करें ताकि सरकार की जनहितकारी योजनाओं व कार्यक्रमों का जनता को बेहतर ढंग से लाभ मिले। मुख्यमंत्री रविवार को नूंह जिला सचिवालय स्थित सभागार में आकांक्षी जिला रूपांतरण कार्यक्रम के तहत करवाए जा रहे विकास कार्यों की प्रगति की समीक्षा कर रहे थे। मुख्यमंत्री ने कहा कि राष्ट्रीय स्तर पर प्रधानमंत्री स्वयं समय-समय पर इस

कार्यक्रम की प्रगति की समीक्षा करते हैं। प्रधानमंत्री का फोकस है कि जो जिले विकास में पीछे हैं, उन्हें आगे लाया जाए। नीति आयोग द्वारा भी आकांक्षी जिला रूपांतरण कार्यक्रम के तहत नूंह जिला में स्वास्थ्य एवं पोषण, शिक्षा, कृषि, वित्तीय समावेशन, कौशल विकास व बुनियादी ढांचा मजबूत करने की दिशा में हो रही प्रगति की समीक्षा की जाती है। मुख्यमंत्री ने कहा कि नूंह जिला के विकास के लिए बजट की कोई कमी नहीं रहने दी जाएगी। प्रदेश सरकार इस जिला को हर क्षेत्र में आगे बढ़ाने का काम कर रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि नूंह जिले के स्कूलों में गुणात्मक शिक्षा प्रदान करने की दिशा में सरकार सजग है और जिन विद्यालयों में शिक्षकों की कमी है, वहां पर शिक्षकों की व्यवस्था के लिए प्रभावी कदम उठाए जा रहे हैं। शिक्षा के क्षेत्र में नूंह जिला किसी भी रूप से पीछे न रहे, इसके लिए योजनाबद्ध तरीके से सरकार काम कर रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी ने नूंह जिला में संस्थागत डिलीवरी के क्षेत्र में हुई प्रगति व बालिका शिक्षा वाहिनी शुरू करने के प्रयासों की सराहना की है लेकिन नूंह जिला में अभी स्वास्थ्य व बच्चों के पोषण के लिए और काम किए जाने हैं। इसके लिए योजनाबद्ध तरीके से तेजी से कार्य किया जाए। जरूरी बुनियादी ढांचे को मजबूत किया जाए। बच्चों को आंगनवाड़ियों के माध्यम से पोषित किया जाए। उन्होंने कहा कि कृषि, ग्रामीण विकास एवं सिंचाई विभाग के अधिकारियों की संयुक्त टीम नूंह जिले में छोटे-छोटे चैक डेम के लिए संभावनाओं की तलाश की जाए, क्योंकि जो क्षेत्र टयूबवैल या कैनाल से कवर नहीं होता, उसे माइक्रो सिंचाई प्रणाली से जोड़ा जाएगा। इस कार्य में विभिन्न एनजीओ भी सहयोग करने का तैयार हैं।

हरियाणा तालाब और अपशिष्ट जल प्रबंधन प्राधिकरण ने भी यहां के 230 तालाबों को जीणोद्धार के लिए चयनित किया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के तहत भी यहां के किसानों को अधिक से अधिक संख्या में जोड़ा जाए। इसके लिए किसानों को योजना के फायदे बताएं जाएं ताकि किसानों को फसलों के नुकसान का लाभ मिल सके। फसलों का उत्पादन बढ़ाने के लिए किसानों को सेमिनार व गोष्ठियों से शिक्षित किया जाए। मुख्यमंत्री ने कहा कि वितीय समावेशन के तहत मुद्रा ऋण, प्रधानमंत्री जीवन ज्योति योजना, प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना सहित अन्य योजनाओं से जोड़कर नूंह जिला वासियों को इसका लाभ दिया जाएगा। कौशल विकास के लिए विभिन्न योजनाओं के तहत युवाओं को दक्ष बनाया जाएगा। इसके अलावा अन्य बुनियादी ढांचे की मजबूती के लिए भी योजनाबद्ध तरीके से काम किया रहा है। बैठक में वर्चुअल माध्यम से चंडीगढ़ से मुख्य सचिव हरियाणा संजीव कौशल व मुख्यमंत्री के मुख्य प्रधान सचिव डीएस ढेसी, तथा नूंह में मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव वी. उमाशंकर, फरीदाबाद मंडल आयुक्त संजय जून, आईजी रवि किरण, डीसी अजय कुमार, एसपी वरूण सिंगला,, सीएम के राजनीतिक सचिव अजय गौड़, मीडिया कोऑर्डिनेटर मुकेश वशिष्ठ व अन्य विभागाध्यक्ष मौजूद रहे।

संक्षिप्त समाचार

## नाबालिग लड़की के साथ सामुहिक दुष्कर्म

**प्रकाश खिचार**

नागौर के खींवसर थाना क्षेत्र के कांटिया ग्राम पंचायत के एक सुनसान मकान में कुछ युवकों ने एक नाबालिग लड़की का सामुहिक दुष्कर्म करके वही पर बेहोसी की हालात में छोड़ दिया, पुलिस को समय पर सुचना देने के बाद भी उनका वहा वक़्त से नहीं पहुचना एक शर्म की बात है। निजी स्कूल संचालक मानाराम भादु ने युवती को खींवसर अस्पताल निजी वाहन से पहुचाया गया, पिड़ित युवती पडौसी गाँव की बताई जा रही है जिनका जोधपुर अस्पताल में ईलाज चल रहा है। लोगो की अपील है की आरोपियों को कड़ी से कड़ी सज़ा मिले। आपको बता की इस हादसे को हुए 2 दिन बीत चुके है लेकिन अभी तक स्थानीय नेताओं द्वारा पिड़िता के हित में कोई बयान नही आया है ना ही किसी तरह की मोई मदद मिली है।

## मंत्री परमार ने किया तालाब वेस्ट वियर निर्माण का भूमि पूजन

**ब्रज कुमार राठौर**

प्रदेश के स्कूल शिक्षा स्वतंत्र प्रभार एवं सामान्य प्रशासन राज्यमंत्री श्री इंदर सिंह परमार ने आज शुजालपुर क्षेत्र की ग्राम पंचायत लसूडिया हेजम मैं 15वा वित्त जनपद से स्वीकृत तालाब वेस्ट वियर निर्माण कार्य का किया भूमि पूजन, साथ ही ग्राम पंचायत लसूडिया हेजम के नजदीक बगना खेड़ी में निर्मित गौशाला पहुंचकर गाय को माला पहनाकर गौशाला का शुभारंभ किया ग्रामीण जन आदि वहाँ उपस्थित रहे।

## निखिल खरे ने ऑल इंडिया बार एग्जामिनेशन प्रथम प्रयास में पास किया



**अंसार खान**

बरेली नगर के चित्रांश कॉलेज के संचालक, मध्य प्रदेश साहित्य अकादमी संस्कृति विभाग द्वारा संचालित पाठक मंच के केंद्र संयोजक नगर की धार्मिक सामाजिक, साहित्यिक, सांस्कृतिक एवं खेल गतिविधियों में संलग्न रहने वाले क्रिकेट कॉमेंटेटर, मंच संचालक, हंसमुख स्वभाव के व्यक्तित्व निखिल खरे ने ऑल इंडिया बार एग्जामिनेशन प्रथम प्रयास में ही सफलता पूर्वक पास किया। नगर के राष्ट्रपति पुरस्कृत वरिष्ठ साहित्यकार कवि स्वर्गीय श्री प्रभु दयाल करे गज्जे भैया के छोटे सुपुत्र निखिल खरे ने पिपरिया शासकीय कालेज से LLB की परीक्षा भी प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण की है पूरे सेमेस्टर में कक्षा में प्रथम आते रहे ज्ञत हो की एलएलबी करने के बाद ऑल इंडिया बार एग्जामिनेशन पास करना जरूरी होता है तभी स्थाई सनद प्राप्त होती है प्रथम प्रयास में ही निखिल खरे ने यह परीक्षा पास कर ली, इस उपलब्धि पर उनके सभी इष्ट मित्रों ने परिवार ने श्री खरे को बधाई प्रेषित की खरे ने इसका श्रेय माता-पिता, मित्रों और गुरुजनों को दिया।

## रातीबड पुलिस द्वारा 24 घंटे के अंदर फर्जी लूट की घटना का फर्दाफाश

**देवेन्द्र कुमार जैन**




फरियादी कपिल कोरी पिता स्व. वीरेन्द्र कोरी उम्र 35 साल पता, म.न.134 जिंसी चौराहा अफजल कालोनी थाना जहांगीराबाद भोपाल, द्वारा भदभदा पुल ज्युडिशियल अकादमी के पास मेन रोड पर थाना रातीबड के पास तीन लडके काले रंग की बिना नंबर की मो.सा से आकर नगदी 14 हजार रुपये चाकू अडाकर छीनकर ले जाने कि रिपोर्ट पर अपराध क्र. 67/22 धारा 392 भादवि का पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। प्रकरण कि विवेचना में पुलिस अधिकारियों के निर्देशानुसार उक्त अपराध में आरोपीयों की तलाश हेतु पुलिस टीम थाना प्रभारी रातीबड व पुलिस स्टाफ को निर्देशित किया गया। जिसमें थाना रातीबड पुलिस द्वारा लोडिंग ऑटो ड्रायवर ने हेल्पर के साथ मिलकर लूट की घटना की साजिश रचना एवं ड्रायवर कपिल कोरी और हेल्पर निरपत ने पुलिस को पूरी बात बताई जिसमें बाईक सवारों द्वारा 14 हजार की लूट किये जाने कि कहानी फरियादी कपिल द्वारा झूठी रिपोर्ट करना बताया, जिसके उपरांत कपिल कोरी से पूछताछ में उसने बताया कि कर्जा हो जाने के कारण उक्त घटना निरपत अहिरवार ने मिलकर रचकर कपिल ने झूठी रिपोर्ट कि थी। पूछताछ में घटना का रातीबड पुलिस द्वारा अदम्य सूझ-बूझ का परिचय देते हुए लूट की झूठी घटना का 24 घंटे में पर्दाफाश किया गया तथा आरोपी कपिल कोरी को गिरफ्तार किया गया व कपिल कोरी के पास से 14 हजार रुपये जप्त किये गये।

## अरशद जमाल सिद्धकी ने जनता के बिच जाकर वोट मांगे

जिला फर्रुखाबाद के विधानसभा 195 भोजपुर के उम्मीदवार अरशद जमाल सिद्धकी ने जनता से जनसंपर्क कर वोट मांगे और जनता की समस्या सुनी और कहा अगर हमारी सरकार बनती है तो हम विधानसभा 195 भोजपुर में विकास कार्य करवाएंगे भाजपा सरकार सिर्फ 5 महीने ही राशन फ्री देती है अगर हमारी सरकार आने पर अखिलेश यादव जी ने कहा कि हम 5 साल लोगों को राशन 300 यूनिट बिजली किसानों को फ्री देंगे।

# सपा की सरकार बनने पर 22 लाख युवाओं को दी जायेंगी नौकरियां

**सर्जन कश्यप**

फर्रुखाबाद समाजवादी पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष राजपाल कश्यप ने पार्टी कार्यालय पर पत्रकारों से रुबरु होते हुए कहा कि पश्चिमी उत्तर प्रदेश में समाजवादी व गठबंधन की लहर है। पश्चिमी उत्तर प्रदेश के गन्ना वेल्ट में भाजपा को ठंड लग रही थी, अब आलू बेल्ट है, यहां उन्हें आईसीयू में पहुंचा दिया जायेगा और पूर्वांचल में भाजपा वेंटीलेटर पर होगी। पूरे पांच साल में युवाओं को रोजगार नहीं मिला और किसान दिल्ली में धरने पर बैठा रहा।उसकी एक साल तक कुछ नहीं सुनी गई और लखीमपुर में धरने पर बैठे किसानों पर गाड़ी चढ़ा दी गयीं। आज गाड़ी चढ़ाने वाला जमानत पर बाहर है। भाजपा केवल झूठ बोलने का काम करती है। अखिलेश यादव ने श्रमिकों की मदद की और एक-एक लाख रुपया का मुआवजा दिया। सरकार आने पर मृतक किसानों के परिजनों को 25-25 लाख रुपये दिया जायेगा। कोरोना काल में लोगों की मौत हुई और मुख्यमंत्री झूठ बोलते रहे कि कोरोना से कोई मौत नहीं हुई। सपा सरकार बनने पर 22 लाख लोगों को नौकरियां दी जायेंगी। 300 यूनिट बिजली फ्री दी जायेगी। 18 रुपये प्रति वर्ष पेंशन मिलेगी। अखिलेश यादव की छवि खराब करने के लिए भाजपा ने ईडी, सीबीआई, इनकम टैक्स लगा दिया। खेतों में किसान रखवाली कर रहा है। व उसकी फसलें बरबाद हुई। एक रुपये की भाजपा सरकार में मदद नहीं की गई। इस बार बीजेपी का सफाया होने जा रहा है। उत्तर प्रदेश में पूर्ण बहुमत से सपा गठबंधन की सरकार बनेगी। इस बार भितरघातियों को जनता नकार देगी। जिन लोगों ने पार्टी में रहकर भितरघात की है, उन लोगों को बाहर का रास्ता दिखाया जायेगा। उन्होंने कहा कि भाजपा को हटाने के लिए जनता लालायित है। प्रथम चरण के मतदान में ही भाजपा का सफाया हो गया। सपा ने उत्तर प्रदेश में काम करके दिखाया है। उसी दम पर पुनः सरकार बनेगी। इस मौके पर जिलाध्यक्ष नदीम अहमद फारुकी, पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष अरविन्द कश्यप, ओमप्रकाश शर्मा, अनुपम प्रजापति, सुनील यादव, सनी यादव आदि लोग मौजूद रहे।

## नेहरू युवा केन्द्र बाड़मेर द्वारा एक दिवसीय युवाओं का उन्मुखीकरण कार्यक्रम का आयोजन

**संजय कुमार**

युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय भारत सरकार के स्वायत्तशासी संगठन नेहरू युवा केन्द्र बाड़मेर के जिला युवा अधिकारी सचिन पाटोदिया के निर्देशानुसार आत्मनिर्भर भारत अभियान के अंतर्गत युवाओं का उन्मुखीकरण कार्यक्रम का आयोजन शनिवार को धनाऊ पंचायत समिति सभागार में धनाऊ सरपंच गंगाराम मूढ़, पीईईओ निहालचंद गढ़वीर के आतिथ्य में आयोजित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि धनाऊ सरपंच गंगाराम मूढ़ ने युवाओं को संबोधित करते हुए कहा कि देश का भविष्य और उन्नति युवा पीढ़ी पर निर्भर करती है।

देश को सही रास्ते पर चलाने के लिए युवा का सबसे बड़ा योगदान होता है। देश का भविष्य और उन्नति युवा पीढ़ी पर निर्भर करती है। युवा पीढ़ी और देश का भविष्य एक दूसरे पर निर्भर करता है। युवा किसी भी देश की सबसे बहुमूल्य संपत्ति होता हैं। युवा जोश व सकारात्मक ऊर्जा के साथ देश की प्रगति में अपना योगदान दें ताकि देश का विकास उच्च गति से हो सके। युवा आत्मनिर्भर बनकर नए नए व क्रिएटिव आइडियाज अपने जीवन में उपयोग में लें, ताकि उनका जीवन यापन भी सुनिश्चित हो सके। कार्यक्रम में सन्दर्भ व्यक्ति व अध्यक्ष पीईईओ निहालचंद गढ़वीर ने कहा कि आज के इस प्रतिस्पर्धा के युग में सजग व सतर्क रहना बहुत आवश्यक है। साइबर क्राइम बढ़ते जा रहे है।

साइबर क्राइम के माध्यम से युवा ऑनलाइन ठगी व ज्यादती का शिकार हो रहे है। समय रहते युवाओं को संभलना होगा तथा अपना लक्ष्य व जीवन का मूल उद्देश्य सिद्ध करना होगा। सन्दर्भ व्यक्ति व विशिष्ट अतिथि सीएचए जोराराम चौधरी ने कहा कि वर्तमान समय में युवा अपने स्वास्थ्य के प्रति गंभीर लापरवाही बरत रहे है। बुरी आदतों व गलत संगत की वजह से युवा अनेक प्रकार के नशे कर रहे है, जो कि उनके स्वास्थ्य के लिए हानिकारक है।

## भोपाल जिले के किसानों के खाते में फसल बीमा योजना के 152 करोड़ रुपए डाले गए

**एनसीआर समाचार**

फसल बीमा योजना के अंतर्गत भोपाल जिले के 80 हजार किसानों को 152 करोड़ की राशि का मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान और कृषि मंत्री श्री कमल पटेल ने वर्चुअली खाते में राशि को स्थांतरित किया। भोपाल में करोंद मंडी में आयोजित समारोह में चिकित्सा शिक्षा मंत्री श्री विश्वास सारंग ने 5 किसानों को सांकेतिक रूप से फसल बीमा योजना के चेक प्रदान किये। करोंद मंडी में आयोजित फसल बीमा रबी और खरीफ की फसल की बीमा राशि वितरण समारोह में कलेक्टर श्री अविनाश लवानिया, अपर कलेक्टर दिलीप यादव, श्री राजेश सिंह, श्री राज ठाकुर, श्री भगवान सिंह मीणा और अन्य समाजसेवी, किसान उपस्थित रहे। कार्यक्रम में आयोजित मुख्य समारोह का सीधा प्रसारण किया गया जिसमें मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने उद्बोधन दिया। इसी के साथ केंद्रीय मंत्री श्री नरेंद्र सिंह तोमर ने भी सभा को संबोधित किया कृषि मंत्री श्री कमल पटेल ने भी अपनी बात जनता के सामने रखी। सभी कार्यक्रम का सीधा प्रसारण बड़ी स्क्रीन पर किया गया जिसको बड़ी संख्या में उपस्थित किसान भाईयों ने सुना। इस अवसर पर उप संचालक, कृषि श्रीमति सुमन प्रसाद ने बताया कि इस कार्यक्रम में जिले के अन्य भागों से भी किसानों को बसों के द्वारा लाए गया था।

# निपानी में आग का प्रकोप, 1 करोड़ का नुकसान

**ताजुद्दीन अत्तरवाले**

निपानी में सबसे व्यस्त बस स्टैंड के पास ओल्ड पीबी रोड पर प्रसिद्ध पद्मा गद्दे कारखाने में शॉर्ट-सर्किट के कारण आग लग गई। घटना शनिवार 12 बजे दोपहर 2 बजे की है। आग में एक करोड़ रुपये से अधिक का सामान जल कर राख हो गया। सौभाग्य से, दुर्घटना में कोई हताहत नहीं हुआ मौके से मिली जानकारी के अनुसार बस स्टैंड के पास ओल्ड पीबी रोड के पास क्षेत्र में सदाशिव दत्तात्रेय पाटिल की सुपर सिद्ध पद्मा गद्दे की फैक्ट्री व दुकान है। पर 10 तारीख को दोपहर 2 बजे जब दुकान के कर्मचारी लंच ब्रेक पर थे, तभी अचानक उन्हें फैक्ट्री के पिछले हिस्से में शॉर्ट सर्किट हुआ और काफी मात्रा में धुंआ निकल रहा था। उत्तम पाटिल और क्षेत्र के नागरिक, युवक सक्रिय हो गए और आग बुझाने के साथ-साथ दुकान से सामग्री निकालने की कोशिश करने लगे लेकिन शुरुआत में आग की तीव्रता कम थी। इसी बीच बड़ी मात्रा में कपास, तैयार गधों और लकड़ी का सामान, फर्नीचर आदि आग के अंदर जड़ जमाने लगे, जिसने आंधी का रूप ले लिया। आग उस जगह पर शॉर्ट सर्किट से शुरू हुई जहां सिस्टम स्थित है। जिस स्थान पर आग लगी, वहां मशीनरी समेत सारा सामान आग की चपेट में आ गया। आग ने क्षेत्र के एक बड़े एम्बर पेड़ को भी अपनी चपेट में ले लिया। निपानी केंद्र के दो फायर बम तुरंत मौके पर भेजे गए लेकिन जैसे ही आग तेज हुई, अग्निशमन व्यवस्था अपर्याप्त होने के कारण दमकल की गाड़ियां चिकोडी और संकेश्वर भी पहुंच गईं। करीब दो घंटे की मशक्कत के बाद 30 से अधिक दमकलकर्मियों ने आग पर काबू पाया।ओल्ड पीबी रोड से दो अग्निशामक और दो कारखाने के पीछे बाबा के पार्किंग स्थल पर लगाए जा रहे थे। सखरवाड़ी यूथ सर्कल, डी. संभाजी चौक युवक मंडल के कई कार्यकर्ताओं के साथ नागरिकों ने आग बुझाने और दुकान की सामग्री को सुरक्षित निकालने में दमकल की मदद की। प्रारंभिक अनुमानों में लगभग (1 करोड़) रुपये का नुकसान हुआ है, और महादेव जनरल स्टोर्स में कांच के बने पदार्थ और छतों का भी नुकसान हुआ है। पद्म गद्दी के बगल में वैष्णव स्वीट मार्ट, शंकर बेकरी आदि दुकानें हैं। इस घटना की खबर सुनते ही मेयर जयवंत भटले, संतोष सांगवकर सद्दाम नागरजी, ताजुद्दीन अत्तरवाले, संजय सांगवकर, शिरीष कामटे, पुलिस भाकपा संगमेश शिवयोगी उपनिरीक्षक कृष्णवाणी आनंद कुर्कट्टी के साथ मौके पर पहुंची और राहत कार्य किया। तहसीलदार डॉ. फायर ब्रिगेड के आयुक्त मोहन बासमे प्रभाचे शशिधर नीलगरे ने घटनास्थल का दौरा किया और शहर थाने में घटना दर्ज की, युवक की वीरता की घटना का पता लगते ही क्षेत्र के कई कार्यकर्ताओं ने साहित्य के लिए अपनी जान जोखिम में डाल दी।

## महबूब अली ने अपनी जान की परवाह ना करते हुए लड़की की जान बचाई

**देवेन्द्र कुमार जैन**

अपनी जान की बाज़ी लगाकर ट्रैन के नीचे आई युवती की जान बचाकर बेहद साहसी व सराहनीय कार्य करने वाले श्री मेहबूब भाई का डी.सी.पी जोन 1 श्री साई कृष्णा द्वारा उनके कार्यालय में पुष्प गुच्छ भेंटकर सम्मानित किया गया एवं उनके द्वारा किये साहसी कार्य के लिए भोपाल पुलिस की ओर से धन्यवाद ज्ञापित किया गया। महबूब नमाज पढ़कर लौट रहे थे। सामने एक रेलवे ट्रैक था। वे गुजर रहे थे कि अचानक उन्हें चीख सुनाई देती है। जिस मालगाड़ी पर चढ़कर वे ट्रैक पार कर रहे थे। उसी के नीचे एक लड़की फंस गई थी। गाड़ी चल चुकी थी। तभी महबूब अली फुर्ती के साथ गाड़ी के नीचे कूद गए, लड़की का सिर पकड़ कर जमीन से चिपट कर लेटे रहे और गाड़ी के 27 डिब्बे उनके ऊपर गुजर गए। लड़की की जान बच गई। यह घटना भोपाल के बरखेड़ी फाटक की है। दरअसल, मालगाड़ी खड़ी हो गई थी। महबूब अपने दोस्त के साथ गाड़ी पर चढ़कर उस पार निकल गए। कुछ और लोग उसके नीचे से पटरी पार कर रहे थे। तभी एक नाबालिग लड़की का पैर फंस गया। इसी दौरान गाड़ी चल पड़ी और लड़की गाड़ी के नीचे ही फंस गई। पेशे से कारपेंटर महबूब ने लड़की को बचाने के लिए एक सेकेंड गंवाए बिना अपनी जान की बाजी लगा दी।

किसी ने इसका वीडियो बना लिया जो अब वायरल हो रहा है। महबूब ने बताया कि वह फर्नीचर बनाने का काम करते हैं। 5 फरवरी को सोनिया कॉलोनी से नमाज पढ़कर आ रहे थे। हादसे के बाद लड़की अपने परिजनों के साथ चली गई। एक स्वयंसेवी संस्था ने महबूब अली को उपहार स्वरूप मोबाइल फोन दिया है क्योंकि उनके पास फोन नहीं था।

## भोपाल में ट्रेडमैन चालक व नव आरक्षकों का ट्रेड सम्बंधी बुनियादी प्रशिक्षण हुआ सम्पन्न

**एनसीआर समाचार**

पुलिस मुख्यालय के आदेशानुसार दिनाँक 20.10.21 से रक्षित केंद्र नेहरू नगर में ट्रेडमैन चालक व अन्य नव आरक्षकों का भोपाल जोन का ट्रेड सम्बंधी बुनियादी प्रशिक्षण आयोजित किया गया। इस प्रशिक्षण में ट्रेडमैन नव आरक्षकों ने 90 दिवस तक कठिन परिश्रम एवं लगन से बुनियादी प्रशिक्षण प्राप्त किया। प्रशिक्षण उपरांत पुलिस उपायुक्त मुख्यालय श्री विनीत कपूर के मार्गदर्शन में आज दिनाँक 12.02.22 को उपरोक्त नव आरक्षकों का ट्रेड सम्बंधी बाह्य एवं व्यवहारिक परीक्षा का आयोजन किया गया। इसके उपरांत इकाइयों को नवीन ट्रेडमैन आरक्षक प्राप्त होंगे। इस अवसर पर ASP, PTS भौरी श्री डेनियल जोसेफ, ACP लाइन श्री विक्रम सिंह रघुवंशी, DSP, PTS भौरी श्री अविनाश शर्मा एवं आरआई श्री दीपक पाटिल मौजूद रहे।

## सागर फ्लायर एवं टाईटन क्लब के बीच होगा मुकाबला

**मुकेश हरयाणी**

पंडित दीनदयाल उपाध्याय की पुण्यतिथि शुक्रवार को फुटबॉल टूर्नामेंट का आयोजन कर मनाई गई। जिसमें मुख्य अतिथि पूर्व उपाध्यक्ष कंटेनमेंट बोर्ड पूनम वीरेन्द्र पटेल, व लवप्रीत मनीगुरोन थी। मैच की शुरुआत पूनम पटेल एवं अतिथि के द्वारा फुटबॉल में किक मारकर की गई। उद्घाटन मैंच न्यू स्टार क्लब व मून स्टार क्लब के बीच हुआ। जिसमें न्यू स्टार क्लब ने 1-0 से जीत हासिल की। पहले हाफ के 30वें मिनिट में न्यू स्टार के खिलाड़ी नानू ने गोल कर 1-0 की बढ़त दिलाई। इस दौरान, हरिओम केशरवानी, अरविन्द तोमर, अनुराग प्यासी टूनामेंट के अध्यक्ष पंकज मुखारया, खेल मैदान प्रभारी नासिर मकरानी थे। आज के मैच के मुख्य निर्णायक एम.एल यादव, हेमंत गंगापारी, राजेश यादव एवं कयूम खान थे। शनिवार को दोपहर 3.30 बजे से सागर फ्लायर एवं टाईटन क्लब के मध्य खेला मैच खेला जाएगा।

# क्यों मनाते है रेडियो दिवस और क्या है इसका इतिहास?

**अंशुप्रिया**

हर साल 13 फरवरी को विश्व रेडियो दिवस मनाया जाता है। रेडियो के महत्व को रेखांकित करने के उद्देश्य से हर साल 13 फरवरी को विश्व रेडियो दिवस मनाया जाता है। इंटरनेट और संचार के अन्य माध्यमों तक आसानी से जाने के साथ तकनीकी रूप से उन्नत दुनिया के इस युग में, रेडियो की शिष्ट भूमिका को आसानी से नजर अंदाज नहीं किया जा सकता है। अभी भी बहुत से लोग हैं जो न केवल रेडियो पर भरोसा करते हैं बल्कि समाचारों के उपभोग और मनोरंजन के लिए भी उस पर भरोसा करते है। आज तक, कम से कम भारत में, जनता तक पहुँचने के लिए रेडियो एक प्रमुख मंच बनने में कामयाब रहा है।

World Radio Day 2022:

आइये जानते है इसके बारे मेंः संयुक्त राष्ट्र शैक्षिक, वैज्ञानिक और सांस्कृतिक संगठन (यूनेस्को) के सदस्य राज्यों ने पहली बार 2011 में इस दिन की घोषणा की थी। हालाँकि, बाद में इसे 2012 में संयुक्त राष्ट्र महासभा द्वारा अंतर्राष्ट्रीय दिवस के रूप में अपनाया गया था। तब से 13 फरवरी को विश्व रेडियो दिवस के रूप में मनाया जाने लगा।

विश्व रेडियो दिवस 2022 का विषय ₹रेडियो और विश्वास₹ है। विश्व रेडियो दिवस 2022 के अवसर पर, यूनेस्को ने दुनिया भर के रेडियो स्टेशनों को इस कार्यक्रम के 11वें संस्करण के साथ-साथ रेडियो की एक सदी से भी अधिक की स्मृति में आमंत्रित किया है। विश्व रेडियो दिवस 2022 के तीन मुख्य उप-विषय हैं।

1. रेडियो पत्रकारिता में विश्वासः पत्रकारिता को सही, अच्छी तरह से शोधित और सत्यापित जानकारी देने के बारे में होना चाहिए। रेडियो पत्रकारिता उद्योग में शामिल लोगों को उच्च गुणवत्ता वाली सामग्री का उत्पादन करने में सक्षम होना चाहिए।

2. विश्वास और पहुंचः इस उप-विषय का उद्देश्य समाज के विभिन्न वर्गों के लिए सूचना या समाचार की पहुंच की आवश्यकता को ध्यान में रखना है। प्रत्येक व्यक्ति (विकलांग लोगों सहित) को रेडियो का उपयोग करने में सक्षम होना चाहिए।

3. रेडियो स्टेशनों का विश्वास और व्यवहार्यताः रेडियो स्टेशनों को प्रतिस्पर्धा सुनिश्चित करनी चाहिए और व्यापक दर्शकों को शामिल करने में सक्षम होना चाहिए।

दशकों के बाद भी, रेडियो सबसे पुराने, सबसे लोकप्रिय और सबसे व्यापक रूप से उपभोग किए जाने वाले समाचार माध्यमों में से एक बना हुआ है। यह प्राकृतिक आपदाओं के समय सूचना देने में भी अहम भूमिका निभाता है। इस दिन को शुरू करने के पीछे मुख्य उद्देश्य विभिन्न पृष्ठभूमि, संस्कृतियों और अनुभवों के लोगों को अपनी चिंताओं को उठाने और अपनी राय व्यक्त करने की अनुमति देना था।

संक्षिप्त समाचार

## धारणिया की आजीविका मिशन की पीड़ित महिलाओ ने दी CM विंडो पर शिकायत

**सुशील कुमार**

फतेहाबाद गांव धारणिया की महिला गुडी देवी ने गांव की ही महिला सुनीता और लक्ष्मी के खिलाफ दुर्व्यवहार, गालीग्लौच, लडाई, झगड़ा और हिसाब, किताब से संबंधित गड़बडी की शिकायत सीएम विंडो पर लगाकर निष्पक्ष जांच और न्याय की गुहार लगाई है। महिला गुड्डी देवी, माना देवी और राजबाला का आरोप है की उक्त आरोपी महिलाओ ने दुर्व्यवहार, गालीगलौज किया और हिसाब, किताब में भी गड़बडी हुई है। जो हमे नही बताई जा रही है। समूह से संबंधित महिलाओ को लेनदेन समझाने की बजाय आरोपी महिलाए खुद के स्तर पर ही लेनदेन कर रही है। और हमे पैसे के लेनदेन की सूचना नही दी जाती।

## भामाशाह कृष्ण शर्मा ने गरीब बेटियों की शादी में किया सहयोग

**दीपक कौशिक**

कोटपूतली निकटवर्ती गांव बखराना के प्रसिद्ध समाजसेवी कृष्ण शर्मा के द्वारा लगातार समाज सेवा का कार्य जारी है। शर्मा समाज सेवा में महिला सेवा, बुजुर्ग सेवा, गरीब परिवार सेवा, शिक्षा के क्षेत्र में सेवा इत्यादि करते रहते है। एवं बेटी बचाओ ,बेटी पढ़ाओ अभियान के तहत भी अपनी पूर्ण भूमिका निभाते है। दो गरीब बेटियों की शादी में 11000 की राशि एवं उसके साथ अन्य रसोई का सामान उपलब्ध करवाया है। जो परिवार आर्थिक रूप से कमजोर है, उनकी बच्चियों की शादी का पूरा खर्च उठाने के लिए कृष्ण शर्मा हमेशा तत्पर रहते है। समाजसेवा के क्षेत्र में कोटपूतली एवं आसपास क्षेत्र में हमेशा गरीबों की मदद करते रहते है। इनके अभियान से जुड़े हैं। सामाजिक कार्यकर्ता रवि कुमार शर्मा ने बताया कि भामाशाह कृष्ण शर्मा बखराना गांव के निवासी है, हाल निवास दिल्ली कोटपुतली के आसपास ऐसी कोई आवश्यकता होती है, तो कृष्ण शर्मा को सूचना करने पर वह मदद के लिए हमेशा तैयार रहते है।

## नगर पालिका मंडल के साधारण सभा में वार्षिक बजट बैठक आयोजित की गई

**प्रमोद कुमार बंसल**

कोटपूतली नगर पालिका मंडल के साधारण सभा में शुक्रवार को नगर पालिका सभागार में नगर पालिका अध्यक्ष पुष्पा सैनी की अध्यक्षता में वार्षिक बजट बैठक आयोजित की गई। बैठक में उपाध्यक्ष अशोक शरण अधिशासी अधिकारी फतेह सिंह मीणा एईएन दीपक मीणा, अनिल जोनवाल, पार्षद प्रमोद सैनी, पार्षद मीनू बंसल, पार्षद मनोज गौड़, मनोनीत पार्षद, ताराचंद आर्य, पार्षद विष्णु भाटी, पार्षद राकेश सैनी, पार्षद आनंद सैनी, पार्षद रैनू अग्रवाल, पार्षद शिम्भू दयाल, पार्षद नारसिंह पायला, आदि मौजूद थे। नगर पालिका मंडल की बैठक में वित्तीय वर्ष 2022-23 का बजट रखा गया सभी की सहमति से आगामी वित्तीय वर्ष के लिए 87 करोड़ 20 लाख रुपयों का बजट प्रस्तावित किया गया जिसमें सड़क व नालियों हेतु स्ट्रीट लाइट हेतु सिविल लाइन हेतु सफाई कार्य हेतु नगर पालिका संसाधन उपकरण हेतु बजट प्रस्तावित किया गया जो कि सभी अधिकारी वह पार्षद की मौजूदगी में किया गया और सभी पार्षदों ने अपने अपने वार्ड की समस्या भी बताई एवं समस्याओं के निवारण हेतु मांग की जिससे कि वार्ड वासियों को सभी सुविधाएं प्राप्त हो सके नगर पालिका अध्यक्ष ने सभी पार्षदों के वार्ड की समस्याओं को शीघ्र समाधान करने हेतु आस्वस्त किया गया।

## व्यापारी संग लूट के मामले का मुख्य आरोपी अवैध हथियार सहित गिरफ्तार, आरोपी के खिलाफ 3 जिलों में 12 से अधिक मामले

**दीपक कौशिक**

पुलिस ने कस्बे में लगभग 4 माह पूर्व एक व्यापारी के साथ फायरिंग कर लूट की वारदात का पर्दाफाश करते हुए मुख्य आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी के कब्जे से अवैध हथियार भी बरामद किया गया है। एस.एच.ओ. सवाई सिंह ने बताया कि 9 अक्टूबर 2021 की देर रात्रि को कस्बे के अग्रसेन कॉलोनी निवासी बृजलाल गुप्ता अपने मुनीम बाबूलाल पुत्र बनवारी लाल सैनी के साथ दुकान बंद कर जा रहे थे। तभी रास्ते में एक बाइक पर सवार होकर पहुंचे तीन नकाबपोश बदमाश फायरिंग कर पीड़ित से नगदी से भरा बैग लूट कर फरार हो गए थे। बैग में करीब ₹25000 की नगदी दुकान के दस्तावेज व चाबी थी। मामले को लेकर जयपुर ग्रामीण एसपी मनीष अग्रवाल के निर्देश पर एएसपी विधा प्रकाश, डीएसपी संध्या यादव के सुपर विजन, एसएचओ सवाईसिंह के नेतृत्व में पुलिस टीम का गठन किया गया। एसआई जयप्रकाश की अगुवाई में हेड कांस्टेबल जयराम, कांस्टेबल मुकेश, विजयपाल व लोकेश की टीम ने मुख्य आरोपी मुगलपुर, हरसोरा (अलवर) निवासी महेश(26) पुत्र हुकम चंद गुर्जर को गिरफ्तार किया है। आरोपी के कब्जे से अवैध देसी कट्टा भी बरामद किया है। आरोपी महेश गुर्जर के खिलाफ अलवर के थाना हरसोरा, किशनगढ़बास, अलवर कोतवाली, नीमराणा, बानसूर, जयपुर ग्रामीण के कोटपूतली, सीकर के पाटन में मारपीट, चोरी, लूट, अवैध हथियार, एससी एसटी एक्ट के 12 से अधिक मामले दर्ज है।

# अटल प्रगति पथ खोलेगा प्रगति के नए द्वार: चौहान

देवेन्द्र कुमार जैन

मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने आज केन्द्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री श्री नरेन्द्र सिंह तोमर एवं किसान प्रतिनिधियों से वीडियो कांफ्रेंसिंग में अटल प्रगति-मार्ग के संबंध में उनके आवास से चर्चा की। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि अटल प्रगति पथ चंबल क्षेत्र में प्रगति के नए द्वार खुलेंगे। यहां नए उद्योग पनपेंगे। औद्योगिक क्लस्टर विकसित करने से जमीन की कीमतें बढ़ेंगी।

मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि अटल प्रगति-मार्ग के लिए केन्द्र सरकार द्वारा स्वीकृति प्रदान कर दी गयी है। यह मध्य प्रदेश के लिए सौभाग्य की बात है। यह मध्य प्रदेश के चंबल क्षेत्र की आर्थिक प्रगति के लिए प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी द्वारा उठाया गया एक महत्वपूर्ण कदम है। केंद्रीय मंत्री श्री गडकरी ने अटल प्रगति-मार्ग को भारत माला परियोजना से जोड़ा है। इस प्रोग्रेस-वे के बनने से बड़ी संख्या में युवाओं के साथ-साथ पूरे चंबली को भी रोजगार मिलेगा क्षेत्र में आर्थिक गतिविधियों का विकास होगा। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि अटल प्रगति मार्ग के निर्माण से मध्य प्रदेश, राजस्थान और उत्तर प्रदेश बेहतर तरीके से जुड़ेंगे। किसान वर्ग और अन्य सभी वर्गों को भी प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रूप से लाभ होगा। यह आने वाली पीढ़ियों के लिए भविष्य को संवारने की भी एक परियोजना है।

मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि अटल प्रगति पथ की कुल लंबाई 404 किलोमीटर होगी। भूमि अधिग्रहण के संबंध में ही किसानों के हित में आवश्यक प्रावधान किया जा रहा है। जिन किसानों को जमीन या जमीन के बदले पैसा चाहिए उन्हें इसका लाभ दिया जाएगा। राज्य सरकार की ओर से (एन.एच.ए.आई) को 1600 हेक्टेयर सरकारी जमीन दी जा चुकी है। सरकार शेष 1460 हेक्टेयर निजी भूमि के लिए दोगुनी भूमि देने का प्रस्ताव कर रही है। इससे अधिकांश किसान सहमत है। बाजार मूल्य से दोगुना नकद मुआवजा देकर बनाया जाएगा अटल प्रगति पथ 8000 करोड़ रुपये की कुल परियोजना से सभी वर्गों को लाभ होगा। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने किसानों से भूमि अधिग्रहण कार्यों में आवश्यक सहयोग देने का आग्रह किया। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने संबंधित कलेक्टरों से भी अपेक्षा की कि वे समय से सर्वेक्षण कार्य करायें और पारदर्शी तरीके से लोगों को मुआवजा दिलाने की कार्रवाई करें। केंद्रीय मंत्री श्री नरेन्द्र सिंह तोमर ने कहा कि केंद्र सरकार द्वारा अटल प्रगति पथ की स्वीकृति से चंबल क्षेत्र में व्यापक परिवर्तन होगा। राज्य के बड़े क्षेत्र को लाभ होगा।

मुख्यमंत्री श्री चौहान समय-समय पर परियोजना कार्यों का जायजा भी ले रहे है। आने वाले समय में किसानों के साथ-साथ अन्य वर्गों को भी इस परियोजना का लाभ मिलेगा। अटल प्रगति पथ के लिए 404 कि.मी के एलाइनमेंट को विस्तृत सर्वेक्षण और डी.पी.आर तैयार करने के बाद, भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण की सक्षम समिति द्वारा अनुमोदित किया गया है। राष्ट्रीय राजमार्गों की अधिसूचना के बाद भूमि अधिग्रहण के लिए विभिन्न गतिविधियां संचालित की जा रही है। निजी जमीन के अधिग्रहण के लिए करीब 335 करोड़ रुपये का मुआवजा दिए जाने का अनुमान है।

अटल प्रगति पथ राजस्थान, मध्य प्रदेश, उत्तर प्रदेश को जोड़ेगा। यह परियोजना दिल्ली, वडोदरा एक्सप्रेसवे और आगरा, कानपुर हाईवे को पूर्व और पूर्व-पश्चिम कॉरिडोर को पश्चिम से भी जोड़ेगी। अटल प्रगति पथ 313 कि.मी की लंबाई में श्योपुर, मुरैना और भिंड जिलों से होकर गुजरेगा। भारत माला परियोजना में इसे शामिल करने की प्रक्रिया भी पूरी कर ली गई है।

उद्योग विभाग ने आने वाले वर्षों के लिए कार्ययोजना भी तैयार की है। तद्नुसार जिला भिंड में लॉजिस्टिक्स हब, मुरैना जिले के चमड़ा एवं गैर चमड़ा, तकनीकी वस्त्र, लॉजिस्टिक्स, खाद्य प्रसंस्करण एवं बहु उत्पाद औद्योगिक क्षेत्र, श्योपुर जिला में कृषि आधारित गतिविधियां प्रारंभ करने के प्रयास किये जायेंगे। चंबल क्षेत्र के मौजूदा औद्योगिक क्षेत्रों के विस्तार के लिए भिंड, मुरैना और ग्वालियर जिलों में स्थित औद्योगिक क्षेत्रों के आसपास के गांवों में भी-भूमि चिह्नित की जा रही है।

प्रमुख सचिव लोक निर्माण श्री नीरज मंडलोई, प्रमुख सचिव जनसम्पर्क श्री राघवेन्द्र कुमार सिंह, सचिव मुख्यमंत्री श्री सेलवेन्द्रम, आयुक्त ग्वालियर सहित ग्वालियर, मुरैना, भिंड और श्योपुर जिला कलेक्टर उपस्थित थे।

## बेबी इन आर्म्स' के साथ आईपीएल नीलामी देखने को उत्साहित हैं प्रीति जिंटा

एनसीआर समाचार



बॉलीवुड अभिनेत्री प्रीति जिंटा, जो IPL टीम किंग्स इलेवन पंजाब की सह-मालिक भी हैं, इस साल नीलामी से बाहर होंगी। पिछले साल सरोगेसी के जरिए अपने पति जीन गुडइनफ के साथ जुड़वां बच्चों का स्वागत करने वाली अभिनेत्री ने पहले खुलासा किया था कि वह नीलामी के लिए भारत नहीं जाएंगी। हालांकि, नीलामी शुरू होने से कुछ घंटे पहले, कोई मिल गया की अभिनेत्री ने सोशल मीडिया का सहारा लिया और अपनी उत्तेजना को व्यक्त किया। प्रीति जिंटा ने एक मनमोहक तस्वीर साझा की जिसमें वह अपने नवजात शिशु को गोद में लिए हुए देखी जा सकती है। तस्वीर को साझा करते हुए, अभिनेत्री ने मजाक में कहा कि वह नीलामी पैडल के बजाय अपने बच्चे को बाहों में कैसे पकड़ेगी और किंग्स इलेवन पंजाब को शुभकामनाएं भेजीं। आज रात टाटा IPL नीलामी देखने के लिए पूरी तरह तैयार है। लाल नीलामी पैडल के बजाय मेरी बाहों में एक प्यारा गर्म बच्चा होना आश्चर्यजनक लगता है एक गंभीर नोट पर मेरा दिल दौड़ रहा है और मैं हमारे नए पीबीकेएस दस्ते की प्रतीक्षा नहीं कर सकता।

## कार्यकर्ताओं ने पं दीनदयाल उपाध्याय की पुण्यतिथि पर किया याद

मुकेश हरयानी

जनसंघ के संस्थापक एकात्म मानव दर्शन के प्रेरणा स्रोत पंडित दीनदयाल उपाध्याय की 11 फरवरी पुण्यतिथि के अवसर पर सागर विधानसभा के भाजपा कार्यकर्ताओं ने धर्मश्री स्थित पार्टी कार्यालय में उन्हें स्मरण कर उन्हें पुष्पांजलि अर्पित की। भाजपा ने जनसंघ के संस्थापक पंडित दीनदयाल उपाध्याय की पुण्यतिथि को समर्पण दिवस के रूप में मनाया।

इस अवसर पर सागर विधायक श्री शैलेंद्र जैन ने भाजपा कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय द्वारा दिए गए एकात्म मानव दर्शन की धारणा को पूर्ण करते हुए आज देश, प्रदेश, जिला एवं बूथ स्तर पर पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी का दर्शन फलीभूत हो रहा है। उन्होंने कहा कि आज देश के यशस्वी प्रधानमंत्री माननीय नरेंद्र मोदी जी, प्रदेश के यशस्वी मुख्यमंत्री माननीय शिवराज सिंह चौहान द्वारा जन कल्याण के लिए चलाई जा रही योजनाओ से लोग लाभान्वित हो रहे हैं जिससे निश्चित रूप से एकात्म मानव दर्शन का प्रकाश चारों ओर फैल रहा है। समर्पण दिवस के अवसर पर सागर विधायक शैलेंद्र जैन ने पार्टी कार्यालय में एक पुस्तकालय खुलवाने की स्वयं की ओर से घोषणा की एवं सागर विधायक शैलेंद्र जैन ने 1 माह के वेतन को समर्पण निधि के रूप में देने की घोषणा की। इस अवसर पर पार्टी के जिला अध्यक्ष श्री गौरव सिरोठिया ने समर्पण निधि के संबंध में भाजपा कार्यकर्ताओं को बिंदुवार जानकारी देते हुए कहा कि पार्टी कार्यकर्ताओं को बूथ स्तर पर शत-प्रतिशत परिणाम लाना होंगे तब जाकर भारतीय जनता पार्टी की मेहनत सार्थक होगी। उन्होंने समर्पण निधि के संबंध में बूथ स्तर पर भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं से पार्टी द्वारा निकाले गए कूपन के माध्यम से संग्रह करने का आग्रह किया।

बैठक का संचालन विक्रम सोनी एवं आभार रितेश मिश्रा ने व्यक्त किया। इस अवसर पर प्रमुख रूप से भाजपा के समर्पण निधि के जिले के प्रभारी डॉ. वीरेन्द्र पाठक, वृंदावन अहिरवार, जगन्नाथ गुरैया, प्रदीप राजोरिया, बालकिशन सोनी, यश अग्रवाल, संध्या भार्गव, विक्रम सोनी, रितेश मिश्रा, नरेश यादव, अर्पित पांडे, अंकित विश्वकर्मा, गोपी पंथी, अंशुल हर्षे सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ताओं ने जनसंघ के संस्थापक पंडित दीनदयाल उपाध्याय की पुण्यतिथि पर उन्हें स्मरण कर पुष्पांजलि अर्पित कर समर्पण दिवस के रूप में मनाया।

## आईआईएसआर के निर्देशक अश्वनी दत्त ने रूपम को किया सम्मानित

सुशिल कुमार

इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ शुगरकेन रिसर्च विभाग लखनऊ उ.प्र द्वारा विगत पूर्व 24 जनवरी 2022 को राष्ट्रीय बालिका दिवस के अवसर पर आयोजित वर्चुअल वेबिनार में आमंत्रित मुख्य अतिथि वक्ता रूपम अग्रवाल जी, को विभागीय निदेशक 'डॉ अश्वनी दत्त पाठक जी, एवं चीफ रिसर्च ऑफिसर, अनीता सावनानी जी, ने संस्था अध्यक्ष को सराहना संग सम्मान पत्र प्रदान किया। आदरणीय के सानिध्य में झाँसी महानगर सहित सम्पूर्ण भारतीय राष्ट्र के अलग-अलग प्रांत राज्यो के शहरों में स्थित अनुशासित व प्रतिष्ठित विद्यालयो में मासूम बच्चियों की सुरक्षा व नारी अस्मिता व अस्तित्व के प्रति किसी भी प्रकार की हिंसा, अपराध रोकथाम, एवं अपराधी को सख्त सजा प्रावधान जन जागृति के नियमित प्रयासो से अपराध मुक्त भारतीय राष्ट्र की संकल्पना को साकार किये जाने के लिए संकल्पित श्रीमती रूपम अग्रवाल जी के कार्यो की सराहना व्यक्त की। सराहना क्रम में विगत कई वर्षो से सामाजिक संस्था नव-प्रभात झाँसी की महानगर महिला प्रकोष्ठ कृति के तत्वाधान में मासूम बेटियो की सर्वोपरि सुरक्षा के लिए महिला हेल्प लाइन समूह मुख्य संस्थापक अध्यक्षा रूपम अग्रवाल जी के कुशल नेतृत्व व मार्गदर्शन में झाँसी / आगरा सहित सम्पूर्ण भारतीय राष्ट्र के अनुशासित एवं प्रतिष्ठित विद्यालयों / महाविद्यालयों / विश्वविद्यालयों में नियमित संचालित आत्मरक्षा प्रशिक्षण शिविर अंतर्गत गुड टच बेड टच कार्यक्रम में स्कूली बच्चियों को प्रभावशाली रूप से स्वयं की सुरक्षा के लिए जनजागृति प्रदान करने पर इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ शुगरकेन रिसर्च।

### बेरोजगार युवाओं को न्याय के लिए SC मोर्चा अध्यक्ष, OBC मोर्चा अध्यक्ष और भी अन्य लोग मौजूद हुए

**प्रमोद कुमार बंसल**

हमारे सांसद कर्नल राज्यवर्धन सिंह राठौड़ हमेशा राजस्थान के युवाओं की आवाज उठाते आये है। उनके आह्वान पर CBI जांच के लिए मुख्यमंत्री के नाम Post Card लिखे गए ताकि राजस्थान के बेरोजगार युवाओं को न्याय दिलाया जा सके। नगर मंडल अध्यक्ष गोपाल मोरीजावाला के नेतृत्व में कार्यक्रम हुआ जिसमें प्रदेश मंत्री SC मोर्चा सूबे सिंह मोरोड़या, जिला उपाध्यक्ष कर्मवीर बोकन, भाजपा नेता शंकर लाल कसाना, उत्तर मंडल अध्यक्ष रमेश रावत, महामंत्री जितेंद्र शेखावत व बालकृष्ण सैनी, उपाध्यक्ष शशि मित्तल, SC मोर्चा अध्यक्ष विजय आर्य, OBC मोर्चा अध्यक्ष नरेश मेहरा, रविन्द्र बाघोतिया, सचिन वाल्मीकि, दयाराम यादव आदि अनेक भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## भारत में बढ़ी इलेक्ट्रिक वाहनों की डिमांड

**नमिता**

भारत में इलेक्ट्रिक वाहनों की डिमांड दिन प्रतिदिन बढ़ती जा रही है। भारत के लगभग हर राज्य में ज्यादातर लोग पारंपरिक फ्यूल के जगह इलेक्ट्रिक व्हीकल्स का चयन कर रहे हैं। भारी उद्योग राज्य मंत्री कृष्ण पाल गुर्जर ने राज्यसभा में कहा कि, देश भर में इस समय कुल 966,363 इलेक्ट्रिक वाहन सड़कों पर हैं। विद्युत वाहनों की इस दौड़ में दिल्ली, मुंबई को पीछे छोड़ते हुए उत्तर प्रदेश ने बाजी मार ली है। इस मामले में कृष्ण पाल गुर्जर ने बताया कि, इन सभी विद्युत वाहनों में से अकेला एक उत्तर प्रदेश राज्य है जिसमें तकरीबन 276,217 वाहन सड़कों पर हैं। आधिकारियों द्वारा दिए बयान से जानकारी मिली है कि उत्तर प्रदेश में सड़कों पर चलने वाले ज्यादातर वाहन इलेक्ट्रिक वाहन हैं। इसके बाद अगर राष्ट्रीय राजधानी की बात करें तो दिल्ली में सड़क पर 132,302 इलेक्ट्रिक वाहन सड़कों पर दौड़ रहे हैं। वहीं सबसे ज्यादा EV वाले राज्यों की सूचि में असम, बिहार, तमिलनाडु, महाराष्ट्र और कर्नाटक जैसे राज्य भी शामिल हैं। कृष्ण पाल गुर्जर ने राज्यसभा में दिए अपने लिखित उत्तर में ये भी बताया कि, इस देश में हाइब्रिड और इलेक्ट्रिक वाहनों की ओर लोगों का आकर्षण बढ़ाने के लिए, भारत सरकार ने पूरे देश में हाइब्रिड और विद्युत वाहनों को तेजी से अपनाने और एक बेहतर निर्माण के लिए फेम इंडिया स्कीम को वर्ष 2015 में लॉन्च किया था।

## अकालिया और तमकोट में 'आप' प्रत्याशी को कई जगहों पर तौला गया

तलविंदर सिद्धू

विधानसभा क्षेत्र मानसा से आम आदमी पार्टी के प्रत्याशी डॉ. विजय सिंगला का चुनाव प्रचार जोर पकड़ रहा है। शहर के अलावा गांवों में लोग खुद लड्डू और फलों से उनका वजन कर रहे हैं। शुक्रवार को गांव अकालिया व तमकोट में 10 स्थानों पर डॉ. विजय सिंगला का लड्डू व फलों से तौल किया गया। लोगों ने उनका साथ देने का वादा भी किया। इस मौके पर आप प्रत्याशी डॉ. विजय सिंगला ने कहा कि सियासी घमासान बदलते ही पंजाब में तरक्की के रास्ते खुलेंगे। आम आदमी पार्टी की सरकार आम आदमी की बात करेगी। जो पंजाब के इतिहास में कभी नहीं हुआ। यह आप सरकार करेगी। युवाओं को रोजगार उपलब्ध कराने के साथ ही लोगों को सस्ता और गुणवत्तापूर्ण इलाज मुहैया कराने को प्राथमिकता दी जाएगी और स्कूलों को प्रथम श्रेणी बनाकर पंजाब को शिक्षा के क्षेत्र में अग्रणी राज्य बनाया जाएगा। उन्होंने कहा कि लोगों को आम आदमी पार्टी को हमेशा के लिए मौका देना होगा। वह लोगों से किए गए अपने सभी वादों को पूरा करने के लिए निश्चित हैं। इसके बाद वार्ड नंबर 10, खालसा टेलर वाली गली, शक्ति भवन, लाभ सिंह वाली गली और अन्य जगहों पर शहर को लड्डूओं से तौला गया। लोगों ने लड्डू बांटकर जश्न मनाया। इस अवसर पर नगर अध्यक्ष कमल गोयल, अमृत धीमान, जिलाध्यक्ष चरणजीत सिंह अकनवाली, वीना अग्रवाल, परमजीत कौर आदि मौजूद थे।

# टाटा सन्स ने चंद्रेशखरन को एग्जेक्यूटिव चेयरमैन बनाया, 5 साल के लिए और बढ़ी जिम्मेदारी

एनसीआर समाचार

टाटा ग्रुप, की होल्डिंग कंपनी टाटा सन्स ने आज 11 फरवरी को एक बार फिर नटराजन चंद्रेशखरन को एग्जेक्यूटिव चेयरमैन बनाया है उन्हें दूसरी बार पांच साल के लिए यह पदभार सौंपा गया।

उनका कार्यकाल और 5 साल के लिए बढ़ा दिया गया है। टाटा संस टाटा समूह की मूल कंपनी है। इसकी कार्यकारी समिति में नामक्कल जिले के मोहनूर से एन.शामिल है। चंद्र सहगरन को एक सदस्य के रूप में चित्रित किया गया था। उनके कुशल प्रदर्शन के कारण उन्हें जनवरी 2017 में टाटा संस का प्रबंध निर्देशक नियुक्त किया गया था। ऐसे में चंद्रशेखरन की जिम्मेदारी और 5 साल के लिए बढ़ा दी गई है। टाटा संस के प्रबंध निर्देशक चंद्रशेखरन को कार्यकारी समिति के सदस्यों द्वारा उनके कुशल प्रदर्शन के लिए सराहना की गई है। चंद्रशेखरन को सर्वसम्मति से अगले 5 वर्षों के लिए टाटा संस के अध्यक्ष के रूप में फिर से चुना गया है। टाटा चेयरमैन 'रतन टाटा' चयन बैठक में विशेष आमंत्रित सदस्य के तौर पर मौजूद थे। रतन टाटा ने चंद्रशेखरन के नेतृत्व में टाटा समूह के उत्कृष्ट प्रदर्शन पर संतोष व्यक्त किया। 'रतन टाटा' ने 'चंद्र सहगरन' के कार्यकाल को और 5 साल के लिए बढ़ाने का सुझाव दिया। आपको बता दे की मई 2018 में, टाटा समूह ने फूड एंड रिटेल सेगमेंट में भारत के सबसे बड़े (ई-कॉमर्स) प्लेयर (Big Basket) में बहुमत हिस्सेदारी हासिल करके भारतीय रिटेल सेगमेंट में प्रवेश किया। इस अधिग्रहण ने टाटा समूह के लिए एक डिजिटल इकोसिस्टम बनाने के अपने दृष्टिकोण में एक आकर्षक अवसर प्रस्तुत किया।

### 'श्री श्री 1008 महाविष्णु यज्ञ' का शुभारंभ

**शिवेश श्रीवास्तव**

बिहार में भागलपुर जिले के चायंचक ममलखा गांव में 'श्री श्री 1008 महाविष्णु यज्ञ' का शुभारंभ हुआ, जिसमें कलश शोभायात्रा निकाली गयी। यज्ञचार्य जी के द्वारा विधि विधान पूर्वक मंत्रोच्चारण के साथ पूजन संपन्न हुआ। इस शोभा यात्रा में सभी भक्तों ने जमकर भाग लिया। यह यज्ञ 16-02-2022 को संपन्न होगा। यज्ञ पूजन में उपस्थित ममलखा पंचायत के मुखिया अभिषेक अर्णव जी, शिवेश श्रीवास्तव जी (SSB डिजिटल सेवा), गोविंद जी अंग्रेज जी एवं ममलखा पंचायत के सभी ग्रामवासी।बिहार में भागलपुर जिले के चायंचक ममलखा गांव में 'श्री श्री 1008 महाविष्णु यज्ञ' का शुभारंभ हुआ, जिसमें कलश शोभायात्रा निकाली गयी।

# गोवा का विकास करना चाहते है अरविंद केजरीवाल

एनसीआर समाचार

अरविंद केजरीवाल- आप अगर गोवा में एक ईमानदार सरकार और विकास चाहते हैं, तो आम आदमी पार्टी को वोट करें।

'आप' संयोजक एवं दिल्ली के सी.एम अरविंद केजरीवाल ने आज गोवा के निवासियों से अपील करते हुए कहा कि आप अगर एक ईमानदार सरकार व विकास चाहते हैं और भाजपा को हराना चाहते हैं, तो सभी लोग एकजुट होकर आम आदमी पार्टी को वोट करें और अपना वोट बंटने न दें। कांग्रेस, एमजीपी और जीएसपी को वोट देने से कोई फायदा नहीं है। चुनाव जीतने के बाद ये लोग भाजपा में चले जाते है। 'आप' संयोजक अरविंद केजरीवाल ने कहा कि गोवा में टूटी सड़कों, बिजली-पानी की समस्या, बेरोजगारी और बदहाल स्वास्थ्य व शिक्षा सेवाओं के लिए भाजपा और कांग्रेस जिम्मेदार हैं। इन्हें पांच साल और दे देंगे, तो भी कुछ नहीं बदलेगा और ये लोग केवल गोवा को लूटेंगे। आम आदमी पार्टी ने दिल्ली में अच्छा काम करके दिखाया है। आज दिल्ली के लोग कांग्रेस और भाजपा को नकारते हुए बार-बार 'आप' को चुन रहे हैं। एक मौका हमें देकर देखिए, हम दिल्ली की तरह गोवा में भी अच्छा काम करेंगे और आप भाजपा और कांग्रेस को भूल जाएंगे।

अरविंद केजरीवाल- गोवा सरकार केवल वीआईपी लोगों के लिए काम करती है, लेकिन हमारे लिए गोवा के लोग ही वी.आई.पी है।

आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक एवं दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने आज गोवा में एक महत्वपूर्ण प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए कहा कि जब प्रधानमंत्री जी गोवा आए, तो उनके लिए 24 घंटे में हैलीपैड बन गया। यह अच्छी बात है, बनना चाहिए। हम इसके विरोध में नहीं हैं, लेकिन वहीं बगल में जनता का एक बस स्टैंड है, जो पिछले 20 सालों में भी नहीं बन पाया। मै गोवा के लोगों को यह विश्वास दिलाना चाहता

हूं कि अगर सरकारी की नीयत अच्छी हो, तो काम तो हो सकता है। लोग मुझसे पूछते हैं कि कैसे काम होगा काम तो मौजूदा गोवा सरकार भी कर सकती है, लेकिन गोवा सरकार की प्राथमिकता यह है कि वो वी.आई.पी लोगों के लिए केवल काम करती है। हम आज गोवा के लोगों को यह यकीन दिलाना चाहते हैं कि हमारे लिए गोवा के लोग वी.आई.पी हैं। जितनी गति से प्रधानमंत्री जी का हैलीपैड बना, उतनी गति से आपकी सड़कें भी बनेंगी, आपका बस स्टैंड भी बनेगा और उतनी की गति से रविंद्रो भवन भी बनेगा। सारे काम होंगे।

अरविंद केजरीवाल- यह कोई मामूली चुनाव नहीं, यह चुनाव गोवा का वर्तमान और भविष्य बदल सकता है।

'आप' संयोजक अरविंद केजरीवाल ने गोवा के लोगों से अपील करते हुए कहा कि चुनाव के अब केवल दो दिन रह गए हैं। दो दिन बाद चुनाव है। मैं समझता हूं कि यह चुनाव कोई मामूली चुनाव नहीं है। यह चुनाव गोवा का भविष्य बदल सकता है, वर्तमान बदल सकता है। गोवा के लोगों से अपील है कि आपने 27 साल कांग्रेस को दिए और 15 भाजपा को दिए। इन पार्टियों ने मिलकर गोवा के लिए कुछ नहीं किया। उल्टा इन दोनों पार्टियों ने मिलकर गोवा को लूटने में कोई कसर नहीं छोड़ी। इन्होंने आपका कोई काम नहीं किया। आज गोवा में सड़कें टूटी हुई हैं, गोवा में पानी की समस्या है, बिजली की समस्या है, बच्चे बेरोजगार हैं, स्वास्थ्य व शिक्षा की सेवाएं ध्वस्त हो गई हैं। आज गोवा की जो हालत है, इसके लिए यह पार्टियां जिम्मेदार हैं। इन पार्टियों को अगर आप और पांच साल दे देंगे, तो यह ऐसे ही चलता रहेगा। गोवा में कुछ सुधरने वाला नहीं है। ये अगले पांच साल भी कुछ नहीं करने वाले हैं। ये केवल गोवा को लूटेंगे और लूटने के लिए ही आ रहे हैं।

अरविंद केजरीवाल- कांग्रेस-भाजपा को फिर वोट देंगे, तो ये लोग गोवा पर 24 हजार करोड़ के बजाय 50 हजार करोड़ रुपए का कर्ज चढ़ा देंगे।

'आप' संयोजक अरविंद केजरीवाल ने कहा कि आम आदमी पार्टी एक नई पार्टी है। जिसने दिल्ली में बहुत अच्छा काम करके दिखाया है। दिल्ली के लोग बहुत खुश हैं। दिल्ली के लोग बार-बार आम आदमी पार्टी को चुन रहे हैं। दिल्ली के लोगों ने भाजपा और कांग्रेस को बिल्कुल नकार दिया है, उठाकर फेंक दिया है। गोवा के लोगों से अपील है कि इन दोनों पार्टियों को वोट देने से तो कोई फायदा नहीं है। इनके फिर आने से गोवा वैसे ही चलेगा। एक मौका आम आदमी पार्टी को देकर देखिए, अगर हम अच्छा काम न करें, तो पांच साल बाद हमें उठा कर फेंक दीजिएगा। लेकिन मैं आपको विश्वास दिलाता हूं कि जैसे दिल्ली के लोगों ने भाजपा और कांग्रेस को खत्म कर दिया, वैसे ही हम गोवा भी में अच्छा काम करेंगे कि पांच साल बाद आप इन दोनों पार्टियों को भूल जाएंगे। इन लोगों ने पिछले कई सालों में मिलकर गोवा के उपर 24 हजार करोड़ रुपए का कर्ज चढ़ा दिया है। अगर आप इन लोगों को दोबारा वोट देंगे, तो ये अगले पांच साल के अंदर 24 हजार का कर्ज चढ़ा देंगे और उसके बाद एक लाख करोड़ रुपए का कर्ज चढ़ा देंगे।

## संक्षिप्त समाचार

### जनहित ट्रस्ट के चेयरमैन रमेश शाक्य ने लोगों को दी कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी

गत दिवस सिरसा जिला के रानियां और रानियां क्षेत्र के विभिन्न गांव में जनहित ट्रस्ट की कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी के लिए बैठके आयोजित की गई जिसकी अध्यक्षता ट्रस्ट के सचिव महिंद्र वर्तिया, फौजी सिंह और डॉक्टर दलबीर सिंह ने की। बैठक में महिलाओं ने बढ़चढ़ कर भाग लिया और ट्रस्ट में आस्था जताते हुए ट्रस्ट से जुड़ने का काम किया। जनहित ट्रस्ट के चेयरमैन रमेश शाक्य और वाइस चेयरमैन डॉक्टर सुनील भारद्वाज ने ट्रस्ट के बारे में गहनता से जानकारी दी, सुनील भारद्वाज ने बताया कि जनहित ट्रस्ट का मुख्य उद्देश्य समाज सेवा करना है। उन्होंने कहा कि जनहित ट्रस्ट गरीब परिवार की बेटी की शादी में कन्यादान में मदद करती है, बच्चों को कॉपी, किताबें, वर्दी, जूते आदि देती है, महिलाओं को सिलाई मशीनें देती है, नि:शुल्क स्वास्थ्य चेकअप कैंपों का आयोजन करती है और दवाइयां नि:शुल्क देती है और लोन प्रोवाइड करवाती है। अंत में रमेश शाक्य ने सभी से अपील करते हुए कहा कि जनहित ट्रस्ट भलाई के साथ साथ स्वरोजगार भी देती है इसलिए अधिक से अधिक लोग ट्रस्ट से जुड़ने का काम करें अपने आस पास गरीब परिवारों को ट्रस्ट से जोड़े, ताकि सभी का भला हो सके। इस मौके पर बहुत संख्या में महिलाएं/पुरुष मौजूद रहे।

### बॉर्डर इलाकों की सड़कें खस्ताहाल

संजय कुमार

सीमावर्ती इलाकों में जर्जर हो रही हैं सड़के। कलरों का तला से लेकर नवातला तक बनी सड़क को जर्जर सड़क कहा जाता है। विकास की शुरुआत सड़को के निर्माण से होती हैं। सड़कें गांवो से लेकर शहर तक विकास की बागडोर सँभालती हैं। धनाऊ तहसील मुख्यालय के सीमावर्ती क्षेत्रों में सड़कों का ढांचागत विकास कई वर्षों से कम होता जा रहा है। बॉर्डर इलाको की सड़कें खस्ताहाल बनी हुई हैं। इसी प्रकार केलनोर कलरों का तला, हूरो का तला से लेकर नवातला ओर जाने वाली सड़क गड्ढों से होकर गुजरती हैं। वाहन चालकों में दुर्घटना का भय हमेशा बना रहता हैं। सड़क पूरी तरह टूट चुकी हैं। बीच मे गड्ढा बन गया हैं, कभी भी हादसा हो सकता हैं। सीमावर्ती क्षेत्रों में आज भी कई सड़कों की स्थिति जर्जर बनी हुई हैं। कांक्रीट का टूटने से जूझ रही सड़कें लोगो के लिये परेशानी का सबब बन जाती हैं। कई सड़कें ऐसी है जहां गड्ढे दुर्घटना का इंतजार कर रहे हैं। आम लोगों के साथ तो आलम यह है कि हादसे के डर से लोग अपना रास्ता तक बदल देते हैं।

### प्रतिभावान छात्र-छात्राओं को बांटी छात्रवृत्ति

प्रमोद कुमार बंसल

हर वर्ष की भांति इस बार भी भारत के नंबर वन N.B.F.C कंपनी श्रीराम ट्रांसपोर्ट फाइनेंस कंपनी की ओर से मेधावी छात्र-छात्राओं को छात्रवृत्ति व प्रशस्ति पत्र वितरित किए गए। श्रीराम फाइनेंस कंपनी की ओर से यह 11 छात्रवृत्ति कार्यक्रम है तथा इस बार राजस्थान में करीब 18000 हजार गरीब और ऐसहाय तथा ट्रांसपोर्ट से जुड़े हुए बच्चों को लाभान्वित किया गया है। श्रीराम फाइनेंस कंपनी का लक्ष्य हर बच्चे को शिक्षा का लाभ दिलाना है तथा आगे भी ऐसे ही सामाजिक कार्य समय-समय पर आयोजित करते रहेंगे। कार्यक्रम में मौजूद श्रीराम फाइनेंस कंपनी से शाखा प्रबंधक श्री छत्रपाल शर्मा; कलेक्शन मैनेजर, ताराचंद सैनी, विजय तनेजा, कन्हैया जांगिड़, सुनील यादव, बलबीर, अरुण, अनिल, दिक्षु, बलवान भाटी आदि मौजूद थे। मुख्य अतिथि उमेद सिंह यादव, कांटेक्टर अल्ट्राटेक सीमेंट विशिष्ट अतिथि श्री दिनेश जी शर्मा ,शाखा प्रबंधक यूनाइटेड इंश्योरेंस, श्री सियाराम जी बंसल, श्री गोपाल जी बंसल होटल सांवरिया, राकेश जी यादव, सावत राम जी ट्रांसपोर्टर, आदी गणमान्य लोग मौजूद थे।

### शाजापुर जिले की नगर पंचायत अकोदिया भाई महेंद्र सिंह मेवाडा को ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष नियुक्त होने पर बधाई

राजेश मेवाड़ा

म.प्र के शाजापुर जिले की अकोदिया नगर पंचायत में भाई महेंद्र सिंह जी मेवाड़ा को अकोदिया ब्लॉक कांग्रेस का अध्यक्ष नियुक्त किया गया आशा है कि आप संगठन मजबूत बनाने के लिए कार्य करेंगे इसमें स्वागत के लिए उमड़ा जनसैलाब अचल सिंह जी, मंडलोई मुकेश यादव, जी शोएब लाला गिरीश, शाह प्रकाश मेवाड़ा, मुकेश मेवाडा, राम प्रसाद भगत जी, राजेंद्र मेवाड़ा, मनीष शर्मा एवं समस्त कांग्रेस कार्यकर्ता द्वारा भव्य स्वागत किया गया नगर अकोदिया मैं ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष बनाए जाने पर खुशी का माहौल।

## पं दीनदयाल उपाध्याय की जयंती में मुख्य लोग शामिल

ब्रज राठौर

भारतीय जनता पार्टी ग्रामीण मंडल शुजालपुर द्वारा जनसंघ के संस्थापक के पंडित दीनदयाल उपाध्याय की पुण्यतिथि बुथ स्तर पर प्रभारी एवं वक्ताओ को जवाबदारी देकर बूथ स्तर पर मनाई गई मंडल अध्यक्ष परशराम धनगर भी बुथ पर जाकर पंडित दीनदयाल जी चित्र पर माल्यार्पण कर पुण्यतिथि मनाई धनगर ने दीनदयाल उपाध्याय जी के जीवन पर प्रकाश डालते हुए कहा पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी का जन्म 25 सितंबर 1916 गांव चन्द्रभान मथुरा उत्तर प्रदेशभारत एवं मृत्यु 11 फरवरी 1968 मुगलसराय जंक्शन रेलवे स्टेशन उत्तर प्रदेश में हुई, दीनदयाल जी उपाध्याय एक ऐसी हस्ती थी, जिन्होंने अपने कार्यों एवं विचारों से लोगों को अपनी ओर आकर्षित किया। ये पेशे से एक महान राजनेता थे, जोकि भारतीय जन संघ नामक बड़ी पार्टी के अध्यक्ष थे। इसे वर्तमान में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के नाम से जाना जाता है। उन्होंने भारत की आजादी के बाद लोकतंत्र को अलग परिभाषा देते हुए देश के निर्माण के लिए कई कार्य किये, जिससे वे आज भी स्मरणीय है। इस अवसर जामनेर जेठडा सडेडी गणेशपुरा किसोनी पिपलोद उगली भिलखेडी मेहरखेडी नरोरा चित्तौड़ा उगली अनेक स्थान पर मनाई गई एवं समर्पण राशि का भी शुभारंभ किया। इस अवसर पर रविंद्र चदेल, चांद सिंह, राजपूत हिम्मत सिंह, हंसराज पाटीदार, भागीरथ पाटीदार, दामोदर पाटीदार, सुरेश शर्मा, रामगोपाल सिसोदिया, दिनेश जाट, धनंजय दीक्षित, अशोक, मालवीय देवी सिंह राजपूत, लाड सिंह राजपूत, कोषा अध्यक्ष सुंदर धाकड़, राजकुमार धाकड़, नारायणसिंह, सुनील जैन, सुंदर, पिंटू गोयल, ह्रदय धाकड़, कमल पाटीदार, गोपाल बैरागी, अंबाराम मालवीय, देवकरण धाकड़, मोहन मालवीय, युवा मोर्चा मंडल अध्यक्ष रामगोपाल मेवाड़ा, सरपंच अजबसिंह मेवाड़ा, जीवन मैवाडा, अमरत मेवाड़ा, संदीप देशमुख, देवकरण धनगर, ओमप्रकाश धनगर, जीवन रामचन्द्र जमादार आदि उपस्थित थे यह जानकारी मीडिया प्रभारी जनक सिंह राजपूत ने दी।

## जिला स्तर पर नशे की रोकथाम के लिए अभियान

साकिर खान

पुलिस उप महानिरीक्षक / वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक उधमसिहं नगर महोदय के द्वारा जिला स्तर पर बढ़ते नशे की रोकथाम इससे जुड़े लोगों की धड़पकड़ हेतु अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में काशीपुर पुलिस टीम द्वारा आचार संहिता के मद्देनजर दिनाक 10.02.2022 को चौकी प्रभारी कटोरताल श्री नवीन बुधानी द्वारा मय पुलिस टीम के द्वारा मोर्चरी काशीपुर से आगे खडहर के पास चरस बेच रहें एव पी रहे। अभियुक्त (नूर मौहम्मद पुत्र अमीरदुल्ला निवासी विजयनगर नईबस्ती कटोरताल थाना काशीपुर), (कसिस खेड़ा पुत्र निरंजन सरकार निवासी पटेलनगर थाना काशीपुर), (विशाल यादव पुत्र ज्ञान चन्द्र निवासी महेशपुरा थाना काशीपुर), (अंकित पाल पुत्र चन्द्रपाल निवासी वैशाली कालौनी थाना आईटीआई), (हरशेन्दु शेखर पुत्र सुधाकर शर्मा निवासी आवास विकास थाना काशीपुर), (नितिन पुष्पक पुत्र राजपाल पुष्पक निवासी कानूनगोयान थाना काशीपुर), (नवीन कुमार पुत्र गणेश सैनी निवासी मौ० रजवाड़ा थाना काशीपुर), (अदनान हुसैन पुत्र मौ० सददीक निवासी हजरतनगर कालीबस्ती बांसफौड़ान थाना काशीपुर) को 124.36 ग्राम चरस व चरस पीने के उपकरणों व दो मोटर साईकिल स्पलेण्डर के साथ गिरफतार किया गया है। उक्त स्थान पर नशेड़ियों द्वारा नशा करने तथा लोगों के साथ अभद्रता करने की लगातार शिकायतें प्राप्त हो रही थी। उप महानिरीक्षक श्री नवीन बुधानी चौकी प्रभारी कटोरताल की फर्द्ध बरामदगी के आधार पर थाना हाजा पर एफ.आई.आर नम्बर 94 / 2022 धारा 8/20/27/29 एन.डी.पी.एस एक्ट की अभियोग पंजीकृत किया गया । बरामदा माल का विवरण / 124.36 ग्राम अवैध चरस समस्त अभियुक्त गणों से चरस पीने के उपकरण, (सिगरेट के पैकेट व बीड़ी के बंडल लाईटर आदि ), (दो अदद मोटर साईकिल) पुलिस टीम का नाम / (श्री मनोज रतूडी प्रभारी निरीक्षक), (श्री प्रदीप मिश्रा), (श्री नवीन बुधानी), (श्री धीरेन्द्र परिहार), (प्रेम कनवाल), (सुरेन्द्र सिंह सीता), (अमरजीत)।

## अवैध परिवहन और खनन कर्ताओं के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई

देवराम ठाकुर

इंदौर जिले में कलेक्टर श्री मनीष सिंह के निर्देशन में खनिजों के अवैध परिवहन और खनन कर्ताओं के विरुद्ध प्रभावी कार्रवाई की जा रही है। इसी सिलसिले में आज महू के मानपुर क्षेत्र में अवैध परिवहन के आरोप में 10 ट्रक जप्त किए गए। सूचना के आधार पर एस.डी.एम महू श्री अक्षत जैन एवं नायब तहसीलदार मानपुर श्री.ओ.पी. बेड़ा द्वारा मानपुर में ए.बी रोड पर स्थित माँ वैष्णोदेवी ऑटोमोबाइलस से लगी भूमि का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान पाया गया कि रिक्त भूमि पर 10 ट्रक खड़े थे जिनमें से 08 में रेत भरी थी एवं शेष 02 ख़ाली थे परंतु उनमें भी रेत के थोड़े कण थे ।मौक़े पर मौजूद ट्रकों के मालिक व चालक से रेत के परिवहन हेतु ई-ट्रानसिट पर्मिट की जानकारी ली गयी। मात्र 03 ट्रक का परमिट दिखाया गया जो की अवलोकन उपरांत पाया कि सभी परमिट की समयावधि समाप्त हो चुकी थी। परमिट मानपुर के ना होकर अन्य ज़िलों में रेत ले जाने हेतु जारी किए गए थे। इन ट्रकों के मालिकों द्वारा मानपुर में अपने ट्रक खड़े कर अवैधानिक रूप से दूसरे ज़िलों से रेत लाकर क्रय किया जा रहा था । सभी ट्रकों को ज़ब्त किया गया एवं थाना मानपुर को सुपुर्द किया गया। शीघ्र ही खनिज विभाग द्वारा ज़ब्त रेत का मुआयना कर आरोपियों पर दांडिक कार्यवाही की जाएगी।

### बदायूं में रहेंगे राष्ट्रीय महामंत्री अनुसूचित जाति एवं बुलंदशहर सांसद भोला सिंह

**बदायूं/सहसवान** । चुनाव प्रचार का अंतिम दिन है। वोट डालने से 48 घंटे पहले प्रचार पर रोक लगा दी जाती है। 5 बजे के बाद चुनाव प्रचार थम जाएगा। और चार पहिया वाहनो, लाउडस्पीकर, सभा,जनसंपर्क आदि पर विराम लग जाएगा। इन्हीं सभी बातों का पालन करने के लिए आज 4:30 बजे तक राष्ट्रीय महामंत्री अनुसूचित जाति एवं बुलंदशहर सांसद भोला सिंह आज रहेंगे भाजपा प्रत्याशी प्रत्याशी डीके भारद्वाज के साथ करेंगे। 113 विधानसभा सहसवान भाजपा प्रत्याशी के पक्ष में वोट मांगने की अपील करेंगे, तूफानी दौरा पहली सभा नुनहेर चौक सहसवान सुबह 10 बजे नगर भ्रमण 11 बजे से 1 बजे तक इस्लाम नगर भ्रमण, 2 बजे से 4:30 तक बाइक रैली, सुभाष चंद्र गुप्ता पेट्रोल पंप दहगवां से सुबह 10 बजे प्रारंभ होगी।

## छात्राओं को शिविर में बताया गया जैवविविधता संरक्षण एवं संवर्धन का महत्व

एनसीआर समाचार

शासकीय महिला पॉलिटेक्निक भोपाल द्वारा राष्ट्रीय सेवा योजना कैम्प का आयोजन जिला भोपाल की ग्राम पंचायत बंगरसिया में किया जा रहा है। मध्यप्रदेश राज्य जैवविविधता बोर्ड भोपाल द्वारा शिविर में पर्यावरण संरक्षण अंतर्गत जैवविविधता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन 9 फरवरी को किया गया।

कार्यक्रम में डॉ. कुनिका सिलोदिया, एवं सुश्री शिवानी शर्मा, तकनीकी विशेषज्ञ मध्यप्रदेश राज्य जैवविविधता बोर्ड द्वारा पर्यावरण संरक्षण के उद्देश्य से प्रतिभागियों को जैवविविधता संरक्षण एवं संवर्धन के महत्व को बताया गया।

एन.एस.एस. कैम्प के माध्यम से स्थानीय समुदाय को जैवविविधता संरक्षण के प्रति जागरूक कराया गया। कार्यक्रम में एन.एस.एस. शिविर की प्रतिभागी छात्रायें, एन.एस.एस. भोपाल विंग के प्रतिनिधि एवं शासकीय महिला पॉलिटेक्निक भोपाल के प्रतिनिधियों द्वारा भाग लिया गया।

यह कार्यक्रम डॉ. धर्मेन्द्र वर्मा, प्रधान मुख्य वन संरक्षक एवं सदस्य सचिव, मध्यप्रदेश राज्य जैवविविधता बोर्ड, भोपाल एवं डॉ. के.व्ही.राव, प्राचार्य, शासकीय महिला पॉलिटेक्निक भोपाल के मार्गदर्शन में किया गया। एन.एस.एस. कैम्प प्रभारी श्रीमती आरती लाड, वरिष्ट व्याख्याता शासकीय महिला पॉलिटेक्निक महाविद्यालय भोपाल द्वारा मध्यप्रदेश राज्य जैवविविधता बोर्ड द्वारा आयोजित जैवविविधता जागरूकता कार्यक्रम की सराहना की गई।

## स्व ठाकुर विक्रम सिंह की स्मृति में लोकल क्रिकेट प्रतियोगिता संपन्न

अंसार खान

स्थानीय हेलीपैड खेल ग्राउंड पर स्वर्गीय ठाकुर विक्रम सिंह राठौर की स्मृति में लोकल क्रिकेट प्रतियोगिता का आज समापन हुआ जिसमें क्षेत्र के विधायक सम्मानित देवेंद्र सिंह जी पटेल मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। विशिष्ट अतिथि के रूप में क्षेत्र के वरिष्ठ समाजसेव नेता ठाकुर हरनाम सिंह राजपूत एडवोकेट विशाल सिंह खेल युवाक एवं कल्याण विभाग के विधायक प्रतिनिधि मो उवैस खान ब्लॉक कॉंग्रेस कमेटी अध्यक्ष राजेश उपाध्याय राजेंद्र सिंह ठाकुर सहित अन्य वरिष्ठ गणमान्य नागरिकों की मौजूदगी में प्रतियोगिता का फाइनल मैच खेला गया। जिसमें मंगल श्री की टीम विजेता रही जिसका ₹21000 का पुरस्कार विधायक पटेल एवं आयोजक प्रदीप सिंह पटेल के द्वारा दिया गया उपविजेता टीम को ₹11000 की राशि प्रदान की गई एवं आकर्षक पुरस्कार अतिथियों के द्वारा बांटे गए इस प्रतियोगिता का मैच देखने आज 5000 से ज्यादा दर्शक शामिल हुए सभी अतिथियों ने आयोजन समिति को बधाई दी इस प्रतियोगिता को सफल बनाने में आयोजन समिति के सभी पदाधिकारियों को भी स्मृति चिन्ह से सम्मानित किया गया। इस सफल गरिमा पूर्ण कार्यक्रम का सफल संचालन युवा अधिवक्ता निखिल खरे प्रभु दयाल करे गज्जे भैया ने किया।

## विधायक लारिया को अनुजाति तथा जनजाति वर्ग के कल्याण समिति विधानसभा अध्यक्ष द्वारा पुष्प गुच्छ भेंट कर दी बधाई

मुकेश हरयाणी

मध्य प्रदेश विधानसभा सचिवालय में नवगठित अनुसूचित जाति तथा अनुसूचित जनजाति वर्ग के कल्याण संबंधी समिति एवं पिछड़े वर्गो के कल्याण संबंधी समिति की प्रथम संयुक्त बैठक आयोजित की गई। बैठक में विधानसभा अध्यक्ष श्री गरीश गौतम जी ने विधायक प्रदीप लारिया को अनुजाति, जनजाति वर्ग के कल्याण संबंधी समिति का सभापति मनोनीत होने पर बधाई एवं शुभकामनाऐं दी। विधायक लारिया ने अपने संबोधन में कहा कि विधानसभा अध्यक्ष जी का आभारी हूं कि उन्होनें अनुजाति अनुसूचित जनजाति वर्ग के कल्याण समिति का सभापति मनोनीत किया। विधायक लारिया ने विभिन्न समितियों के सभापतियों को भी मनोनीत किये जाने पर बधाई दी एवं कहा कि प्रदेश में अनुजाति एवं अनुसूचित जनजाति वर्ग के लोगों कल्याण के लिए योजनाओं का परीक्षण कर सुझाव देने हेतु विधानसभा सदन द्वारा यह समिति गठित की गई है। इस राज्य में अनुजाति एवं अनुसूचित जन-जाति तथा पिछड़े वर्ग के कल्याण हेतु समिति का सर्वप्रथम गठन 09 अप्रैल 1975 को हुआ था। तब से यह समिति सतत रूप से कार्य कर रही थी। विधानसभा अध्यक्ष महोदय को इस समिति की ओर से यह विश्वास दिलाना चाहता हूं कि समिति के सभी सदस्य सक्रिय रूप से कार्य कर आपके द्वारा सौंपे गये दायित्व को सफलता पूर्व निर्वहन करेगें। बैठक में प्रमुख सचिव म.प्र. विधानसभा, पिछडे वर्गो के कल्याण समिति के सभापति जालम सिंह पटैल, विभिन्न समितियों के सभापति व्ही.सी. शर्मा, गौरीशंकर विसेन, रामपाल सिंह, राजेन्द्र पवार, यशपाल सिसोदिया बहादुर सिंह जी, शैलेन्द्र जैन, गायत्री राजे पवार जी, पंजूलाल प्रजापति, विजय पाल सिंह एवं अनुजाति जनजाति समिति के सदस्य जयसिंह मरावी, सुलोचना रावत सहित, विधानसभा सचिवालय के अधिकारी उपस्थित रहे।

### सीकर खाटू श्याम जी भक्तों के दर्शन हेतु पट खुलेंगे

राजस्थान सीकर जिला स्थित प्रसिद्ध खाटू श्याम मंदिर जिसमें हजारों की संख्या में प्रत्येक रविवार, प्रत्येक एकादशी एवं प्रत्येक द्वादशी के दिन भक्त दर्शन करने के लिए आते है। एकादशी एवं द्वादशी को 24 घंटे बाबा के दर्शन करवाए जाते है। कोविड-19 महामारी के फैलने की आशंका से पिछले 2 साल से लगभग मंदिर को बंद रखना पड़ा क्योंकि लाखों की संख्या में भक्त आते हैं जिससे कोरोना बढ़ने का खतरा हो सकता था। हर वर्ष फाल्गुन माह में बाबा का मेला लगता है।

## संक्षिप्त समाचार

### स्कूल शिक्षा राज्यमंत्री श्री परमार का भ्रमण कार्यक्रम में कृषि उपज मंडी में फसल बीमा राशि का शुभारंभ करेंगे

**ब्रज कुमार राठौर**

श्री परमार मध्य प्रदेश के स्कूल शिक्षा मंत्री स्वतंत्र प्रभार एवं सामान्य प्रशासन राज्यमंत्री श्री इंदर सिंह परमार 10 फरवरी को शाजापुर जिले के शुजालपुर पहुंचे। तथा 12 फरवरी 2022 को दोपहर 12:00 बजे कृषि उपज मंडी शुजालपुर मैं फसल बीमा राशि वितरण का शुभारंभ करेंगे।

### निम्बड़ी माता मन्दिर प्राण प्रतिष्ठा समारोह गणपति पूजन के साथ आरम्भ

**संजय कुमार**

श्री निम्बड़ी माता प्राण प्रतिष्ठा समारोह गणपति पूजन के वैदिक मंत्र के साथ प्रारंभ हुआ। गुरुवार को 11 वेद पंडितों द्वारा गणपति पूजन कर जाजम बिछाई और 1008 मोदक अर्चना के साथ प्राण प्रतिष्ठा महायज्ञ का प्रारंभ किया गया। वहीं आज अभिजीत मुहूर्त में जाजम बिछाई जाकर वास्तु गणपति पूजन कर पांच दिवसीय कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। आचार्य महेंद्र पुरोहित फलोदी के सानिध्य में 11 ब्राह्मणों का वर्णबंधन हुआ। निम्बड़ी माता मंदिर ट्रस्ट के अध्यक्ष ओम प्रकाश मेहता ने बताया कि पांच दिवसीय इस आयोजन में शुक्रवार को शाम 4.00 बजे 108 मंगल कलश के साथ शोभायात्रा निकाली जाएगी और धार्मिक आयोजन किए जाएंगे। इस अवसर पर मुख्य यजमान कमल मेहता द्वारा पूजन कार्य प्रारंभ हुआ। समारोह में पुरषोतम खत्री, किशोर शर्मा, ओम जोशी, महेश सुथार, राजेन्द्र बिंदल, नरेंद्र दवे, नन्द प्रकाश मेहता, कैलाश मेहता, उगमराज जांगिड़, के डी चारण, बांकसिंह, सहित सैकड़ों श्रद्धालु उपस्थित थे ।

### 41वां कोविड-19 टीकाकरण शिविर सफलतापूर्वक संपन्न हुआ

**शालू चौहान**

41वां कोविड-19 टीकाकरण शिविर आज यानी 10 फरवरी 2022 को शालू चौहान (हैंड मेड बर्ड नेस्ट) और (सी.आर.ओ) जिला अध्यक्ष महिला विंग एवं आनंद पब्लिक स्कूल की प्रिंसिपल निधि गुप्ता जी और को ऑर्डिनेटर मोनिका जी और डॉक्टर सौरभ शर्मा ए.एन.एम सुनीता ए.एन.एम प्रोमिला सक्षम अजय सक्षम वर्षा सक्षम पूनम सक्षम कविता सक्षम नीतू एवं स्कूल के स्टाफ के सहयोग से सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। आज इस कैंप में लगभग 180 डोज लगाई गई है जिसमें 15 प्लस से 60 प्लस तक बूस्टर डोज भी लगाई गई है। 40 शिविरों के बाद आज यह हमारा 41वां वैक्सीनेशन कैंप संपन्न हुआ जोकि आनंद पब्लिक स्कूल प्रोफेसर कॉलोनी यमुनानगर में किया गया था।

इस कैंप के तहत 'समाजसेवी शालू चौहान' जी ने बताया कि हम समय-समय पर ऐसे कार्य करते रहते है।उन्होंने यह भी बताया की हमारे एस.पी सर श्री कमलदीप गोयल जी द्वारा जो नशा मुक्ति अभियान चलाया जा रहा है उसमें भी वह कार्य करती है और अपना पूर्ण सहयोग देती है चौहान मैडम ने यह भी बताया कि कल यानी 9 फरवरी 2022 को उनकी टीम के द्वारा कॉलेज की कुछ छात्राओं को और आजाद नगर गली नंबर 5 की लेडीस को नशे के ऊपर जागरूक किया और उन्हें उससे होने वाले नुकसान के बारे में बताया नव युवा पीढ़ी इस अभियान में हमारा तहे दिल से साथ देने को तैयार है और हम चाहते है की लोग अपने घरों से बाहर निकले और इस नशे को जड़ से खत्म करने में हमारा सहयोग करें। (हैंड मेड बर्ड नेस्ट) दिन-ब-दिन जिस तरह से हमारे शहर से गौरैया और छोटे-छोटे पंछी लुप्त होते जा रहे हैं उन्हें भी वापस लाने की यह मुहिम है इस मुहिम को चलाते हुए मैडम चौहान को 3 वर्ष हो गए हैं।

### हरदोई गोपामऊ विधान सभा से BSP उम्मीदवार सर्वेश जनसेवा को मिल रहा जन समर्थन

**शाहवाज़ हुसैन ख़ान**

हरदोई गोपामऊ 157 विधानसभा से बहुजन समाज पार्टी के उम्मीदवार सर्वेश जनसेवा को सभी समाज के लोगो व वर्गों का समर्थन प्राप्त हो रहा है। भारतीय जनता पार्टी के विधायक व सरकार से गोपामऊ की जनता त्रस्त हो गई, क्षेत्र में रोजगार के नाम पर युवा अब की बार (BSP) उम्मीदवार सर्वेश जनसेवा को चुनना चाहता है किसान, मजदूर, बेरोजगार सभी लोग उन पर भरोसा कर रहे है समाजवादी पार्टी की कमजोर उम्मीदवार के आने से गोपामऊ विधानसभा में (BSP) के उम्मीदवार सर्वेश जनसेवा बहुत मजबूत स्थिति में है साथ ही भाजपा का विरोध उनको और मज़बूत कर रहा है।

### वृद्धा पेंशन ना मिलने से बुजुर्ग हुआ परेशान कलेक्ट्रेट के आगे गिड़गिड़ाते हुए रोने लगे

**राजेश मेवाड़ा**

एम.पी के शाजापुर जिले की गुलाना तहसील के ग्राम पंचायत कैथल के बुजुर्ग लालजी राम उस समय भावुक होकर रोने लगे जब कलेक्टर उनकी शिकायत सुन रहे थे। बुजुर्ग ने ग्राम पंचायत पर उनकी वृद्धा पेंशन में नाम जोड़ने की बात कहते हुए कलेक्टर श्री दिनेश जैन के पैर पकड़ लिए जिस संबंध में कलेक्टर ने तुरंत इस विषय को लेकर संबोधित विभाग को जांच कर उचित कार्रवाई करने का आदेश दे दिया तथा बुजुर्ग को जल्द ही लाभ दिलाने का आश्वासन दिया।

### ICAI-CA दिसंबर 2021 परिणाम घोषित, राधिका बेरीवाला ने CA फाइनल परीक्षा में रैंक (ICAI-1) हासिल किया

**एनसीआर समाचार**

नई दिल्ली चार्टर्ड एकाउंटेंट्स संस्थान (ICAI) ने फाइनल और फाउंडेशन कार्यक्रमों के लिए (CA) परिणाम आज, 10 फरवरी को घोषित कर दिया है। छात्रों को फाइनल और फाउंडेशन कार्यक्रमों के लिए ICAI-CA परिणाम 2021 तक पहुंचने के लिए पंजीकरण आईडी / पिन नंबर और जन्म तिथि का उपयोग करना होगा।

ICAI के CCM धीरज खंडेलवाल के अनुसार, 11868 छात्र CA दिसंबर की परीक्षा पास करके चार्टर्ड अकाउंटेंट बन गए है। इंस्टीट्यूट ऑफ चार्टर्ड अकाउंटेंट्स (ICAI) ने दिसंबर 2021 में आयोजित CA फाइनल और CA फाउंडेशन परीक्षा के परिणाम घोषित कर दिए है। परिणाम के साथ, संस्थान ने शीर्ष 3 रैंक धारकों और दोनों स्तरों के लिए पास प्रतिशत की सूची भी जारी की है।

# ममता बनर्जी और करण अडानी के बीच हुई बैठक जो बहुत ही महत्वपूर्ण माना गया

एनसीआर समाचार

बंगाल के करण अडानी और ममता बनर्जी के बिच बातचीत हुई है। करण अडानी पूर्व मेदिनीपुर जिले के ताजपुर में प्रस्तावित डीप सी पोर्ट में निवेश को राजी है। गुरुवार को हुई बातचीत में बैठक में राज्य के मुख्य सचिव हरेकृष्ण द्विवेदी भी मौजूद रहे। अडानी पोर्ट के समूह के अधिकारी पहले ही यहां का कर चुके है। वहीं दिसंबर में गौतम अडानी नवान्न पहुंचकर ममता से मुलाकात की थी उन्होंने बाद में यह भी बताया की बंगाल में अलग-अलग क्षेत्रों के निवेश को लेकर चर्चा की है और उन्होंने अप्रैल में आयोजित होने वाले बंगाल ग्लोबल बिजनेस समित में भी शामिल होने के संकेत दिए। तो वहीं ताजपुर में डीप सी पोर्ट के लिए निविदा प्रक्रिया जमा करने की अंतिम तिथि 15 फरवरी बताई गई है। बता दे की अब तक दस कंपनियों ने ताजपुर में डीप सीप पोर्ट के निर्माण में रुचि दिखाई है। 10 में से चार कंपनियों के अधिकारी ताजपुर का दौरा भी कर चुके है। इस बीच करण अडानी की ममता से मुलाकात जरुरी है।बंगाल में हो रहे जगह-जगह निवेश को लेकर चर्चा हुई है। साथ में उन्होंने अप्रैल में किय विशेषण होने वाले बंगाल ग्लोबल बिजनेस समिट में भी शामिल होने के संकेत दिखे है। आपको बता दे की 2022 के अप्रैल में होने वाले बिजनेस समिट से पहले ममता और करण अडाणी की बैठक महत्वपूर्ण मानी जा रही है। सूत्रो के मुताबिक बंगाल बिजनेस समिट के उद्घाटन के लिए ममता ने पीएम नरेन्द्र मोदी को आमंत्रित किया है। बंगाल सरकार का दावा है कि पूर्व मेदिनीपुर के ताजपुर डीप सी पोर्ट से बंगाल में 15,000 करोड़ का निवेश आयेगा और साथ ही 25,000 लोगों को इससे रोजगार दिया जायगा।

# अपराधी को पकड़ने में मदद करने वाली असली हीरो किये गये सम्मानित

एनसीआर समाचार

सुभाष कालोनी थाना अशोका गार्डन भोपाल में मासूम बच्ची के साथ हुये सनसनीखेज अपराध में घटित घटनाक्रम को दृष्टिगत रखते हुए भोपाल पुलिस ने अभिनव पहल करते हुये अशोका गार्डन थाना अंतर्गत सुभाष कालोनी में महिलाओं एवं बच्चियों की सुरक्षा एवं जारूकता हेतु शिविर आयोजित किया गया जिसमे बड़ी संख्या में महिलाओं एवं बालक बालिकाओं की उपस्थिति रही। इस कार्यक्रम में चाईल्ड लाईन की ओर से महिलाओं की सुरक्षा हेतु फिल्म का प्रदर्शन भी किया गया। आरंभ संस्था द्वारा बच्चो की सुरक्षा हेतु जरूरी टिप्स दिये गये तथा बच्चो को गुड टच एवं बेड टच से अवगत कराया गया कार्यक्रम में पुलिस उपायुक्त जोन-1 श्री साई कृष्ण थोटा, अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त श्री श्रुतकीर्त सोमवंशी जोन-1, ए.सी.पी हबीबगंज श्री वीरेन्द्र मिश्रा, ए.सी.पी महिला अपराध श्रीमती निधि सक्सेना तथा चाईल्ड लाईन डायरेक्टर श्रीमती अर्चना सहाय की गौरव पूर्ण उपस्थिति रही।

## ATM मे तोड़फोड़ कर चोरी का प्रयास करने वाले आरोपी को पुलिस ने कार्यवाही कर 10 घंटे मे किया गिरफ्तार

देवेन्द्र कुमार जैन

प्राप्त जानकारी के अनुसार मिसरोद मे दिनांक 09/02/2022 को फरियादी राम भरोसे अहिरवार निवासी राधाकृष्ण मंदिर के पास बंगरसिया मिसरोद भोपाल ने रिपोर्ट किया कि भोजपुर रोड बंगरसिया स्थित सिंडिकेट बैंक के ATM के अंदर दो अज्ञात व्यक्ति घुसे हुऐ थे जो हाथ में लोहे की रॉड लेकर ATM में तोड़फोड़ कर चोरी करने का प्रयास कर रहे थे जो फरियादी को देखकर रॉड लेकर भोजपुर रोड की तरफ भाग गये फरियादी द्वारा उनका पीछा किया तो अंधेरा होने के कारण खेत तरफ भाग गये नहीं मिले फरियादी की रिपोर्ट पर थाना मिसरोद में अज्ञात आरोपियों के विरूद्ध अपराध धारा 461,457,511 भादवि पंजीबद्ध कर विवेचना मे लिया गया। चोरी के प्रयास की घटना का अनुसंधान वरिष्ठ अधिकारियों के मार्गदर्शन एवं निर्देशन में आरोपीयों की तलाश के लगातार प्रयास किये गये एवं आरोपियों की तलाश के दौरान घटना स्थल के सी.सी.टी.वी फुटेज के सूक्ष्म अवलोकन एवं तकनीकी संसाधनो का उपयोग कर टीम गठित कर आरोपीयों की तलाश की जिसमे वारदात को अंजाम देने वाले आरोपीयों को आज दिनांक 10/02/22 को अभिरक्षा में लेकर घटना के संबंध में पूछताछ की जिन्होंने घटना को अंजाम देना स्वीकार किया।

# निजी विवि विनियामक आयोग में एक दिवसीय कार्यशाला सम्पन्न

देवेन्द्र कुमार जैन

विश्वविद्यालय अनुदान आयोग के सचिव श्री रजनीश जैन ने कहा है कि संस्थागत विकास योजना (आई.डी.पी) शैक्षणिक गुणवक्ता और उत्कृष्टता के लिए अत्यन्त महत्वपूर्ण और आवश्यक है। यह (आई.डी.पी) शिक्षा का विज़न डाक्यूमेंट है। श्री जैन गुरूवार को भोपाल में मध्य प्रदेश निजी विश्वविद्यालय विनियामक आयोग में आयोजित इंस्टीट्यूशनल डेवलपमेंट प्लान फॉर हायर एजूकेशन इंस्टीट्यूशन पर एक दिवसीय कार्यशाला को सम्बोधित कर रहे थे। कार्यशाला का आयोजन मध्य प्रदेश निजी विश्वविद्यालय विनियामक आयोग एवं विद्याभारती उच्च शिक्षण संस्थान के संयुक्त तत्वाधान में किया गया। सचिव श्री जैन ने कहा कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति के क्रियान्वयन से शिक्षा के क्षेत्र में क्रांतिकारी परिवर्तन आएगा। उन्होंने बताया कि विश्वविद्यालय अनुदान आयोग ने संस्थागत विकास योजना (आई.डी.पी) की रूप रेखा तैयार की है। इससे शिक्षण संस्थान अपने लक्ष्यों और बुनियादी ढ़ाचे को बेहतर बना सकते है। (आई.डी.पी) उच्च शिक्षा की सकल नामांकन दर को बढ़ाने में भी मददगार साबित होगी। संस्थागत विकास योजना का मूल उद्देश्य शिक्षण संस्थानों की गुणवक्ता और बुनियादी ढ़ाचे को बेहतर बनाकर विद्यार्थियों को एक सफल नागरिक बनाना है। राष्ट्रीय शिक्षा नीति में प्रत्येक शैक्षणिक संस्थान को संस्थागत विकास योजना तैयार करना अनिवार्य होगा। कुरूक्षेत्र विश्वविद्यालय के पूर्व कुलपति तथा विद्याभारती उच्च शिक्षा संस्थान के राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रो.कैलाश चन्द्र शर्मा ने कहा कि उच्च शिक्षा संस्थाओं के लिए संस्थागत विकास योजना पर देश में पहली बार इस तरह की कार्यशाला आयोजित हो रही है। उन्होंने कहा कि प्रत्येक विश्वविद्यालय की यह जिम्मेदारी है कि अकादमिक दृष्टिकोण से विश्वविद्यालय के स्तर का मानक तैयार करें। किसी भी संस्थान को अपनी कमजोरी और ताकत की जानकारी होना चाहिए। विश्वविद्यालयों के कुलपति और महाविद्यालयों के प्राचार्य एक समयबद्ध रणनीति तैयार करें। अपने विश्वविद्यालय का विज़न क्या है, इसकी जानकारी होना आवश्यक है। अपने संस्थान के लिए टाइमलाइन तय करें। नियमित अंतराल में पाठ्यक्रम में बदलाव होना चाहिए और उन विषयों का समावेश होना चाहिए, जो विद्यार्थियों के लिए उपयोगी हों। प्रायोगिक प्रशिक्षण के लिए स्वयं पहल करें। सभी संस्थान ग्रीन कैम्पस को प्रोत्साहित करें। मध्य प्रदेश निजी विश्वविद्यालय विनियामक आयोग के अध्यक्ष प्रो.भरत शरण सिंह ने कहा कि उच्च शिक्षण संस्थान यदि एक उचित प्रणाली के तहत चेक लिस्ट अपडेट करें, तो स्वाभाविक रूप से संस्थागत विकास योजना सफल होगी।

# यमुना नगर में नशा मुक्ति जागरूकता अभियान शुरू

शालू चौहान

हमारी टीम के द्वारा कॉलेज के कुछ नव युवकों को और आजाद नगर गली नंबर 5 में नशे के विरोध मे जो अभियान चलाया जा रहा है उसमें लोगों को जागरूक किया गया। मेरा नव युवा पीढ़ी से अनुरोध है कि वो किसी भी प्रकार के नशे से दूर रहे क्योकि नशा करने से स्वास्थ्य का विनास होता है, पैसा बर्बाद होता है, समाज मे कोई इज्जत नही करता है, मैंने देखा है कि नशे के कारण काफी घर बर्बाद हुए हैं मैं सभी समाज के लोगों से हाथ जोड़कर अनुरोध करती हूँ कि अगर कोई भाई किसी भी प्रकार के नशे का पूर्ण रूप से आदि हो चुका है और छोड़ना चाहते हैं तो वो हमारी नशा मुक्ति जागरूकता अभियान की टीम से संपर्क करे और अधिक से अधिक संख्या में हमारे अभियान से जुड़े ओर नशा नामक राक्षस को यमुना नगर से उखाड़ फेंकने में हमारी मदद करे। जब तक नशा खत्म नही होगा तब तक क्राइम खत्म नही होगा (सी, आर, क्राइम कंट्रोल, रिफॉर्म, ऑर्गेनाइजेशन) एक नशा विरोधी संस्था की जिला अध्यक्ष शालू चौहान से निशुल्क संपर्क 9813991999 / 9306617475 कर सकते है और हमारा हेल्पलाइन नंबर 8818001383 / 8818007878 पर आपकी जितनी भी जानकारी होगी वह सब गुप्त रखी जाएंगी।

## पुलिस-अर्धसैनिक बलों ने किया फ्लैग मार्च

पुलिस उप महानिरीक्षक / वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जनपद उधम सिंह नगर महोदय के निर्देशन में आगामी विधानसभा सामान्य निर्वाचन 2022 को निर्भीकता पूर्वक व शांतिपूर्वक संपन्न कराने हेतु आज दिनांक 10 फरवरी 2022 को चौकी शक्तिफार्म में पैरामिलिट्री फोर्स एस.एस.बी की 57 बटालियन की 728 ई कंपनी के प्लाटून प्रभारी श्री मंजीत सिंह मय फ़ॉर्स, निरीक्षक सितारगंज श्री प्रकाश सिंह दानू, वरिष्ठ उपनिरीक्षक योगेश कुमार, उप निरीक्षक संजीत कुमार, उपनिरीक्षक सोनिका जोशी, उपनिरीक्षक महेश चंद्र व थाने पर उपलब्ध पुलिस बल के साथ थाना सितारगंज के चौकी शक्तिफर्म क्षेत्र के मुख्य बाजार रतनफार्म न0 1, के मतदान स्थल में फ्लैग मार्च किया गया।

# UP के पहले चरण में 623 उम्मीदवार मैदान में 2.27 करोड़ लोग मतदान करने के पात्र में

अंशुप्रिया

2022 उत्तर प्रदेश राज्य में विधानसभा चुनाव के पहले चरण के लिए मतदान गुरुवार को शुरू हो गया, राज्य में दोपहर 1 बजे तक 35.03 प्रतिशत मतदान हुआ। इस चरण में 623 उम्मीदवार मैदान में हैं और लगभग 2.27 करोड़ लोग मतदान करने के पात्र हैं। इस बीच, प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी ने यूपी के सहारनपुर में एक चुनावी रैली को संबोधित करते हुए कहा कि योगी आदित्यनाथ सरकार ने मुस्लिम महिलाओं के खिलाफ अपराधों को रोकने के लिए लगातार काम किया है, जबकि विपक्ष वोट के लिए उनकी प्रगति के रास्ते में खड़ा है। राज्य के पश्चिमी बेल्ट के 11 जिलों में फैले कुल 58 निर्वाचन क्षेत्रों में मतदान जारी है। इनमें से अधिकांश सीटें जाट बहुल है। जिन्होंने पिछले साल राष्ट्रीय राजधानी में केंद्र के तीन विवादास्पद कृषि कानूनों के खिलाफ आंदोलन में सक्रिय रूप से भाग लिया था। पहले दौर का कड़ा मुकाबला, जहां सत्तारूढ़ भाजपा को समाजवादी पार्टी (सपा) और राष्ट्रीय लोक दल (रालोद) के पुनरुत्थान वाले गठबंधन से कड़ी चुनौती का सामना करने की उम्मीद है, किसानों के आंदोलन के प्रभाव का परीक्षण करेगा।

# प्रियंका गांधी ने यूपी के आने वाले दिनों के लिए वोट की शक्ति का उपयोग करने का अनुरोध किया

एनसीआ समाचार

प्रियंका गांधी वाड्रा ने लोगों से यूपी के बेहतर भविष्य के लिए वोट की शक्ति का उपयोग करने का आग्रह किया। कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा ने गुरुवार को लोगों से राज्य के बेहतर भविष्य के लिए वोट की ताकत का इस्तेमाल करने की अपील की। वाड्रा ने हिंदी में ट्वीट किया, ₹मेरे प्यारे बहनों और पश्चिमी उत्तर प्रदेश के भाइयों, अपने मुद्दों के लिए और राज्य के बेहतर भविष्य के निर्माण के लिए वोट की शक्ति का उपयोग करें। पार्टी कार्यकर्ताओं का मनोबल बढ़ाने के प्रयास में, महासचिव ने कहा कि यूपी कांग्रेस कार्यकर्ताओं को गर्व महसूस करना चाहिए कि पार्टी उत्तर प्रदेश की सभी 403 विधानसभा सीटों पर लगभग तीन दशकों के बाद बिना किसी राजनीतिक दल के गठबंधन के चुनाव लड़ रही है। ट्वीट में कहा गया, ₹मेरे सभी साथियों, कार्यकर्ताओं और यूपी कांग्रेस के उम्मीदवारों को शुभकामनाएं आपको गर्व होना चाहिए कि 30 साल बाद हम सभी सीटों पर अपनी ताकत से अकेले लड़ रहे है। जबकि भाजपा ने 2017 के चुनावों में इस क्षेत्र की 58 सीटों में से 91 प्रतिशत जीती थी। कई लोग कृषि कानूनों के विरोध के बाद किसानों द्वारा प्रतिक्रिया की संभावना पर विश्वास करते है।

# नशे के विरुद्ध बड़ी कार्रवाई, 750 लीटर अवैध कच्ची शराब व 4.4 ग्राम स्मेक के साथ 3 व्यक्तियों को किया गिरफ्तार

साकिर खान

पुलिस उप महानिरीक्षक / वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक महोदय द्वारा आगामी विधानसभा चुनाव 2022 को सकुशल संपन्न कराने व नशे के विरुद्ध प्रभावी कार्यवाही करने हेतु समस्त थाना प्रभारियों को आदेशित किया था। आदेश अनुसार नशे के विरुद्ध कार्यवाही करते हुए नानकमत्ता पुलिस द्वारा दिनांक 09/02/22 को नशे के विरुद्ध कार्यवाही करते हुए थाना क्षेत्रांतर्गत ग्राम गिद्धौर मे 750 लीटर अवैध कच्ची शराब व 4.40 ग्राम स्मैक के साथ 2 अभियुक्तों को गिरफ्तार कर थाना नानकमत्ता में मुक़दमा FIR no 52/2022, धारा 8/21 एन.डी.पी.एस एक्ट व धारा 60 आबकारी अधिनियम पंजीकृत किया गया। इसी दौरान उप निरीक्षक श्री विजेंद्र कुमार द्वारा अभियुक्त सुखविंदर सिंह पुत्र जीत सिंह निवासी ग्राम जोगीठैर नगला थाना नानकमत्ता को करीब 33 लीटर अवैध शराब के साथ गिरफ्तार किया गया। बरामदगी व नाम पता अभियुक्तगण (1- राजू उर्फ हरजिंदर पुत्र गुरदयाल निवासी गिद्धौर थाना नानकमत्ता उम्र 25 वर्ष के कब्जे से 04.04 ग्राम स्मेक व 180 लीटर कच्ची शराब बरामद होना), (2- राज सिंह पुत्र कुलवंत सिंह निवासी ग्राम गिद्धौर थाना नानकमत्ता के कब्जे से 140 लीटर अवैध कच्ची शराब बरामद होना), (3- मौके से फरार अभियुक्त कुलवंत सिंह उर्फ कंतु निवासी ग्राम गिद्धौर थाना नानकमत्ता के घर के बरामदे में से 430 लीटर अवैध कच्ची शराब बरामद होना) पुलिस की टीम श्री के.सी आर्य थानाध्यक्ष नानकमत्ता, उप निरीक्षक श्री जावेद मलिक, उप निरीक्षक मंजू पवार, कानि0आसिफ़ हुसैन, कानि0 बोबिंदर सिंह, कानि0 सुरेंद्र सिंह, कानि0 प्रकाश आर्य।

## संपादकीय

### उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव के दूसरे चरण में कुर्मी वोटर होंगे निर्णायक

यूपी में सभी राजनैतिक दल पिछड़ों (ओबीसी) की बड़ी जाति कुर्मियों के वोट बैंक पर नज़र जमाएं हुए हैं। कुर्मियों के वर्चस्व के चलते राजनीति में भी कुर्मी नेताओं ने अहम स्थान और किरदार निभाया है, यह और बात है कि अभी तक प्रदेश को कुर्मी बिरादरी से कोई मुख्यमंत्री नहीं मिल पाया है। इस बार भी हमेशा की तरह उत्तर प्रदेश की सियासत ओबीसी के इर्द-गिर्द केंद्रित हो गई है। प्रदेश में यादव के बाद दूसरी सबसे बड़ी आबादी ओबीसी में कुर्मी समाज की है। कुर्मी समाज के वोटों को साधने के लिए बीजेपी से लेकर सपा, बसपा और कांग्रेस तक जोर आजमाइश में जुटी हैं। वहीं, अपना दल के दोनों गुट कुर्मी समाज की बदौलत किंग मेकर बनने का सपना संजोय हैं तो नीतीश कुमार की जनता दल (यूनाइटेड) भी इसी दम पर सूबे में अपने सियासी पैर जमाना चाहती है। ऐसे में यूपी चुनावों में सभी दलों के लिए अहम बन चुके कुर्मी मतदाता किसकी वैतारणी पार लगाएंगे? यह सवाल सत्ता के गलियारों में खूब गूंज रहा है। उत्तर प्रदेश में कुर्मी बिरादरी का वोट करीब 6 फीसदी है, जिन्हें पटेल, गंगवार, सचान, कटियार, निरंजन, चौधरी और वर्मा जैसे उप-नाम से जाना जाता है। रुहेलखंड में कुर्मी गंगवार और वर्मा से पहचाने जाते हैं तो कानपुर-बुंदेलखंड क्षेत्र में कुर्मी, पटेल, कटियार, निरंजन और सचान कहलाते हैं। अवध और पश्चिमी यूपी के क्षेत्र में कुर्मी समाज के लोग वर्मा, चौधरी और पटेल नाम से जाने जाते हैं। प्रदेश में रामपूजन वर्मा, रामस्वरुप वर्मा, बरखू राम वर्मा, बेनी प्रसाद और सोनेलाल पटेल यूपी की कुर्मी राजनीति के दिग्गज नेता माने जाते थे। यूपी में कुर्मी समाज 6 फीसदी है, जो ओबीसी में 35 फीसद के करीब है। सूबे की करीब चार दर्जन विधानसभा सीटें और 8 से 10 लोकसभा सीटें ऐसी हैं जिन पर कुर्मी समुदाय निर्णायक भूमिका निभाते हैं। यूपी में कुर्मी समाज का प्रभाव 25 जिलों में हैं, लेकिन 16 जिलों में 12 फीसदी से अधिक सियासी ताकत रखते हैं। कुर्मी बिरादरी के लोग पूर्वांचल से लेकर बुदंलेखंड और अवध से रुहेलखंड तक में किसी भी दल का सियासी खेल बनाने और बिगाड़ने की स्थिति रखते है। हाल फिलहाल में भारतीय जनता पार्टी कुर्मी समाज पर पुरजोर तरीके से पकड़ बनाए हुए है। सपा ने भी कुर्मी समाज के वोटरों को लुभाने के लिए गहरी गोटें बिछाई हैं। कांग्रेस भी बार-बार छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल को यूपी लाकर संकेत दे रही है कि कुर्मी वोटर उनके लिए कितना महत्व रखती है। बड़े दलों में कुर्मी नेताओं की बात कि जाए तो समाजवादी पार्टी ने नरेश उत्तम को प्रदेश अध्यक्ष बनाया है तो भाजपा में स्वतंत्र देव सिंह कुर्मियों की रहनुमाई कर रहे हैं। अबकी विधान सभा चुनाव में कुर्मी किसका बेड़ा पार करेगा,यह यक्ष प्रश्न बना हुआ है। बहरहाल, आजादी के बाद से कुर्मी वोटर सभी दलों को लुभाते रहे हैं। एक समय में कांग्रेस में कुर्मियों का बड़ा नेतृत्व रहा था। प्रयागराज में रामपूजन पटेल कांग्रेस के कद्दावर नेता रहे। वह 1967 व 1970 में दो बार विधायक बने। बाद में सितम्बर 1981 में पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने उन्हें राज्यसभा भेजा। वह फूलपुर संसदीय क्षेत्र का चार बार नेतृत्व करते रहे। बाद में 1989 में मंडल कमीशन की रिपोर्ट लागू करने को लेकर कांग्रेस छोड़ दी और सपा में आ गए। मंडल दौर ने कांग्रेस से इस बड़े वोट बैंक को धीरे-धीरे दूर कर दिया। अब पूर्वांचल में सैंथवार कुर्मियों की विरासत संभाल रहे कद्दावर नेता आरपीएन सिंह भी कांग्रेस का दामन छोड़ भाजपा में आ गए। रूहेलखंड और उसमें भी बरेली को कुर्मी राजनीति का बड़ा ठिकाना माना जाता है। यहां 14 फरवरी को मतदान होना है। चाहे चेतराम गंगवार हों या भगवत शरण गंगवार या संतोष कुमार गंगवार बरेली, बहेड़ी और नवाबगंज से लेकर पीलीभीत तक कुर्मियों का वर्चस्व है। चेतराम वर्ष 1967 में बरेली की नवाबगंज सीट से जीते और नारायण दत्त तिवारी व वीर बहादुर सिंह की सरकार में मंत्री रहे थे। नवाबगंज सीट ऐसी है जहां से 52 वर्षों में किसी कुर्मी के अलावा कोई विधायक ही नहीं चुना गया है। यही वजह है कि नवाबजंग से भाजपा के डा. एमपी आर्य, सपा के भगवत शरण गंगवार, कांग्रेस की ऊषा गंगवार मैदान में हैं तो बहेड़ी से राजस्व राज्यमंत्री छत्रपाल सिंह गंगवार और बसपा के आसेराम गंगवार मैदान में हैं। बरेली जिले में बार-बार जीतते रहे कुर्मी नेताओं की अपने समाज के बीच कितनी पकड़ है, इसका अंदाजा इसी से लगाया जा सकता है कि इस क्षेत्र के कुर्मी नेता लगातार और बार-बार जीतते रहे है, संतोष गंगवार 8 बार सांसद बने हैं तो नवाबगंज से कभी भाजपा के नेता रहे भगवत शरण गंगवार पांच बार विधायक रहे हैं। खीरी निघासन से राम कुमार वर्मा विधायक रहे और मंत्री बने। बाल गोविंद वर्मा दो बार सांसद रहे। उनकी पत्नी ऊषा वर्मा भी सांसद रहीं। उनके बेटे रविप्रकाश वर्मा भी सांसद रहे। राम कुमार वर्मा का बेटा शशांक अब निघासन से भाजपा के टिकट पर मैदान में हैं। उधर, लखीमपुर-खीरी में कुर्मी नेता रहे पूर्व विधायक स्व. कौशल किशोर वर्मा के पोते उत्कर्ष वर्मा लखीमपुर शहर से सपा के टिकट पर लड़ रहे हैं। डा. कौशल किशोर वर्मा के भांजे योगेश वर्मा लखीमपुर शहर से भाजपा विधायक हैं। पिछली बार उन्होंने डा. कौशल के पोते को हराया था। दोनों इस बार फिर आमने-सामने हैं। धौराहरा विधानसभा में सपा के नेता रहे स्व. यशपाल चौधरी के बेटे वरुण चौधरी सपा से लड़ रहे हैं। सपा के कद्दावर कुर्मी नेता रहे बेनी प्रसाद वर्मा की वजह से भी सपा में कुर्मी नेताओं का वर्चस्व बढ़ता गया। बाराबंकी में बेनी प्रसाद वर्मा, अंबेडकरनगर में राममूर्ति वर्मा, बस्ती के राम प्रसाद चौधरी बड़े कुर्मियों के कद्दावर नेता हैं। बेनी प्रसाद वर्मा का बाराबंकी और आसपास बड़ा असर रहता था। जब तक वह सपा में रहे सपा, बाराबंकी, फैजाबाद, गोंडा, बहराइच व श्रावस्ती में मजबूत रही। बेनी के असर का अंदाजा इसी से लगा सकते हैं कि वर्ष 2009 में जब वह कांग्रेस में आए तो बाराबंकी से पीएल पुनिया, फैजाबाद से निर्मल खत्री, बहराइच से कमल किशोर कमांडो, महाराजगंज से हर्षवर्धन सिंह समेत कई सांसदों की जीत में कुर्मी वोटरों का बड़ा रोल देखने को मिला। अब बेनी वर्मा के बेटे राकेश वर्मा रामनगर से चुनाव मैदान में हैं। एक अन्य कुर्मी नेता विनय कटियार की बात की जाए तो राममंदिर आंदोलन के बाद उपजे विनय कटियार का अयोध्या के करीबी इलाकों में अच्छा वर्चस्व रहा है। कांग्रेस के जयराम वर्मा भी अयोध्या के कभी हिस्सा रहे अकबरपुर पश्चिमी से विधानसभा से जीते थे। अब इस इलाके में दो कुर्मी नेताओं लालजी वर्मा और राममूर्ति वर्मा का असर है। राममूर्ति वर्मा पहले से ही सपा में रहे हैं और अब लालजी वर्मा कटेहरी से मैदान में हैं। बस्ती-महाराजगंज में कुर्मियों की चौधराहट की बात कि जाए तो बस्ती के राम प्रसाद चौधरी कभी बसपा में रहे और बाद में सपा में शामिल हो गए।

# पहले चरण में दांव पर कई मंत्रियों की प्रतिष्ठा

अंकित सिंह

उत्तर प्रदेश चुनाव में पहले चरण के लिए मतदान की तारीख काफी नजदीक आ चुकी है। 10 फरवरी को 11 जिलों में मतदान होने हैं। पहले चरण में जिन जिलों में मतदान होगा वे सभी प्रदेश के पश्चिमी क्षेत्र के हैं। इस चरण में शामली, हापुड़, गौतम बुद्ध नगर, मुजफ्फरनगर, मेरठ, बागपत, गाजियाबाद, बुलंदशहर, अलीगढ़, मथुरा तथा आगरा जिलों में मतदान होगा। पहले चरण में विधानसभा की 58 सीटों पर महासंग्राम है। यही कारण है कि उत्तर प्रदेश में पहले चरण के चुनाव को लेकर सियासी पारा चढ़ा हुआ है। चुनाव प्रचार में भी हमने आरोप-प्रत्यारोप का आक्रमक दौर भी देखा। विशेषज्ञों की मानें तो इस बार पश्चिमी उत्तर प्रदेश में मुकाबला तगड़ा देखने को मिलेगा। उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव में मुख्य मुकाबला भाजपा और समाजवादी पार्टी के ही बीच माना जा रहा है। समाजवादी पार्टी और राष्ट्रीय लोकदल के गठबंधन ने पश्चिमी उत्तर प्रदेश के जातिगत समीकरणों को अपने पक्ष में जरूर किया है। लेकिन भाजपा भी लगातार चुनौती दे रही है। कुछ सीटों पर कांग्रेस और बसपा भी अपना वर्चस्व रखती है और यही कारण है कि भाजपा और समाजवादी पार्टी का गणित भी बिगड़ सकता है। भाजपा जहां 2017 के प्रदर्शन को दोहराना चाहेगी वही अखिलेश यादव पहले चरण में ही बढ़त के साथ गठबंधन के हक में हवा का

**उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव में मुख्य मुकाबला भाजपा और समाजवादी पार्टी के ही बीच माना जा रहा है। समाजवादी पार्टी और राष्ट्रीय लोकदल के गठबंधन ने पश्चिमी उत्तर प्रदेश के जातिगत समीकरणों को अपने पक्ष में जरूर किया है। लेकिन भाजपा भी लगातार चुनौती दे रही है।**

दांव लगा सकते हैं। पश्चिमी उत्तर प्रदेश में इस बार के चुनाव में किसान आंदोलन एक बड़ा मुद्दा है जिससे कि भाजपा को नुकसान हो सकता है। हालांकि समाजवादी पार्टी के टिकट बंटवारे को लेकर भी कई सवाल उठे। पश्चिमी उत्तर प्रदेश में भाजपा ने कानून व्यवस्था को बड़ा मुद्दा बनाया और दावा किया कि डबल इंजन के सरकार में राज्य में कई विकास के काम हुए। पश्चिमी उत्तर प्रदेश में भाजपा की ओर से लगातार मुजफ्फरनगर दंगे का मुद्दा उठाया गया। वही अखिलेश यादव और जयंत चौधरी लगातार किसानों के हक की बात करते रहे। दोनों नेता विकास और भाईचारे पर ही अपना दांव लगाते दिखाई दे रहे हैं। पहले चरण के चुनाव के लिए प्रचार का ज्यादातर काम कोविड-19 महामारी के मद्देनजर निर्वाचन आयोग द्वारा रैलियों और रोड शो पर प्रतिबंध लगाए जाने कारण डिजिटल माध्यम से ही किया गया।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भाजपा के चुनाव प्रचार अभियान की अगुवाई करते हुए केंद्र और उत्तर प्रदेश में पार्टी के नेतृत्व वाली सरकारों की उपलब्धियों का जिक्र किया और सपा-रालोद के गठबंधन पर हमला करते हुए लोगों को 'नकली समाजवादियों' से सतर्क रहने को कहा। इसके अलावा केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह और उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने वर्ष 2017 से पहले कैराना से हिंदुओं के पलायन का मुद्दा बार-बार उठाया। उधर, सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव और रालोद प्रमुख जयंत चौधरी ने अपने चुनाव प्रचार अभियान के दौरान किसानों के मुद्दों को पुरजोर तरीके से उठाया और भाजपा नेताओं पर झूठ बोलने के आरोप लगाए। अपने चुनाव प्रचार अभियान की देर से शुरुआत करने वालीं बसपा अध्यक्ष मायावती ने लोगों को अपनी पिछली सरकार के कार्यकाल में राज्य की कानून व्यवस्था की याद दिलाई और प्रतिद्वंद्वी पार्टियों पर प्रदेश की जनता से 'छल' करने का आरोप लगाया। कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाद्रा ने मतदाताओं के घर घर जाकर वोट मांगे। भाजपा की ओर से मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, गृह मंत्री अमित शाह, भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य सहित कई दिग्गजों ने चुनाव प्रचार संभाला जबकि अखिलेश यादव और जयंत चौधरी भी लगातार भाजपा के आरोपों का जवाब देते रहे। मायावती थोड़ी बाद में सक्रिय जरूर हुईं जबकि प्रियंका भी उत्तर प्रदेश में जमकर प्रचार कर रही हैं। पहले चरण के चुनाव में भाजपा ने नए प्रत्याशियों पर भी भरोसा जताया है। 14 पुराने विधायकों के टिकट के कट गया है। पहले चरण के चुनाव में कुल 623 उम्मीदवार मैदान में हैं और इस चरण में 2.27 करोड़ मतदाता हैं। पहले चरण का चुनाव जाट बहुल क्षेत्र में होगा। इस चरण में प्रदेश सरकार के मंत्री श्रीकांत शर्मा, सुरेश राणा, संदीप सिंह, कपिल देव अग्रवाल, अतुल गर्ग और चौधरी लक्ष्मी नारायण के राजनीतिक भाग्य का फैसला होगा। वर्ष 2017 में हुए पिछले विधानसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने पहले चरण की 58 में से 53 सीटों पर जीत हासिल की थी जबकि समाजवादी पार्टी (सपा) और बहुजन समाज पार्टी(बसपा) को दो-दो सीटें मिली थी। इसके अलावा राष्ट्रीय लोकदल (रालोद) का भी एक प्रत्याशी जीता था। आगरा के 9 विधानसभा सीटों पर भाजपा ने जीत हासिल की थी। बुलंदशहर के सातों सीट पर भाजपा का कमल खिला था। बागपत में दो पर भाजपा जबकि एक पर राष्ट्रीय लोक दल ने जीत हासिल की थी। हापुड़ में दो पर भाजपा और एक पर बसपा ने जीत हासिल की थी। मुजफ्फरनगर के छह के छह सीटों पर भाजपा ने एकतरफा जीत हासिल की थी। मेरठ में 7 में से 6 सीट भाजपा के खाते में गई थी जबकि एक बार समाजवादी पार्टी का साइकिल चला था। शामली में 2 सीटों पर भाजपा जीत हासिल की थी जबकि एक पर समाजवादी पार्टी को बढ़त हासिल हुई थी। गौतमबुद्ध नगर की तीनों सीटों पर भाजपा का कमल खिला था। गाजियाबाद की भी 5 सीटों पर भाजपा ने जीत हासिल की थी। अलीगढ़ में सात के सात सीट भाजपा के खाते में गए थे। जबकि मथुरा में 4 सीट भाजपा को मिले थे और एक बसपा को। भारत एक लोकतांत्रिक व्यवस्था को मानने वाला देश है, जिसकी सबसे बड़ी खूबी यह है कि देश का राजकाज चलाने के लिए खुद जनता ही चुनावों के माध्यम से अपने-अपने पसंदीदा राजनेताओं के पक्ष में बिना किसी जोर दबाव के पूर्ण स्वतंत्रता के साथ मतदान करके वोटों की ताकत के माध्यम से उनका चयन करती है, वोटों के माध्यम से जनता को मिली देश व प्रदेश का भाग्य विधाता तय करने की यही ताकत ही लोकतांत्रिक व्यवस्था की सबसे बड़ी खूबी है। उस प्रक्रिया का निर्वहन करने के लिए आजकल देश में पांच राज्यों में विधानसभा चुनावों की प्रक्रिया चल रही है। वैसे भी देखा जाये तो चुनावों का यह समय लोकतांत्रिक व्यवस्था को मानने वाले हमारे देश के लिए एक महापर्व के समान है, जिसके माध्यम से हम लोग अपना आज व अपने बच्चों का उज्ज्वल भविष्य तय करने के लिए किसी एक प्रत्याशी के पक्ष में मतदान करके उसका चयन करते हैं। लेकिन जिस तरह से धीरे-धीरे हम लोगों के रोजमर्रा के व्यवहार व आचरण में विभिन्न प्रकार की कुरीतियां आती जा रही हैं, उससे देश की लोकतांत्रिक व्यवस्था भी अछूती नहीं रही है। आज हालात यह हो गये हैं कि हमारे देश में चंद सत्तालोलुप नेताओं व विभिन्न प्रलोभन में अपना मत देने वाले चंद वोटरों की क्षणिक स्वार्थी सोच से देश में चुनावों के माध्यम से अच्छे लोगों के चयन की प्रक्रिया प्रभावित होती जा रही है।

# पहले के मुकाबले छोटा भले है पर ज्यादा बड़े इरादे वाला है भाजपा का संकल्प पत्र

**भाजपा ने इस बार 2017 की तुलना में बहुत छोटा संकल्प पत्र जारी किया है। भाजपा ने इस बार लोक कल्याण संकल्प पत्र में लिखा है "भाजपा ने कर के दिखाया है, भाजपा फिर करके दिखएगी।" भाजपा का कहना है कि वह जनता से सिर्फ वही वादे करती है जो वह पूर्ण करके दिखा सकती है।**

मृत्युंजय दीक्षित

उत्तर प्रदेश के विधानसभा चुनावों में मतदान का अवसर आ गया है, सभी दल जनमानस को लुभाने के लिए अपने-अपने चुनावी घोषणापत्रों को जारी कर रहे हैं। भारतीय जनता पार्टी ने जहां संकल्प पत्र जारी किया है वहीं समाजवादी पार्टी ने वचनपत्र जारी कर कई लोकलुभावन वादे किये हैं। बहुजन समाजवादी पार्टी ने इस बार अपना घोषणापत्र जारी नहीं करने की चतुराई की हैं लेकिन अभी तक उसे इसका कोई लाभ होता हुआ तो नहीं दिखाई पड़ रहा है। भारतीय जनता पार्टी ने इस बार पहले अपनी सरकार का पांच साल का रिपोर्ट कार्ड जारी किया और अब संकल्प पत्र के सहारे मनोवैज्ञानिक ढंग से विकास और सांस्कृतिक राष्ट्रवाद के मुददों को आगे बढ़ाने का प्रयास किया है। प्रदेश का मतदाता किसका घोषणपत्र अधिक पसंद करता है यह तो आगामी दस मार्च को ही पता चलेगा लेकिन यहां पर यह भी देखना होगा कि अभी तक जितने चुनावी सर्वे आ रहे हैं उनमें कांटे के मुकाबले के साथ भारतीय जनता पार्टी को ही नंबर वन बताया जा रहा है। भाजपा ने इस बार 2017 की तुलना में बहुत छोटा संकल्प पत्र जारी किया है। भाजपा ने इस बार लोक कल्याण संकल्प पत्र में लिखा है "भाजपा ने कर के दिखाया है, भाजपा फिर करके दिखएगी।" भाजपा का कहना है कि वह जनता से सिर्फ वही वादे करती है जो वह पूर्ण करके दिखा सकती है। भाजपा ने अपने संकल्प पत्र में किसान, युवा, सुशासन, सशक्त नारी, स्वस्थ प्रदेश, अर्थव्यवस्था एवं आधारभूत संरचना के साथ सांस्कृतिक, धार्मिक व आध्यात्मिक केंद्रों के विकास के साथ ही सबका साथ सबका विकास के नारे को आगे बढ़ाया है। भाजपा ने गृहमंत्री अमित शाह और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की उपस्थिति में 130 संकल्पों का लोक कल्याण संकल्प पत्र जारी किया है। भारतीय जनता पार्टी ने हर बेघर को घर, हर परिवार को रोजगार-स्वरोजगार सहित हर व्यक्ति की प्रति व्यक्ति आय को दोगुनी करने का बड़ा वादा किया है। भाजपा ने विरासत से विकास तक सभी सरोकार को साधने का प्रयास किया है। सांस्कृतिक राष्ट्रवाद के प्रतीकों के माध्यम के सहारे भाजपा ने पिछड़े और दलित वोट बैंक को भी साधने का प्रयास किया है। भाजपा ने अपने संकल्प पत्र के माध्यम से समाज के हर वर्ग को साधने का प्रयास किया है। भाजपा ने दलित वोट बैक को साधने के लिए महर्षि वाल्मीकि का चित्रकूट, बनारस में संत रविदास और डा. भीमराव अंबेडकर की स्मृति में सांस्कृतिक केंद्र स्थापना की घोषणा की है। पासी समाज के लिए लखनऊ स्थित महाराजा बिजली पासी किले में लाइट एंड साउंड शो की सुविधा शुरू करने की घोषणा की है। निषाद वोट बैंक पर मजबूत पकड़ बनाने के लिए निषाद राज गुह का श्रृंग्वेरपुर में सांस्कृतिक केंद्र बनाने के साथ संतों व ब्राहमण समाज के कल्याण के लिए विशेष बोर्ड बनाने का भी संकल्प लिया गया है। पूर्व मुख्यमंत्री कल्याण सिंह के नाम पर ग्राम उन्नत योजना शुरू करने की घोषणा की गयी है। क्षेत्रीय भाषाओं के विकास पर भी बल दिया गया है और सूरदास ब्रजभाषा अकादमी, गोस्वामी तुलसीदास अवधि अकादमी और बुंदेलखंड के लिए केशवदास बुंदेली अकादमी की स्थापना करने का संकल्प भी लिया गया है। पूर्वांचल में संत कबीरदास भोजपुरी अकादमी की घोषणा की गयी है। अयोध्या में सुप्रीम कोर्ट के ऐतिहासिक फैसले के बाद अयोध्या में भव्य राम मंदिर का निर्माण अबाध गति से चल रहा है और अब इसी विकास की कड़ी में अयोध्या में भगवान राम से संबंधित संस्कृति शास्त्रों और धार्मिक तथ्यों पर शोध के लिए रामायण विश्व विद्यालय की स्थापना और 2025 में दिव्य कुंभ कराने का संकल्प लिया गया है। भाजपा ने अपने संकल्प पत्र में दलित पिछडा गरीब मजदूर और बुजुर्ग सभी के कल्याण का संकल्प लिया है। इसके अलावा दिव्यांगों, बुजुर्ग व विधवा महिलाओं की पेंशन 1500 रूपये करने और सरकारी बसों में 60 साल से ऊपर की बुजुर्ग की महिलाओं को निःशुल्क बस यात्रा कराने का भी संकल्प लिया है। भाजपा को इस बार पश्चिमी उत्तर प्रदेश में किसानों की नाराजगी के कारण भारी दबाव झेलना पड़ रहा है। किसानों की नाराजगी को कम करने के लिए भाजपा ने सभी किसानों को सिंचाई के लिए मुफ्त बिजली देने का बहुत बड़ा वादा किया है। देश में आज़ादी का अमृत महोत्सव मनाया जा रहा है जिसके कारण संकल्प पत्र में देश भक्तों को भी सम्मान देने का संदेश दिया गया है। गीत संगीत के क्षेत्र में कलाकारों को लुभाने के लिए दिवंगत स्वर कोकिला लता मंगेशकर की याद में अकादमी बनायी जायेगी। विधानसभा चुनावों में कांग्रेस ने महिलाओं व छात्राओं को लुभाने के लिए पहली बार उनके लिए अलग से घोषणापत्र जारी किया है और सपा ने भी छात्राओं से काफी लोक लुभावन वादे किये हैं जिसकी काट खोजकर भाजपा ने भी मेधावी छात्राओं को स्कूटी देने और युवतियों को सुरक्षा प्रदान करने के लिए लव जिहाद पर कम से कम दस वर्ष की सजा का प्रावधान करने की घोषणा की है। मुख्यमंत्री कन्या सुमंगलम योजना में वित्तीय सहायता 15 हजार से बढ़ाकर 25 हजार करने का संकल्प लिया गया है। सामूहिक विवाह अनुदान योजना में एक लाख रूपये तक की वित्तीय सहायता साथ ही प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के अंतर्गत सभी लाभार्थियों को होली व दीपावली पर दो फ्री सिलेंडर देने का वादा किया गया है। महिलाओं को अपनी ओर आकर्षित करने के लिए भाजपा ने अपने संकल्प पत्र में लोक सेवा आयोग समेत सभी सरकारी भर्तियों में महिलाओं के पदों को दोगुना करने का संकल्प लिया है। भाजपा ने अपने संकल्प पत्र में लखनऊ और नोएडा में डिजिटल अध्ययन अकादमी बनाने, कानपुर में मेगा लेदर पार्क बनाने सहित भी कई बड़े वादे किये गये हैं। भारतीय जनता पार्टी की सरकार ने प्रदेश में आतंकी व जेहादी गतिविधियों पर लगाम लगाने के लिए देवबंद में सेंटर बनाया।

## चुनौतियों के बावजूद लोकतंत्र सबल कैसे हो?

डॉ. वेदप्रताप वैदिक

दुनिया के किन-किन देशों में कैसा-कैसा लोकतंत्र है, इसका सर्वेक्षण हर साल ब्लूमबर्ग नामक संस्था करती है। इस साल का उसका आकलन है कि दुनिया के 167 देशों में से सिर्फ 21 देशों को आप लोकतांत्रिक कह सकते हैं। 56 देश खुद को लोकतांत्रिक बताते हैं लेकिन वे लंगड़ाते हुए लोकतंत्र हैं। याने दुनिया के ज्यादातर देश या तो तानाशाही में जी रहे हैं या फौजशाही में या पार्टीशाही में या परिवारशाही या राजशाही में ! उन राष्ट्रों में आम जनता के मूल अधिकारों की परवाह करनेवाला कोई नहीं है। न सरकार, न अदालत और न ही संसद ! यह संतोष का विषय है कि भारत में नागरिकों के अधिकारों का जब भी उल्लंघन होता है तो सरकारें, संसद और अदालतें उनका संज्ञान लिये बिना नहीं रहतीं। भारत को गर्व है कि आज तक उसमें फौजी तख्ता-पलट की कोई कोशिश तक नहीं हुई जबकि हमारे पड़ोसी देशों में कई बार तख्ता-पलट हो चुके हैं। इन देशों के संविधान भी कई बार पूर्णरुपेण बदल चुके हैं लेकिन भारत का संविधान अब तक ज्यों का त्यों है। भारत के केंद्र और राज्यों में अक्सर सरकारें बदलती रहती हैं। लेकिन ऐसा बुलेट से नहीं, बैलेट से होता है। इसके बावजूद दुनिया के 167 राष्ट्रों की सूची में भारत का स्थान 46 वां क्यों है? वह पहला क्यों नहीं है? जो दुनिया का सबसे बड़ा लोकतंत्र है, वह सबसे अच्छा भी क्यों नहीं है? जिन दस देशों के नाम इस सूची में सबसे ऊपर हैं, वे भारत के औसतन प्रांतों से भी छोटे हैं- जैसे नार्वे, न्यूजीलैंड, फिनलैंड, स्वीडन, आयरलैंड, ताइवान आदि! भारत गर्व कर सकता है कि चीन, जो कि जनसंख्या में उससे भी बड़ा है, वह घटिया लोकतंत्रों में 5 वें स्थान पर है। उसके पहले चार सीढ़ियों नीचे बैठे हैं- अफगानिस्तान, म्यांमार, उत्तर कोरिया और लाओस। अपने मित्र चीन से दो सीढ़ी ऊपर बैठा है, पाकिस्तान! इन राष्ट्रों में या तो तानाशाही का डंका पिट रहा है या फौज का! किसी देश में लोकतंत्र है या नहीं है और कम है या ज्यादा है, यह नापने का जो पैमाना है, उसके पांच मानदंड हैं। एक, चुनाव प्रक्रिया, दो सरकारी काम-काज, तीन राजनीतिक भागीदारी, चार राजनीतिक तथा सांस्कृतिक स्वतंत्रता और पांच, नागरिक अधिकार! इन सब आधारों पर जांचने पर पता चला है कि अमेरिका जैसा समृद्ध राष्ट्र 26 वें स्थान पर है, भारत 46 वें पर और पाकिस्तान 104 वें स्थान पर है। पाकिस्तान में भी भारत की तरह चुनाव तो होते हैं लेकिन वहां भी अफ्रीकी देशों की तरह फौज का स्थान सर्वोपरि है। फौज पाकिस्तान की स्थायी महारानी है। सारी दुनिया की कुल आबादी में सिर्फ 6.4 प्रतिशत जनता ही स्वस्थ लोकतंत्रों में रहती है। दूसरे देशों का जो भी हाल हो, हम भारतीयों की इस खोजबीन में लगना चाहिए कि हमारे लोकतंत्र की बाधाएं क्या-क्या हैं? सबसे पहली बाधा तो यही है कि सभी पार्टियां प्रायवेट लिमिटेड कंपनियां बन गई हैं। उनमें आंतरिक स्वतंत्रता शून्य हो गई है। दूसरा, हमारे यहां मतदान के आधार प्रायः मजहब या जात बन गए हैं। तीसरा, जन-प्रतिनिधियों को वापस बुलाने का अधिकार जनता को नहीं है। चौथा, देश का शासन, प्रशासन, कानून और न्याय सब कुछ अब भी पुराने मालिक अंग्रेज की भाषा में ही चल रहा है। पांचवां, हमारे नेताओं का ब्रह्म सत्य सत्ता और पत्ता है। लोक-कल्याण तो माया है। उसे नौकरशाहों के हवाले कर दिया गया है। छठा, देश की ज्यादातर जनता के लिए उचित परिमाण में शिक्षा, चिकित्सा और खुराक का इंतजाम अभी तक नहीं हुआ है। इन सवालों का जवाब कोई ढूंढे तो देश में सच्चा लोकतंत्र लाने में देर नहीं लगेगी।

NCR समाचार

संपादकीय कार्यालय

जी-12/276, संगम विहार, नई दिल्ली-110062. सोमवार से शनिवार

प्रात: 9:00 से सायं 9:00

फोन: 8888883968, 9811111715

## आवश्यक सूचना

एनसीआर समाचार के समस्त पाठकों तथा पत्र के साथ जुड़े समस्त पत्रकारों, व्यावसायिक संयोजक, सरकारी एवं गैर सरकारी संस्थाओं/संस्थानों को यह सूचित किया जाता है कि गत वर्षों से श्री बलबीर सिंह के नेतृत्व व स्वामित्व में चले आ रहे वर्तमान एनसीआर समाचार पत्र का प्रकाशन व स्वामित्व मो. हनीफ, पुत्र श्री इस्माईल खान मास्टरजी, संगम विहार के स्वामित्व व नेतृत्व में हो रहा हैं। अतः भविष्य में समस्त प्रकार की व्यावसायिक, कानूनी एवं सामाजिक गतिविधियों के संचालन हेतु मो. हनीफ/ नये कार्यालय जी 12/276, संगम विहार, नई दिल्ली - 110062, दूरभाष (मोबाईल) 8888883968, 9811111715 से सम्पर्क करें

## संक्षिप्त समाचार

### सीतारमण ने दिग्गज उद्योगपति राहुल बजाज के निधन पर शोक जताया

**नई दिल्ली|** वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने शनिवार को दिग्गज उद्योगपति राहुल बजाज के निधन पर शोक व्यक्त किया है। सीतारमण ने एक ट्वीट में कहा, ''भारतीय उद्योग जगत की एक दिग्गज हस्ती का निधन। श्री राहुल बजाज में अपने काम के प्रति जुनून था। उन्होंने पूरे उद्योग की आवाज उठाई और कई नवोदित उद्यमियों का मार्गदर्शन किया। उनके परिवार और दोस्तों के प्रति संवेदना।'' बजाज समूह के पूर्व चेयरमैन राहुल बजाज का शनिवार को पुणे में उनके आवास पर निधन हो गया। वह 83 वर्ष के थे। समूह के एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। राहुल बजाज ने बजाज ऑटो में गैर-कार्यकारी निदेशक और चेयरमैन पद से पिछले वर्ष 30 अप्रैल को इस्तीफा दिया था हालांकि वह चेयरमैन एमेरिटस बने रहे। कुछ समय से उनकी तबियत ठीक नहीं थी और शनिवार को दोपहर करीब ढाई बजे उनका निधन हो गया। बजाज के परिवार में उनके दो बेटे राजीव बजाज और संजीव बजाज तथा बेटी सुनैना केजरीवाल हैं।

### उत्तर पश्चिम रेलवे ने कबाड़ बेचकर कमाए 205 करोड़ रुपये

**जयपुर|** उत्तर पश्चिम रेलवे ने मौजूदा वित्त वर्ष में कबाड़ बेचकर 205 करोड़ रुपये से अधिक की आय अब तक अर्जित की है। उत्तर पश्चिम रेलवे के एक प्रवक्ता के अनुसार उत्तर पश्चिम रेलवे ने वित्त वर्ष 2021-22 में अनुपयोगी तथा व्यर्थ पड़े कबाड़ (स्क्रैप) को बेचकर 205.34 करोड़ रुपये की आय अर्जित की है। उल्लेखनीय है कि उत्तर पश्चिम रेलवे ने गत वर्ष जनवरी माह तक स्क्रैप निस्तारण से 202 करोड रुपये की रिकार्ड आय अर्जित की थी। उत्तर पश्चिम रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी कैप्टन शशि किरण के अनुसार रेलवे द्वारा अनुपयोगी तथा व्यर्थ पड़े कबाड़ (स्क्रैप) के निस्तारण करने के लिये अनेक कार्य किये जा रहे हैं। भंडार विभाग द्वारा फील्ड इकाइयों से पुराने कबाड़ को हटाने तथा बेचने के लिए अभियान के तहत कार्य किया जा रहा है। उत्तर पश्चिम रेलवे को इस वर्ष कबाड़ निस्तारण से 230 करोड़ रुपये की आय अर्जित करने का लक्ष्य दिया गया है।

### सरकार ने कच्चे पाम तेल पर प्रभावी सीमा शुल्क घटाकर 5.5 प्रतिशत किया

**नई दिल्ली|** सरकार ने शनिवार को कच्चे पाम तेल के प्रभावी सीमा शुल्क को घटाकर 5.5 प्रतिशत कर दिया। इस कदम से खाद्य तेलों की कीमतों को कम करने और उपभोक्ताओं को राहत देने में मदद मिलेगी। एक आधिकारिक अधिसूचना में शनिवार को कहा गया कि कच्चे पाम तेल पर अब पांच प्रतिशत का कृषि अवसंरचना विकास उपकर लगेगा, जो अबतक 7.5 प्रतिशत था। इस कटौती के बाद कच्चे पाम तेल पर प्रभावी सीमा शुल्क 8.25 प्रतिशत की जगह 5.5 प्रतिशत रह जाएगा।कारोबारियों ने बताया कि इस कटौती से कीमतों में प्रति क्विंटल 280 रुपये की कमी आ सकती है। सरकार ने इससे पहले अक्टूबर 2021 में भी खाद्य तेल के आयात शुल्क में कटौती की थी। भारत अपनी 60 प्रतिशत से अधिक खाद्य तेल जरूरतों को आयात के माध्यम से पूरा करता है। इंडोनेशिया और मलेशिया भारत को आरबीडी पामोलिन और कच्चे पाम तेल के प्रमुख आपूर्तिकर्ता हैं।

### चार्टर्ड अकाउंटेंट देश के बही-खाते के सजग प्रहरी: जितेंद्र सिंह

**नई दिल्ली|** केंद्रीय मंत्री जितेन्द्र सिंह ने शुक्रवार को कहा कि चार्टर्ड अकाउंटेंट देश के बही-खाते के सजग प्रहरी होते हैं लिहाजा खुद उनकी अंतरात्मा का सच्चा होना भी अहम है। कार्मिक मंत्रालय द्वारा जारी एक बयान के अनुसार कार्मिक राज्य मंत्री सिंह ने कहा कि एक राष्ट्र के वित्तीय स्वास्थ्य के लिए चार्टर्ड अकाउंटेंट का ईमानदार रुख बहुत महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि वित्तीय बाजारों के सफल संचालन के लिए वित्तीय रिपोर्टिंग महत्वपूर्ण है। यह वार्षिक रूप से प्रकाशित रिपोर्ट के माध्यम से निष्पक्ष जानकारी प्रदान करती है। उन्होंने कहा कि यह सरकार और उसकी एजेंसियों को जरूरी संसाधन आवंटित करने में भी मदद करता है और देश की आय तथा अन्य संबंधित क्षेत्रों की गणना के लिए आधार के रूप में कार्य करता है। सिंह ने भारतीय चार्टर्ड अकाउंटेंट संस्थान (आईसीएआई) के वार्षिक पुरस्कार कार्यक्रम के दौरान यह बात कही। उन्होंने इस दौरान देश के विभिन्न कॉरपोरेट घरानों के साथ-साथ सार्वजनिक और निजी क्षेत्र की इकाइयों को वित्तीय रिपोर्टिंग और अंतर्राष्ट्रीय सतत रिपोर्टिंग में उत्कृष्टता के लिए पुरस्कार प्रदान किए।

### जोमैटो का शेयर छह प्रतिशत तक लुढ़का

**नई दिल्ली|** ऑनलाइन' खानपान आपूर्ति मंच जोमैटो का शेयर शुक्रवार को छह प्रतिशत लुढ़क गया। कंपनी को तीसरी तिमाही में 67.2 करोड़ रुपये का एकीकृत शुद्ध घाटा होने की खबर से उसके शेयर नीचे आ गए। बीएसई में जोमैटो का शेयर 6.08 प्रतिशत लुढ़क कर 88.75 रुपये पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 9.15 प्रतिशत गिरकर 85.85 तक चला गया था। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज में यह 6.058 प्रतिशत घटकर 88.70 रुपये के भाव पर बंद हुआ। जे एम फाइनेंशियल इंस्टीट्यूशनल सिक्योरिटीज लिमिटेड की शोध रिपोर्ट के अनुसार, ''जोमैटो का 2021-22 की तीसरी तिमाही का वित्तीय परिणाम हल्का रहा।'' कंपनी ने बृहस्पतिवार को कहा था कि उसे 31 दिसंबर 2021 को समाप्त तिमाही में 67.2 करोड़ रुपये का एकीकृत शुद्ध घाटा हुआ। हालांकि यह घाटा पिछले वित्त वर्ष की समान तिमाही के मुकाबले कम है। उस दौरान उसे 352.6 करोड़ रुपये का एकीकृत शुद्ध घाटा हुआ था। कंपनी ने शेयर बाजार को दी सूचना में कहा है कि उसकी एकीकृत आय दिसंबर, 2021 को समाप्त तिमाही में 1,112 करोड़ रुपये रही जो एक साल पहले इसी तिमाही में 609.4 करोड़ रुपये थी।

### ओमीक्रोन के कारण जनवरी में नियुक्ति की मांग स्थिर रही: रिपोर्ट

**मुंबई|** देश में नियुक्ति संबंधी मांग जनवरी, 2022 में इससे पिछले महीने की तुलना में एक प्रतिशत घटकर लगभग सपाट रही। नियुक्ति की मांग में कमी कोरोना वायरस के नए स्वरुप ओमीक्रोन की वजह से भारतीय नियोक्ताओं के सतर्क दृष्टिकोण को दर्शाती है। मॉन्स्टर इंडिया की एक व्यापक मासिक नौकरी विश्लेषण रिपोर्ट मॉन्स्टर एंप्लॉयमेंट इंडेक्स (एमईआई) के अनुसार महामारी की तीसरी लहर के कारण खुदरा क्षेत्र में नियुक्ति मांग में दिसंबर की तुलना में आठ प्रतिशत की गिरावट देखी गई। इसके अलावा यात्रा और पर्यटन में भी आठ प्रतिशत की गिरावट देखी गई।

# भारत 2024 तक नवीकरणीय ऊर्जा का इस्तेमाल करेगा: बिजली मंत्री

एजेंसी

नयी दिल्ली। बिजली मंत्री आर के सिंह ने शुक्रवार को कहा कि भारत वर्ष 2024 तक कृषि क्षेत्र में शून्य-डीजल उपयोग के लक्ष्य को हासिल कर लेगा और डीजल की जगह नवीकरणीय ऊर्जा का इस्तेमाल करने लगेगा। सिंह ने बिजली और नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालयों के अधिकारियों के साथ 'ऑनलाइन' बैठक में कहा कि कृषि क्षेत्र में डीजल की जगह नवीकरणीय ऊर्जा संसाधनों के इस्तेमाल का लक्ष्य हासिल कर लिया जाएगा। इस तरह भारत वर्ष 2024 तक कृषि क्षेत्र में शून्य डीजल उपयोग के लक्ष्य को हासिल कर लेगा। बिजली मंत्रालय की एक विज्ञप्ति के मुताबिक, इस बैठक में राज्यों एवं केंद्रशासित प्रदेशों के अतिरिक्त मुख्य सचिव और बिजली विभागों के प्रमुख सचिव भी शामिल हुए। बैठक में देश के ऊर्जा बदलाव लक्ष्यों को पूरा करने में राज्यों एवं केंद्रशासित प्रदेशों की भूमिका पर भी चर्चा की गई। इस बैठक की अध्यक्षता करते हुए सिंह ने ऊर्जा संरक्षण और दक्षता के लिए अलग से एक राज्य-केंद्रित एजेंसी बनाने की जरूरत बतायी। उन्होंने कहा कि देश की जलवायु प्रतिबद्धताएं पूरी करने के लिए राज्य-केंद्रित एजेंसी का गठन जरूरी है। बिजली मंत्री ने कहा कि अर्थव्यवस्था के संभावित क्षेत्रों में ऊर्जा-दक्ष उपायों को बड़े पैमाने पर अपनाना होगा और इसके लिए केंद्र एवं राज्य सरकारों के बीच बेहतर सामंजस्य स्थापित करने की जरूरत होगी। उन्होंने कहा कि इसे एक राज्य-केंद्रित एजेंसी बनाकर सुनिश्चित किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि राज्यों को दिए गए लक्ष्यों को हासिल करने के लिए कार्ययोजना तैयार करनी चाहिए। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार एक नया एवं आधुनिक भारत बनाने की दिशा में काम कर रही है और आधुनिक ऊर्जा प्रणालियों के बगैर इसे हासिल नहीं किया जा सकता है। इसके साथ ही उन्होंने वाणिज्यिक इमारतों में ईसीबीएस (इमारतों में ऊर्जा संरक्षण) मानक और घरेलू इमारतों में इको-निवास मानक को लागू करने की सलाह भी दी।

# भारत, ऑस्ट्रेलिया के बीच अंतरिम मुक्त व्यापार समझौता अगले महीने होने की संभावना: गोयल

एजेंसी

**नई दिल्ली**। भारत और ऑस्ट्रेलिया ने द्विपक्षीय मुक्त व्यापार समझौते से जुड़े कुछ बिंदुओं पर एक-दूसरे की चिंताओं से सामंजस्य बिठाते हुए मार्च में अंतरिम समझौते पर हस्ताक्षर की संभावना जताई है। वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने शुक्रवार को ऑस्ट्रेलियाई व्यापार मंत्री डैन टेहन के साथ एफटीए पर चर्चा के बाद आयोजित एक संयुक्त संवाददाता सम्मेलन में यह जानकारी दी। टेहन व्यापार समझौते से जुड़े बिंदुओं पर चर्चा के लिए इन दिनों भारत की यात्रा पर आए हुए हैं। गोयल ने कहा कि दोनों ही देशों ने बातचीत के दौरान कुछ क्षेत्रों में एक-दूसरे की चिंताओं के साथ तालमेल बिठाया है। गोयल ने कहा कि टेहन के साथ एफटीए पर चली बातचीत के बाद भारत एवं ऑस्ट्रेलिया द्विपक्षीय व्यापार को बढ़ावा देने के लिए अंतरिम समझौता करने पर सहमत हुए हैं। उन्होंने कहा कि दोनों देश मार्च में अंतरिम एफटीए पर हस्ताक्षर कर सकते हैं। उन्होंने कहा, मुझे यकीन है कि दोनों देशों का 20 अरब डॉलर का द्विपक्षीय व्यापार इस समझौते के बाद कई गुना बढ़ने जा रहा है। इससे दोनों ही देशों के लिए कई नए क्षेत्र खुलेंगे। दोनों ही देश इस अंतरिम समझौते से जुड़े अंतिम प्रारूप को तैयार करने में जुटे हुए हैं। हालांकि भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच अंतिम एफटीए समझौता संपन्न होने में 12-18 महीने तक लग सकते हैं।

# दुनिया के सबसे बड़े ब्लू हाइड्रोजन उत्पादकों में से एक बनने का रिलायंस का लक्ष्य

एजेंसी

**नई दिल्ली**। अरबपति कारोबारी मुकेश अंबानी की रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड (आरआईएल) ने वैश्विक स्तर पर ब्लू हाइड्रोजन के सबसे बड़े उत्पादकों में शामिल होने का लक्ष्य तय किया है। इसके साथ ही रिलायंस ने शून्य उत्सर्जन वाले इसी ईंधन को वैश्विक औसत उत्पादन लागत के मुकाबले आधी कीमत पर तैयार करने की बात कही है।

रिलायंस ने एक प्रस्तुति में कहा कि कंपनी इस समय पेट्रोलियम कोक को संश्लेषण गैस में परिवर्तित करने वाले 30,000 करोड़ रुपये के संयंत्र को ब्लू हाइड्रोजन के उत्पादन के लिए फिर से तैयार करेगी। हाइड्रोजन अभी तक ज्ञात ईंधनों में सबसे स्वच्छ ईंधन है, और उत्पादन के तरीके के आधार पर यह हरा, नीला या ग्रे हो सकता है। इनमें ब्लू हाइड्रोजन को कार्बन सापेक्ष भी कहा जाता है, क्योंकि इससे वातावरण में उत्सर्जन का फैलाव नहीं होता है। रिलायंस ने 2035 तक अपने व्यवसायों के लिए शुद्ध-शून्य कार्बन उत्सर्जन का लक्ष्य निर्धारित किया है और वह फिलहाल ब्लू हाइड्रोजन का उत्पादन बढ़ाने पर जोर दे रही है। नवीकरणीय ऊर्जा की तरफ कदम बढ़ाने के तहत आरआईएल अपनी जामनगर सिनगैस परियोजना को पूर्ण-स्वामित्व वाली अपनी एक अनुषंगी इकाई को हस्तांतरित कर रही है। कंपनी ने हाल में कहा था कि वह 2030 तक नवीकरणीय स्रोतों से कम से कम 100 गीगावाट बिजली का उत्पादन करेगी, या उत्पादन की क्षमता हासिल करेगी, जिसे कार्बन मुक्त ग्रीन हाइड्रोजन में बदला जा सकेगा। साथ ही आरआईएल ने अगले एक दशक में हाइड्रोजन की लागत को एक डॉलर प्रति किलोग्राम से नीचे लाने का लक्ष्य तय किया है।

# वाहन पीएलआई योजना में फोर्ड, टाटा, हुंदै और सुजुकी समेत 20 कंपनियां चुनी गईं

एजेंसी



**नई दिल्ली**। वाहन विनिर्माण एवं वाहन उपकरण क्षेत्र के लिए शुरू की गई उत्पादन आधारित प्रोत्साहन (पीएलआई) योजना के तहत फोर्ड, टाटा मोटर्स, सुजुकी, हुंदै, किआ और महिंद्रा एंड महिंद्रा समेत 20 कंपनियों को प्रोत्साहन मिलेगा। भारी उद्योग मंत्रालय ने शुक्रवार को इसकी घोषणा करते हुए कहा कि पीएलआई योजना के तहत 45,016 करोड़ रुपये के निवेश प्रस्ताव सामने आने से इस योजना को बड़ी सफलता मिलती हुई दिखाई दी है। इसके साथ ही मंत्रालय ने कहा कि चैंपियन मौलिक उपकरण विनिर्माताओं (ओईएम) के लिए शुरू की गई प्रोत्साहन योजना के तहत भी उपकरण विनिर्माता चुने गए हैं।

योजना के तहत चुनी गई वाहन निर्माता कंपनियों में अशोक लीलैंड, आयशर मोटर्स, फोर्ड इंडिया, हुंडेई मोटर इंडिया, किआ इंडिया, महिंद्रा एंड महिंद्रा, पीसीए ऑटोमोबाइल्स इंडिया, पिनेकल मोबिलिटी सॉल्यूशंस, सुजुकी मोटर गुजरात और टाटा मोटर्स शामिल हैं। वहीं योजना के दायरे में चुनी गई दोपहिया एवं तिपहिया वाहन कंपनियों में बजाज ऑटो, हीरो मोटोकॉर्प, पियाजियो व्हीकल्स और टीवीएस मोटर शामिल हैं। इसके अलावा वाहन उपकरण विनिर्माता श्रेणी में एक्सिस क्लीन मोबिलिटी, बूमा इनोवेटिव ट्रांसपोर्ट सॉल्यूशंस, इलेस्ट, हॉप इलेक्ट्रिक मैन्युफैक्चरिंग, ओला इलेक्ट्रिक टेक्नोलॉजीज और पावरहॉल व्हीकल शामिल की गई हैं। देश में विनिर्माण गतिविधियों को प्रोत्साहन देने के लिए सरकार पीएलआई योजना चला रही है। इसके तहत नया निवेश करने पर कंपनियों को 18 प्रतिशत तक की प्रोत्साहन राशि दी जाती है। वाहन क्षेत्र के लिए शुरू पीएलआई योजना के तहत लाभ पाने के लिए कुल 115 कंपनियों ने आवेदन किए थे।

# सेबी ने शीर्ष नियुक्ति मामले में एनएसई, रामकृष्णा, नारायण पर जुर्माना लगाया

एजेंसी

**नई दिल्ली**। पूंजी बाजार नियामक सेबी ने एनएसई और उसके पूर्व प्रबंध निदेशकों तथा मुख्य कार्यपालक अधिकारियों चित्रा रामकृष्ण और रवि नारायण तथा अन्य पर जुर्माना लगाया है। यह जुर्माना समूह परिचालन अधिकारी और प्रबंध निदेशक (एमडी) के सलाहकार के रूप में आनंद सुब्रमण्यन की नियुक्ति में प्रतिभूति अनुबंध नियमों के उल्लंघन को लेकर लगाया गया है। भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) ने रामकृष्ण पर तीन करोड़ रुपये, नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई), नारायण और सुब्रमण्यन पर दो-दो करोड़ रुपये तथा वी आर नरसिम्हन पर छह लाख रुपये का जुर्माना लगाया। इसके साथ ही नियामक ने एनएसई को कोई भी नया उत्पाद पेश करने से छह महीने के लिये रोक दिया। इसके अलावा, रामकृष्ण और सुब्रमण्यन को तीन साल की अवधि के लिए किसी भी बाजार ढांचागत संस्थान या सेबी के साथ पंजीकृत किसी भी मध्यस्थ के साथ जुड़ने को लेकर रोक लगायी गयी है। जबकि नारायण के लिये यह पाबंदी दो साल के लिये है। इसके अलावा, सेबी ने एनएसई को रामकृष्ण के अतिरिक्त अवकाश के बदले भुगतान किये गये 1.54 करोड़ रुपये और 2.83 करोड़ रुपये के बोनस (डेफर्ड बोनस) को जब्त करने का भी निर्देश दिया। नियामक ने यह कदम समूह के परिचालन अधिकारी और प्रबंध निदेशक (एमडी) के सलाहकार के रूप में आनंद सुब्रमण्यन की नियुक्ति में प्रतिभूति अनुबंध नियमों के उल्लंघन को लेकर लगाया है।

### ट्राई ने नेटवर्किंग एवं दूरसंचार उपकरण के विनिर्माण प्रोत्साहन पर शुरू किया परामर्श

एजेंसी

**नई दिल्ली**। दूरसंचार क्षेत्र के नियामक ट्राई ने देश में नेटवर्किंग एवं दूरसंचार उपकरण विनिर्माण को बढ़ावा देने को लेकर शुक्रवार को एक परामर्श पत्र जारी किया। भारतीय दूरसंचार नियामक प्राधिकरण (ट्राई) ने एक बयान में कहा कि परामर्श पत्र में नेटवर्किंग और दूरसंचार उपकरण निर्माण में मौजूदा चिंताओं पर हितधारकों के विचार लेने पर जोर दिया गया है। नियामक दूरसंचार विनिर्माण परिदृश्य को बदलने और देश को एक निर्यात केंद्र के रूप में स्थापित करने के लिए आवश्यक उपायों पर भी विचार-विमर्श करेगा। ट्राई ने एक बयान में कहा, देश में नेटवर्किंग और दूरसंचार उपकरण निर्माण (एनएटीईएम) को बढ़ावा देने पर परामर्श पत्र जारी किया है। दूरसंचार नियामक के अनुसार डेटा उपयोगकर्ताओं की बढ़ती संख्या और 5जी जैसी नई तकनीकों से नेटवर्किंग और दूरसंचार उपकरण बाजार के विकास को बढ़ावा मिलने की संभावना है।

**राहुल बजाज** — उप महाप्रबंधक के रूप में उन्होंने काम शुरू किया और 1968 में 30 साल की उम्र में वह मुख्य कार्यपालक अधिकारी बने

# स्पष्टवक्ता, निडर उद्योगपति, जिन्होंने मध्यमवर्ग की आकांक्षाओं को 'पंख' दिए

एजेंसी

**नई दिल्ली**। उदारीकरण से पहले के दौर में भारत में 'हमारा बजाज' धुन एक वक्त मध्यमवर्गीय भारतीय परिवारों की महत्वाकांक्षा का प्रतीक थी और उनके बेहतर भविष्य की आकांक्षाओं को प्रतिध्वनित करती थी। यह धुन थी बजाज ऑटो की और इसके पीछे बेहद बड़े कद वाले बेखौफ उद्योगपति थे राहुल बजाज। स्पष्ट और खुलकर बोलने वाले राहुल बजाज ने परमिट राज के दौरान दो पहिया और तीन पहिया वाहनों का ब्रांड स्थापित करके अपना दम दिखाया था। बजाज समूह के पूर्व चेयरमैन राहुल बजाज का शनिवार को पुणे में उनके आवास पर निधन हो गया। वह 83 वर्ष के थे। उन्होंने बजाज ऑटो में गैर-कार्यकारी निदेशक और चेयरमैन पद से पिछले वर्ष 30 अप्रैल को इस्तीफा दिया था हालांकि वह चेयरमैन एमेरिटस बने रहे। बिना लाग लपेट के अपनी बात रखने वाले बजाज कूटनीति में पारंगत अन्य उद्योगपतियों से अलग थे, साफगोई उनकी खासियत थी भले इसकी वजह से सरकार के साथ ठन जाए, चाहे अपने खुद के बेटे के साथ आमना-सामना हो जाए। नवंबर 2019 की बात है, उन्होंने गृह मंत्री अमित शाह, समेत मंत्रियों के एक समूह पर चुभने वाले सवाल दाग दिए थे। राहुल बजाज का जन्म 10 जून 1938 को कलकत्ता में हुआ था। उनके दादा जमनालाल बजाज ने 1926 में बजाज समूह की स्थापना की थी। बजाज ने दिल्ली के स्टीफन कॉलेज से स्नातक और अमेरिका के हार्वर्ड बिजने स्कूल से एमबीए किया। अपने पिता कमलनयन बजाज की टीम में उप महाप्रबंधक के रूप में उन्होंने काम शुरू किया और 1968 में 30 साल की उम्र में वह मुख्य कार्यपालक अधिकारी बने। ऑटोमोबाइल, जनरल बीमा तथा जीवन बीमा, निवेश एवं उपभोक्ता फाइनेंस, घरेलू उपकरण, इलेक्ट्रिक लैंप, पवन ऊर्जा, स्टेनलेस स्टील जैसे क्षेत्रों में कारोबार करने वाले बजाज समूह का नेतृत्व संभालकर उन्होंने इसे वृद्धि के रास्ते पर बढ़ाया। उनके नेतृत्व में बजाज ऑटो का कारोबार 7.2 करोड़ रुपये से बढ़कर 12,000 करोड़ रुपये हो गया। 2008 में उन्होंने बजाज ऑटो को तीन इकाईयों-बजाज ऑटो, बजाज फिनसर्व और एक होल्डिंग कंपनी में बांटा। उनके बेटे राजीव बजाज और संजीव बजाज ऑटो और फाइनेंस कंपनियों को संभाल रहे हैं। कंपनी का बजाज चेतक स्कूटर मध्यमवर्गीय भारतीय परिवारों की आकांक्षा का प्रतीक बना। 2005 में उन्होंने कंपनी की जिम्मेदारी धीरे-धीरे अपने बेटे राजीव बजाज को सौंपनी शुरू की। राजीव बजाज ऑटो के प्रबंध निदेशक बन गए और कंपनी को वैश्विक स्तर पर प्रतिस्पर्धी बनाया। हालांकि जब राजीव ने 2009 में स्कूटर को छोड़कर बजाज ऑटो में पूरा ध्यान मोटरसाइकिल विनिर्माण पर देना शुरू किया तो राहुल बजाज ने अपनी निराशा नहीं छिपाई। उन्होंने सार्वजनिक तौर पर कहा, ''मुझे बुरा लगा, दुख हुआ।'' मुंबई में नवंबर 2019 में उन्होंने एक कार्यक्रम में सरकार द्वारा आलोचना को दबाने के बारे में खुलकर बोला जिसमें गृह मंत्री अमित शाह, वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण और वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल मौजूद थे। उन्होंने कहा था, ''भय का माहौल है, यह निश्चित ही हमारे मन मस्तिष्क पर है। आप (सरकार) अच्छा काम कर रहे हैं उसके बावजूद हमें भरोसा नहीं कि आप आलोचना को स्वीकार करेंगे।'' बजाज जून 2006 में राज्यसभा में मनोनीत हुए और 2010 तक सदस्य रहे। उन्हें पद्मभूषण से सम्मानित किया गया था तथा कई विश्वविद्यालयों से डॉक्टरेट की मानद उपाधि दी गई। वह इंडियन एयरलाइंस के चेयरमैन, आईआईटी-बॉम्बे के निदेशक मंडल के चेयरमैन समेत कई महत्वपूर्ण पदों पर रहे। आज तक वह ऐसे इकलौते व्यक्ति रहे जो उद्योग चैंबर सीआईआई के दो बार अध्यक्ष रहे, पहली बार 1979-80 और फिर 1999 से 2000 तक।

संक्षिप्त समाचार

## कनाडा में ट्रक जाम के बाद ओंटारियो ने आपातकाल की घोषणा की

**टोरंटो|** कनाडाई राज्य ओंटारियो के प्रीमियर ने ओटावा और अमेरिका की सीमा पर ट्रक जाम की स्थिति को देखते हुए शुक्रवार को आपातकाल की घोषणा की। ओंटारियो के प्रीमियर डाउग फोर्ड ने साथ ही कहा कि सामान और लोगों की आवाजाही बाधित करने वालों के खिलाफ कार्रवाई के लिए वह नए कानून जल्द लाने की मांग करेंगे। फोर्ड ने कहा कि वह शनिवार को प्रांतीय कैबिनेट की बैठक बुलाएंगे ताकि ऐसे आदेशों को लागू कराया जा सके कि बुनियादी सुविधाओं को रोकना अवैध हैं। उन्होंने कहा ,'' हम दो सप्ताह से ओटावा में यह देख रहे हैं ,अब ये विरोध प्रदर्शन नहीं है ,यह अवैध कब्जा है।'' कनाडा में लगातार चौथे दिन सैकड़ों ट्रक चालकों ने अपने वाहन के साथ प्रदर्शन किया। उन्होंने ओंटारियो में विंडसर को अमेरिकी शहर डेट्रॉइट से जोड़ने वाले एम्बेसडर ब्रिज को अवरुद्ध कर दिया है जिससे दोनों देशों के बीच ऑटो पार्ट्स तथा अन्य उत्पादों का आयात-निर्यात बाधित हो गया है।

## मुठभेड़ में नौ पुलिस अधिकारी घायल

**फीनिक्स।** फीनिक्स में एक व्यक्ति ने घर पहुंचे पुलिस अधिकारी पर शुक्रवार को घात लगाकर गोलियां चलाईं। इसके बाद आरोपी ने एक बच्चे को बचाने घटनास्थल पर पहुंचे अन्य पुलिस अधिकारियों पर भी गोलियां चलाई। घटना में कुल नौ अधिकारी घायल हुए हैं। फीनिक्स के पुलिस सार्जेंट एंडी विलियम्स ने बताया कि सभी घायलों के जल्द स्वस्थ्य होने की उम्मीद है। बच्चा सुरक्षित है।विलियम्स ने बताया ,''एक महिला के गोली मारने की घटना की जानकारी मिलने पर एक पुलिस अधिकारी दोपहर सवा दो बजे एक घर पर पहुंचा। घर के दरवाजे पर पहुंचते ही एक व्यक्ति ने उस पर कई बार गोलियां चलाई।'' उन्होंने बताया कि अधिकारी वहां से सुरक्षित निकलने में कामयाब रहा। उन्होंने बताया कि कुछ देर बाद एक व्यक्ति बाहर आया और उसने एक बच्चे को दरवाजे पर बैठा दिया और आत्मसमर्पण के लिए हाथ उठाए। इस पर अन्य अधिकारियों के वहां पहुंचने पर उन पर भी गोलियां चलाई गईं। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## क्वाड के सकारात्मक योगदान पर किसी को संदेह नहीं करना चाहिए : जयशंकर

**मेलबर्न (आस्ट्रेलिया)|** विदेश मंत्री एस जयशंकर ने शनिवार को कहा कि क्वाड के सकारात्मक योगदान पर किसी को संदेह नहीं करना चाहिए। जयशंकर ने कहा कि जब उन्होंने और चार देशों के समूह के उनके समकक्षों ने प्रतिष्ठित मेलबर्न क्रिकेट ग्राउंड (एमसीजी) का दौरा किया तो ''बड़ी प्रगति'' हुई। जयशंकर ने शुक्रवार को यहां प्रतिष्ठित मेलबर्न क्रिकेट ग्राउंड के दौरे के दौरान अपनी ऑस्ट्रेलियाई समकक्ष मारिस पायने को भारतीय क्रिकेटर विराट कोहली द्वारा हस्ताक्षरित एक क्रिकेट बैट भेंट किया। क्वाड विदेश मंत्रियों की महत्वपूर्ण बैठक में भाग लेने वाले जयशंकर ने पायने, अमेरिकी विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन और जापानी विदेश मंत्री हयाशी योशिमासा के साथ ऑस्ट्रेलिया के सबसे बड़े और सबसे प्रतिष्ठित खेल स्टेडियम का दौरा किया। जयशंकर ने कहा, ''जिन्हें भी संदेह है, उन्हें कल एमसीजी में क्वाड के सकारात्मक संदेश और सकारात्मक दृष्टिकोण को देखना चाहिए। मुझे लगता है कि बड़ी प्रगति हुई, जब हमने मंत्रियों, हयाशी और ब्लिंकन से गेंदबाजी सहित क्रिकेट की पेचीदगियों के बारे में बात की।'' जयशंकर ने शुक्रवार को यहां क्वाड विदेश मंत्रियों की एक महत्वपूर्ण बैठक में भाग लेने और द्विपक्षीय बैठक के बाद पायने के साथ संयुक्त संवाददाता सम्मेलन में कहा, ''इसलिए, किसी को भी क्वाड के सकारात्मक योगदान पर संदेह नहीं करना चाहिए।'' एमसीजी में 1,00,000 लोगों के बैठने की क्षमता है और यह ऑस्ट्रेलिया का सबसे बड़ा खेल का मैदान है।

## यूक्रेन संकट पर पुतिन और बाइडन की फोन पर एक घंटे चली वार्ता समाप्त

**मॉस्को|** यूक्रेन संकट के बीच रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन तथा अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन के बीच फोन पर चली लंबी वार्ता समाप्त हो गयी है। व्हाइट हाउस का कहना है कि खुफिया रिपोर्टें हैं कि रूस जल्द ही यूक्रेन पर आक्रमण कर सकता है। व्हाइट हाउस ने बताया कि दोनों नेताओं के बीच62 मिनट तक बातचीत हुई। रूस ने यूक्रेन की सीमा पर एक लाख से ज्यादा सैनिकों का जमावड़ा कर रखा है और पड़ोसी देश बेलारूस में युद्धाभ्यास के लिए अपने सैनिक भेजे हैं। एक अमेरिकी अधिकारी ने कहा कि खुफिया सूचना मिली है कि रूस बुधवार को हमला कर सकता है। हालांकि उन्होंने कहा कि यह सूचना कितनी पुष्ट है, इस बारे में कुछ कहा नहीं जा सकता। अमेरिकी अधिकारियों ने कहा कि यूक्रेन के आसपास रूस का सैन्य जमावड़ा उस बिंदु पर पहुंच गया है जहां से वह किसी भी समय आक्रमण कर सकता है। हालांकि रूस लगातार इस बात से इनकार करता रहा है कि वह यूक्रेन पर आक्रमण करने वाला है।

## यूक्रेन पर रूसी आक्रमण का खतरा, अपने दूतावास को खाली करने की तैयारी में अमेरिका

**वाशिंगटन।** पश्चिमी खुफिया अधिकारियों द्वारा यूक्रेन पर रूसी आक्रमण का खतरा जताए जाने के बीच अमेरिका यूक्रेन में अपने दूतावास को खाली करने की तैयारी कर रहा है। अमेरिकी अधिकारियों ने कहा कि विदेश मंत्रालय जल्द ही यह घोषणा करने वाला है कि रूसी आक्रमण की आशंका के मद्देनजर कीव दूतावास के सभी अमेरिकी कर्मचारियों को पहले ही देश छोड़ना होगा। विदेश मंत्रालय ने इस पर कोई टिप्पणी नहीं की। मंत्रालय ने पहले यूक्रेन में अमेरिकी दूतावास के कर्मचारियों के परिवारों को देश छोड़ने का आदेश दिया था। इसके अलावा गैर-आवश्यक कर्मियों से कहा गया था कि वे वहां से प्रस्थान करना चाहते हैं या नहीं, यह उनके विवेक पर निर्भर है। नया कदम ऐसे वक्त में आया है जब अमेरिका ने यूक्रेन पर संभावित रूसी आक्रमण के बारे में अपनी चेतावनियों को बढ़ा दिया। अधिकारियों ने नाम नहीं जाहिर करने की शर्त पर बताया कि सीमित संख्या में अमेरिकी राजनयिकों को यूक्रेन के सुदूर पश्चिम में नाटो के सहयोगी पोलैंड के साथ लगती सीमा के पास स्थानांतरित किया जा सकता है, ताकि देश में अमेरिका की राजनयिक उपस्थिति बरकरार रखी जा सके।

# भारत को चीन से चुनौतियों का सामना करना पड़ रहा है : व्हाइट हाउस

एजेंसी

**वाशिंगटन।** व्हाइट हाउस ने हिंद-प्रशांत रणनीतिक रिपोर्ट जारी करते हुए कहा है कि भारत को भू-राजनीतिक चुनौतियों का सामना करना पड़ रहा है विशेषकरचीन और वास्तविक नियंत्रण रेखा पर उसके व्यवहार के कारण। शुक्रवार को जारी की गई रणनीतिक रिपोर्ट राष्ट्रपति जो बाइडन के नेतृत्व वाले प्रशासन की पहली क्षेत्र विशिष्ट रिपोर्ट है।

रिपोर्ट में हिंद-प्रशांत में अमेरिका की स्थिति को दृढ़ता से मजबूत करने, क्षेत्र को मजबूत करने और इस प्रक्रिया में भारत के उदय एवं क्षेत्रीय नेतृत्व का समर्थन करने के लिए राष्ट्रपति के दृष्टिकोण को रेखांकित किया गया है। व्हाइट हाउस ने कहा, ''हम एक रणनीतिक साझेदारी का निर्माण करना जारी रखेंगे जिसमें अमेरिका और भारत दक्षिण एशिया में स्थिरता को बढ़ावा देने के लिए एक साथ और क्षेत्रीय समूहों के माध्यम से काम करते हैं, स्वास्थ्य, अंतरिक्ष और साइबर स्पेस जैसे नए क्षेत्र में सहयोग करते हैं, हमारे आर्थिक और प्रौद्योगिकी सहयोग को मजबूत करते हैं, तथा एक स्वतंत्र और खुले हिंद-प्रशांत में योगदान करते हैं।'' व्हाइट हाउस ने बयान में कहा, ''हम मानते हैं कि भारत दक्षिण एशिया और हिंद महासागर में एक समान विचारधारा वाला भागीदार और नेतृत्वकर्ता है, जो दक्षिण पूर्व एशिया में सक्रियता से जुड़ा हुआ है। साथ ही भारत क्वाड और अन्य क्षेत्रीय मंचों की प्रेरक शक्ति और क्षेत्रीय विकास के लिए एक इंजन है।''

हालांकि, एक वरिष्ठ अमेरिकी अधिकारी ने नाम नहीं जाहिर करने के अनुरोध पर बताया कि भारत महत्वपूर्ण चुनौतियों से जूझ रहा है। व्हाइट हाउस के अधिकारी ने कहा, ''भारत को बहुत महत्वपूर्ण चुनौतियों का सामना करना पड़ रहा है। वास्तविक नियंत्रण रेखा पर चीन के व्यवहार का भारत पर जबरदस्त प्रभाव पड़ा है। हमारे दृष्टिकोण से हम अन्य लोकतंत्र के साथ काम करने के लिए जबरदस्त अवसर देखते हैं - एक ऐसे देश के साथ जिसकी समुद्री परंपरा है, जो वैश्विक साझा मुद्दों और क्षेत्र में महत्वपूर्ण मुद्दों को आगे बढ़ाने के महत्व को समझता है।'' पैंगोंग झील क्षेत्र में हिंसक झड़प के बाद पांच मई

**अधिकारी ने कहा, ''भारत के साथ जुड़ाव को मजबूत करने के महत्व और चुनौतियों की जबरदस्त सराहना हुई है और यह मान्यता है कि भारत एक महत्वपूर्ण रणनीतिक साझेदार है और पिछले प्रशासन के बेहतर काम को जारी रखने की इच्छा है ताकि उस रिश्ते को व्यापक और गहरा किया जा सके।''**

2020 को पूर्वी लद्दाख में भारत और चीन के बीच सीमा गतिरोध शुरू हुआ था। अधिकारी ने कहा, ''भारत के साथ जुड़ाव को मजबूत करने के महत्व और चुनौतियों की जबरदस्त सराहना हुई है और यह मान्यता है कि भारत एक महत्वपूर्ण रणनीतिक साझेदार है और पिछले प्रशासन के बेहतर काम को जारी रखने की इच्छा है ताकि उस रिश्ते को व्यापक और गहरा किया जा सके।'' वरिष्ठ प्रशासक ने कहा कि पूर्ववर्ती अमेरिकी प्रशासन, जिसमें राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के नेतृत्व वाला पिछला प्रशासन भी शामिल है, ने हिंद-प्रशांत क्षेत्र में बहुत अच्छा काम किया। यह रणनीतिक रिपोर्ट ऐसे समय जारी की गई है जब ऑस्ट्रेलिया में क्वाड की मंत्रिस्तरीय वार्ता हुई है।

ऑस्ट्रेलिया, भारत, जापान और अमेरिका के विदेश मंत्रियों ने शुक्रवार को क्षेत्र में चीन की आक्रामक भूमिका पर चिंता व्यक्त की। रणनीतिक रिपोर्ट में कहा गया है कि चीन अपनी आर्थिक, कूटनीतिक, सैन्य और तकनीकी शक्ति को बढ़ा रहा है और हिंद-प्रशांत क्षेत्र में प्रभाव जमाना चाहता है तथा दुनिया की सबसे प्रभावशाली शक्ति बनना चाहता है। इसमें कहा गया है कि चीन का दबाव और आक्रामकता दुनिया भर में फैली हुई है, लेकिन यह हिंद-प्रशांत में सबसे गंभीर है। रिपोर्ट में कहा गया है, ''ऑस्ट्रेलिया के आर्थिक दबाव से लेकर भारत के साथ वास्तविक नियंत्रण रेखा पर संघर्ष तक, ताइवान पर बढ़ते दबाव और पूर्वी एवं दक्षिण चीन सागर में पड़ोसियों को डराने-धमकाने तक, इस क्षेत्र में हमारे सहयोगी और भागीदार चीन के इस नुकसानदायक व्यवहार को झेल रहे हैं।''रणनीतिक रिपोर्ट में कहा गया है कि इस प्रक्रिया में, चीन नौवहन की स्वतंत्रता सहित मानवाधिकारों और अंतरराष्ट्रीय कानून के साथ उन सिद्धांतों को भी कमजोर कर रहा है जिससे हिंद-प्रशांत क्षेत्र में स्थिरता और समृद्धि आई है। एक सवाल के जवाब में वरिष्ठ अधिकारी ने संवाददाताओं से कहा कि अमेरिका के पूर्ववर्ती चार प्रशासनों ने भारत के साथ संबंध सुधारने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि भारत कई मायनों में ऑस्ट्रेलिया और अन्य देशों की तुलना में बहुत अलग स्थान रखता है।

नए दृष्टिकोण के दो प्रमुख तत्व हैं। वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि सबसे पहले, इस रणनीति का लक्ष्य क्षेत्र में अमेरिकी भूमिका को मजबूत करना है, जो इस क्षेत्र के लिए अमेरिका के लिए बहुत महत्वपूर्ण है। दूसरा, अमेरिका 21वीं सदी की चुनौतियों का सामना करने और अवसरों का लाभ उठाने के लिए सामूहिक क्षमता का निर्माण करना चाहता है, चाहे वह जलवायु से संबंधित हो, चीन का मामला हो, या अगली महामारी से निपटने की तैयारी और वर्तमान महामारी से उबरने से संबंधित हो।

## आ गई रूस-यूक्रेन वॉर की तारीख! पुतिन का आदेश जारी

### सेना की फाइनल तैयारी, अमेरिका के 4 परमाणु बॉम्बर पहुंचे

एजेंसी

राष्ट्रपति जो बाइडेन ने इससे पहले अमेरिकी नागरिकों को यूक्रेन छोड़ने की सलाह दी थी। इस बार यूक्रेन की सरकार ने हजारों ब्रिटिश लोगों को जल्द से जल्द देश लौटने को कहा। ब्रिटेन का यह मानना है कि रूस यूक्रेन पर कभी भी हमला कर सकता है। सूत्रों का दावा है कि रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने अपना मन बना लिया है! अगले बुधवार,उनकी सेना यूक्रेन में प्रवेश कर सकती है और हमले की पूरी तैयारी है। संयुक्त राज्य अमेरिका और जर्मनी को डर है कि रूसी सेना उस दिन से यूक्रेनी राजधानी कीव में बमबारी कर सकती है। इसलिए समय रहते पश्चिमी देशों ने अपने नागरिकों को सुरक्षित घर लौटने का निर्देश दिया है। ब्रिटिश विदेश कार्यालय के अनुसार एक बार युद्ध छिड़ जाने के बाद यूक्रेन में सभी व्यापारिक गतिविधियाँ ठप हो जाएँगी। उड़ान सेवा बंद रहेगी। क्योंकि पुतिन की सेना हवाई हमले भी कर सकती है। जो लोग देश लौटना चाहते हैं, उनके पास एक और पल बर्बाद करने का समय नहीं है। सूत्रों के अनुसार, मास्को पहले ही यूक्रेन की सीमा पर लगभग 130,000 सैनिकों को तैनात कर चुका है। सभी जरूरी युद्ध सामग्री भी वहीं रखी गई है। इसलिए भले ही रूस युद्ध की शुरुआत से इनकार कर रहा हो लेकिन ऐसी किसी संभावना से इनकार नहीं किया जा सकता है। सूत्रों का दावा है कि अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन द्वारा देश के नागरिकों को यूक्रेन छोड़ने के लिए कहने के बाद से स्थिति तेजी से बिगड़ी है। डर है कि पुतिन किसी भी समय अपनी सेना को यूक्रेन में प्रवेश करने का आदेश दे सकते हैं। ऐसे में ब्रिटेन ही नहीं यूरोपीय संघ ने भी अपने हर देश के नागरिकों को यूक्रेन छोड़ने का निर्देश दिया है। खासकर जो लोग किसी आपात सेवा से जुड़े नहीं हैं, उन्हें तुरंत देश लौटने को कहा गया है। रूस-यूक्रेन तनाव के बीच अमेरिका फुल एक्शन मोड में आ गया है। अमेरिका के चार परमाणु बॉम्बर ब्रिटेन पहुंच गए है। बेलारूस में रूस के बॉम्बर के जवाब में अमेरिका ने अपना बॉम्बर भेजा है। व्हाइट हाउस की ओर से दी गई जानकारी के अनुसार बाइडेन और पुतिन फोन पर वार्ता करने वाले हैं।

## पुतिन-मैक्रों के बीच 13 फीट की दूरी क्यों हुई जरूरी?

### रूस के हाथ न लग जाए DNA इसलिए नहीं कराया कोविड टेस्ट

एजेंसी



यूक्रेन संकट के चलते पूरे यूरोप में छाए युद्ध के बादलों के बीच इस समय का कूटनीतिक हल तलाशने के लिए पिछले दिनों रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन की मुलाकात फ्रांस के राष्ट्रपति इमैन्युअल मैक्रों के साथ हुई। पुतिन से मिलने के लिए मैक्रों पहुंचे। इस मुलाकात से यूक्रेन समस्या का कोई समाधान तो नहीं निकल सका लेकिन इस मीटिंग की तस्वीरें सोशल मीडिया पर पूरी तरह छा गई हैं। इसकी वजह पुतिन की मैक्रों के साथ 13 फीट की दूरी है। इस मीटिंग की एक तस्वीर जारी की गई जिसमें दोनों नेता एक 13 फीट लंबे टेबल के दोनों कोनों पर बैठे हुए थे। इस तस्वीर को लेकर सोशल मीडिया पर कई तरह के मीम्स भी वायरल हुए। लेकिन सवाल आखिरकार बरकार था कि पुतिन और मैक्रों के बीच इस दूरी की वजह क्या रही? दोनों नेता मीटिंग के बाद जब प्रेस से मुखातिब हुए तो भी दोनों के भी ये दूरी बरकरार रही।

ऐसा इससे पहले कभी नहीं हुआ था। इससे पहले भी दोनों नेताओं की मुलाकात हुई थी और हाथ भी मिलाए गए थे। लेकिन इस बार ऐसा कुछ नहीं हुआ। जिसके पीछे की वजह कोविड टेस्ट रहा है। दरअसल, मैक्रों के साथ रूस की यात्रा पर जाने वाले एक स्टाफ ने समाचार एजेंसी रॉउटर्स को बताया कि पुतिन ने मैक्रों के साथ ये दूरी कोरोना प्रोटोकॉल के तहत बरती थी। खबर के अनुसार मुलाकात से पहले पुतिन ने मैक्रों को आरटीपीसीआर टेस्ट कहां जिससे मैक्रों ने इनकार कर दिया।

इस इनकार के बाद पुतिन के अधिकारियों ने मैंक्रों को इस मुलाकात में 13 फीट यानी 4 मीटर की दूरी बरतने का ऑपशन दिया जिसे मैंक्रों ने कबूल कर लिया। समाचार एजेंसी रॉयटर्स की रिपोर्ट के अनुसार इमैन्युअल मैक्रों ने कोरोना टेस्ट कराने से इस वजह से इनकार कर दिया कि कहीं कोविड किट की मदद से उनका डीएनए रूस के हाथ न लग जाए। फ्रांसीसी राष्ट्रपति के स्वास्थ्य अधिकारियों के सूत्रों के हवाले से समाचार एजेंसी ने अपनी रिपोर्ट में लिखा है कि बैठक से पहले मैक्रों को रूसी अधिकारियों के द्वारा पुतिन के पास जाने से पहले किए जा रहे पीसीआर टेस्ट कराने का ऑपशन दिया गया। लेकिन मैक्रों ने कोविड टेस्ट कराने से मना कर दिया।

# चीन के लिखित समझौतों की अवहेलना करने के कारण एलएसी पर मौजूदा स्थिति पैदा हुई : जयशंकर

एजेंसी

**मेलबर्न।** भारत के विदेश मंत्री एस जयशंकर ने शनिवार को कहा कि वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) पर मौजूदा स्थिति, चीन द्वारा सीमा पर सैनिकों को एकत्र न करने के लिखित समझौतों की अवहेलना करने के कारण पैदा हुई है।

ऑस्ट्रेलियाई विदेश मंत्री मारिस पायने के साथ संयुक्त संवाददाता सम्मेलन में जयशंकर ने कहा कि जब कोई बड़ा देश लिखित प्रतिबद्धताओं की अवहेलना करता है तो यह पूरे

अंतरराष्ट्रीय समुदाय के लिए चिंता का विषय होता है। उन्होंने भारत और चीन की सेनाओं के बीच पूर्वी लद्दाख सीमा पर गतिरोध पर एक सवाल के जवाब में यह बयान दिया। यह पूछे जाने पर कि क्या शुक्रवार को यहां क्वाड के विदेश मंत्रियों की बैठक में भारत-चीन सीमा पर गतिरोध के मुद्दे पर चर्चा हुई, जयशंकर ने ''हां'' में जवाब दिया। उन्होंने कहा, ''हां, हमने (क्वाड) भारत-चीन संबंधों पर चर्चा की क्योंकि यह, हमारे पड़ोस में होने वाले घटनाक्रम की जानकारी एक दूसरे को देने के तरीके का एक हिस्सा है। यह एक ऐसा मसला है जिनमें कई देशों ने को रुचि है। खासतौर से हिंद-प्रशांत क्षेत्र के देश।'' जयशंकर ने कहा कि सीमा पर सैनिकों का जमावड़ा न करने के भारत के साथ किए गए लिखित समझौतों की चीन द्वारा 2020 में अवहेलना करने के कारण एलएसी पर मौजूदा स्थिति पैदा हुई। उन्होंने कहा, ''जब कोई बड़ा देश लिखित समझौतों की अवहेलना करता है तो मुझे लगता है कि यह पूरे अंतरराष्ट्रीय समुदाय के लिए वाजिब चिंता का विषय बन जाता है।'' गौरतलब है कि पैंगोंग झील में हिंसक झड़प के बाद भारत और चीन की सेनाओं के बीच पूर्वी लद्दाख सीमा पर गतिरोध पैदा हुआ तथा दोनों पक्षों ने हजारों सैनिकों को सीमा पर भेजकर अपनी तैनाती धीरे-धीरे बढ़ा ली है।

## बाइडन ने पुतिन को यूक्रेन पर आक्रमण की ''भारी कीमत'' चुकाने की चेतावनी दी: व्हाइट हाउस

**मॉस्को।** अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन ने रूस के राष्ट्रपति से यूक्रेन की सीमा पर एक लाख से ज्यादा सैनिकों के जमावड़े को हटाने को शनिवार को फिर से कहा, साथ ही रूस को चेतावनी दी कि अगर वह यूक्रेन पर आक्रमण करता है तो अमेरिका और उसके सहयोगी '' दृढ़ता से जवाब देंगे और उसे इसकी भारी कीमत चुकानी होगी।'' अमेरिकी राष्ट्रपति के कार्यालय व्हाइट हाउस ने यह जानकारी दी। जानकारी के अनुसार बाइडन ने पुतिन से कहा,''आक्रमण का अंजाम 'व्यापक मानवीय पीड़ा' होगी और रूस की छवि धूमिल' होगी। साथ ही बाइडन ने पुतिन से यह भी कहा कि अमेरिका यूक्रेन पर कूटनीति जारी रखेगा लेकिन 'अन्य परिदृश्यों के लिए भी समान रूप से तैयार है'। यूक्रेन संकट के बीच रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन तथा अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन के बीच फोन पर 62 मिनट तक बातचीत हुई। दोनों नेताओं के बीच बातचीत तब हुई जब बाइडन के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार ने खुफिया सूचनाओं का हवाला देते हुए आगाह किया कि रूस कुछ ही दिन में और बीजिंग में चल रहे शीत ओलंपिक के 20 फरवरी को समाप्त होने से पहले आक्रमण कर सकता है।

सर्वे

सरकार और मंत्रालयों ने नहीं दिए वांछित परिणाम

# इमरान का बड़ा कबूलनामा,पाकिस्तान में बदलाव ला पाने में नाकाम रहे

एजेंसी

इमरान खान ने 10 फरवरी को एक सरकारी कार्यक्रम में शिरकत करने पहुंचे थे। इस दौरान उन्होंने कबूल कर लिया कि वो पाकिस्तान को बदलने में पूरी तरह नाकाम साबित हुए हैं। हालांकि इमरान खान ने अपनी नाकामी का ठीकरा देश के सिस्टम पर फोड़ दिया है।

पाकिस्तान की गिरती हुई अर्थव्यवस्था उसको एक नाकाम देश बनाने की ओर बढ़ा रही है। अब उसके प्रधानमंत्री इमरान खान का एक ऐसा बयान सामने आया है जिसमें उन्होंने खुद कबूल किया है कि वो अब हार चुके हैं। वो अब पूरी तरह से नाकाम हो चुके हैं। वो अब पाकिस्तान के हालात को सुधारने के काबिल नहीं रहे। पाकिस्तानी कप्तान का ये कबूलनामा अपने आप में बेहद चौंकाने वाला है। हाल ही में इमरान अपने जिगरी दोस्त चीन की यात्रा से वापस लौटे हैं। जहां उन्होंने शी जिनपिंग के आगे सिर झुकाते हुए अपने देश की खास्ता अर्थव्सवस्था और तंगहाली से उबारने की मिन्नतें की। पाकिस्तान की गिड़गिड़ाने पर चीन ने भी तरह खाते हुए इस्लामाबाद में अपना निवेश बढ़ाने के लिए नए प्रोजेक्ट्स शुरू करने के लिए राजी हो

गया। लेकिन इमरान खान को लगता है कि वो अब पाकिस्तान के प्रधानमंत्री के तौर पर नाकाम हो गए हैं। इमरान खान ने 10 फरवरी को एक सरकारी कार्यक्रम में शिरकत करने पहुंचे थे। इस दौरान उन्होंने कबूल कर लिया कि वो पाकिस्तान को बदलने में पूरी तरह नाकाम साबित हुए हैं। हालांकि इमरान खान ने अपनी नाकामी का ठीकरा देश के सिस्टम पर फोड़ दिया है। कार्यक्रम में इमरान ने कहा कि शुरुआत में हम क्रांतिकारी कदमों के जरिये बदलाव लाना चाहते थे। लेकिन बाद में हमें अहसास हुआ कि हमारी व्यवस्था इस बदलाव को सहने में असमर्थ है। प्रधानमंत्री इमरान खान ने कार्यक्रम में कहा कि सरकार और मंत्रालयों ने वांछित परिणाम नहीं दिए हैं।

उन्होंने कहा, ₹सबसे बड़ी समस्या यह है कि सरकार और देश के हित के बीच कोई संबंध नहीं है।₹ उन्होंने पूछा, ₹क्या हमारे मंत्रालय प्रदर्शन कर रहे हैं कि कैसे निर्यात बढ़ाकर देश को स्थिर किया जाए और कैसे लोगों की स्थिति में सुधार किया जा सकता है, गरीबी को कैसे समाप्त किया जा सकता है?

अपने इलेक्शन कैंपेन में नया पाकिस्तान बनाने का चुनावी वादा करने वाले इमरान खान को पाकिस्तान की गद्दी संभाले चार साल हो चुके हैं। इमरान खान अपनी नाकामी को कबूल न भी करते तो भी पाकिस्तान के हालात उनकी नाकामी की गवाही दे रहे हैं। पाकिस्तान में महंगाई चरम पर है और अर्थव्यवस्था डूबी हुई है कि पाकिस्तान के पास अपने कर्ज का ब्याज चुकाने तक के पैसे नहीं हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### ओडिशा ने एससी ईस्ट बंगाल को हराया, सेमीफाइनल में जगह बनाने की उम्मीद बरकरार

**एजेंसी**

जोनाथस (23 मिनट) ने ओडिशा को शुरुआती बढ़त दिलाई लेकिन दूसरे हाफ में एंटोनियो पेरोसेविच (64वें मिनट) ने एससी ईस्ट बंगाल को बराबरी दिला दी। वास्को, जेवियर हर्नांडिज के गोल की बदौलत ओडिशा एफसी ने सोमवार को यहां इंडियन सुपर लीग फुटबॉल टूर्नामेंट में एससी ईस्ट बंगाल को 2-1 से हराकर सेमीफाइनल में जगह बनाने की उम्मीदों को बरकरार रखा। इस जीत से ओडिशा की टीम अंक तालिका में छठे स्थान पर पहुंच गई है। जोनाथस (23 मिनट) ने ओडिशा को शुरुआती बढ़त दिलाई लेकिन दूसरे हाफ में एंटोनियो पेरोसेविच (64वें मिनट) ने एससी ईस्ट बंगाल को बराबरी दिला दी। हर्नांडिज ने इसके बाद 75वें मिनट में ओडिशा एफसी को एक बार फिर बढ़त दिला दी जो अंत में निर्णायक साबित हुई।

### हॉकी इंडिया ने जूनियर राष्ट्रीय शिविर के लिये 65 खिलाड़ी चुने, जानिए कब होंगे टूर्नामेंट

**बेंगलुरु।** हॉकी इंडिया ने भारतीय खेल प्राधिकरण के केंद्र पर 14 से 25 फरवरी तक चलने वाले आगामी जूनियर पुरूष राष्ट्रीय शिविर के लिये 65 खिलाड़ियों के नाम की घोषणा कर दी। खिलाड़ियों का चयन भुवनेश्वर में हुए पिछले जूनियर विश्व कप और हॉकी इंडिया के अन्य घरेलू टूर्नामेंटों में प्रदर्शन के आधार पर किया गया। शिविर से 33 खिलाड़ियों के कोर समूह का चयन किया जायेगा जो 2022 में विभिन्न टूर्नामेंटों में भारतीय जूनियर टीम के लिये खेलेंगे। भारत के मुख्य कोच ग्राहम रीड ने कहा ,''यह शिविर प्रतिभाओं को तलाशने के लिये काफी अहम होगा। हम आगामी प्रतियोगिताओं के लिये तैयार होना चाहते हैं।

### फिट इंडिया क्विज में 36000 से अधिक विद्यार्थियों ने भाग लिया : खेल मंत्रालय

**नयी दिल्ली|** विद्यार्थियों को फिटनेस और खेल के अपने ज्ञन का बखान करने के लिये राष्ट्रीय मंच उपलब्ध कराने के उद्देश्य से शुरू की गयी फिट इंडिया क्विज में प्रारंभिक दौर में 13,502 स्कूलों के 36,299 विद्यार्थियों ने हिस्सा लिया। खेल मंत्रालय ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। खेल मंत्री अनुराग ठाकुर द्वारा शुरू की गयी यह राष्ट्रव्यापी क्विज अभी राज्यस्तरीय दौर में है। प्रारंभिक दौर 25 जनवरी को समाप्त होगा। इस क्विज की पुरस्कार राशि तीन करोड़ 25 लाख रुपये है जो कि प्रतियोगिता के विभिन्न चरणों में विजयी स्कूलों और विद्यार्थियों को दी जाएगी।

### दीपक हुड्डा के शानदार खेल से जयपुर पिंक पैंथर्स ने गुजरात जाएंट्स को हराया

**बेंगलुरु,** दीपक हुड्डा के सुपर 10 (11 अंक) के दम पर जयपुर पिंक पैंथर्स ने प्रो कबड्डी लीग के मैच में सोमवार का यहां गुजरात जाएंट्स को 36-31 से हराया। हुड्डा को टीम के रक्षापंक्ति के खिलाड़ियों संदीप धुल (चार अंक) के साथ दीपक सिंह और विशाल (तीन-तीन अंक) से अच्छा साथ मिला। गुजरात की टीम मैच के आखिरी क्षणों में स्कोर को बराबर करने के करीब पहुंच गयी थी लेकिन जयपुर की टीम आखिर तक बढ़त बनाए रखने में सफल रही। गुजरात के लिए राकेश नरवाल ने सबसे ज्यादा आठ अंक बनाए जबकि डिफेंडर प्रवेश भैंसवाल ने चार अंकों का योगदान दिया।

### ईशान किशन पर हुई पैसों की बरसात, मुंबई ने 15.25 करोड रुपए में खरीदा

भारतीय टीम के युवा बल्लेबाज और विकेटकीपर ईशान किशन आज आईपीएल के लिए हुई नीलामी प्रक्रिया में सबसे महंगे खिलाड़ी साबित हुए हैं। ईशान किशन को मुंबई इंडियंस ने एक बार फिर से 15.25 करोड़ रुपए में खरीदा। आज की नीलामी प्रक्रिया में ईशान किशन को लेकर जबरदस्त दीवानगी दिखाई दी। ईशान किशन के लिए बोली दो करोड़ रुपए से शुरू हुई थी। ईशान किशन को खरीदने के लिए मुंबई इंडियंस, गुजरात लायंस, पंजाब किंग्स और सनराइजर्स हैदराबाद ने बोलियां लगाई। आखिरकार मुंबई इंडियंस में ही ईशान किशन को 15.25 करोड़ रुपए में खरीद लिया। इसके साथ ही ईशान किशन युवराज सिंह के बाद ऑक्शन में सबसे ज्यादा महंगे बिकने वाले दूसरे भारतीय खिलाड़ी बन गए हैं। युवराज सिंह को 16 करोड़ मिले थे। इससे पहले भारत के स्टायलिश बल्लेबाज श्रेयस अय्यर को लेकर इंडियन प्रीमियर लीग की नीलामी के पहले दिन शनिवार को टीमों में अपेक्षा के अनुरूप काफी होड़ रही और आखिर में कोलकाता नाइट राइडर्स ने उन्हें 12 करोड़ 25 लाख रूपये में खरीदा। भारत के तेज गेंदबाज और पिछले आईपीएल सत्र में सर्वाधिक विकेट लेने वाले हर्षल पटेल को रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर ने फिर 10 करोड़ 75 लाख रूपये में खरीद लिया है। केकेआर ने आस्ट्रेलिया के तेज गेंदबाज पैट कमिंस को भी सात करोड़ 25 लाख रूपये में फिर खरीदा जबकि पिछली बार वह 15 करोड़ रूपये में बिके थे। दक्षिण अफ्रीका के तेज गेंदबाज कैगिसो रबाडा को पंजाब किंग्स ने नौ करोड़ 25 लाख रूपये में खरीदा। वहीं भारत के सीनियर सलामी बल्लेबाज शिखर धवन को भी पंजाब ने आठ करोड़ 25 लाख रूपये में खरीद लिया। अनुभवी आफ स्पिनर रविचंद्रन अश्विन को राजस्थान रॉयल्स ने पांच करोड़ रूपये में और न्यूजीलैंड के तेज गेंदबाज ट्रेंट बोल्ट को आठ करोड़ रूपये में खरीदा। भारत के युवा बल्लेबाज देवदत्त पडिक्कल को राजस्थान रॉयल्स ने पौने आठ करोड़ रूपये में खरीदा। भारत के अनुभवी तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी को गुजरात टाइटंस ने पौने सात करोड़ रूपये में और क्विंटोन डिकॉक को लखनऊ जाइंट्स ने इसी दाम पर खरीदा।

### ट्रिक-शॉट आर्टिस्ट शाह हुजैब, जिनका हुनर आपके होश उड़ा देगा

जम्मू कश्मीर के युवाओं का रुझान खेलकूद के तरफ से लगातार बढ़ता जा रहा है। जम्मू कश्मीर के युवा अब खेलकूद के जरिए राज्य और देश का नाम रोशन करना चाहते हैं। आज हम आपको एक ऐसे ही कश्मीरी युवा के बारे में बताने जा रहे हैं जो ना सिर्फ केंद्र शासित प्रदेश को गौरवान्वित कर रहा है बल्कि पूरे देश में अपने जबरदस्त फुटबॉल ट्रिक शॉट्स के लिए भी प्रशंसा हासिल कर रहा है। इसके कई वीडियो सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हो रहे हैं। यह खिलाड़ी हैं शाह हुजैब। उनके ट्रिकशॉट्स के वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गए हैं जिसके बाद उन्हें कश्मीर यंग अचीवर्स अवॉर्ड 2022 से सम्मानित किया गया है।

# दिल्ली हाई कोर्ट ने टेबल टेनिस फेडरेशन ऑफ इंडिया को किया सस्पेंडभारत ने महिला, मनिका बत्रा ने किया फैसले का स्वागत

एजेंसी

**नई दिल्ली।** राष्ट्रमंडल खेलों की स्वर्ण पदक विजेता मनिका बत्रा की याचिका पर सुनवायी के दौरान कोर्ट ने भारतीय टेबल टेनिस कोच को मैच फिक्सिंग का दोषी पाया। दिल्ली उच्च न्यायालय ने भारतीय टेबल टेनिस महासंघ (टीटीएफआई) के संचालन की खेदजनक स्थिति पर नाराजगी व्यक्त करते हुए प्रशासक की नियुक्ति का आदेश दिया जो पदाधिकारियों के बजाय प्रबंधन का कार्य संभालेगा।

राष्ट्रमंडल खेलों की स्वर्ण पदक विजेता मनिका बत्रा की याचिका पर सुनवायी के दौरान कोर्ट ने भारतीय टेबल टेनिस कोच को मैच फिक्सिंग का दोषी पाया। दिल्ली उच्च न्यायालय ने भारतीय टेबल टेनिस महासंघ (टीटीएफआई) के संचालन की 'खेदजनक स्थिति' पर नाराजगी व्यक्त करते हुए शुक्रवार को प्रशासक की नियुक्ति का आदेश दिया जो पदाधिकारियों के बजाय प्रबंधन का कार्य संभालेगा। अदालत ने इसके साथ ही कहा कि खेल संस्था से उसका विश्वास उठ गया है। राष्ट्रमंडल खेलों की स्वर्ण पदक विजेता और खेल रत्न पुरस्कार से सम्मानित मनिका बत्रा की याचिका पर सुनवाई कर रही न्यायमूर्ति रेखा पल्ली ने कहा कि इस खिलाड़ी द्वारा लगाये गये मैच फिक्सिंग के आरोपों की जांच के लिए गठित तीन सदस्यीय समिति की रिपोर्ट से पता चलता है कि टीटीएफआई 'अपने अधिकारियों के हितों का बचाव करता है' और 'खिलाड़ियों को बढ़ावा देने के बजाय, टीटीएफआई उन्हें अपनी शर्तों पर चलाना चाहता है।' न्यायाधीश ने कहा कि यह देश अपने खिलाड़ी पर गर्व करता है और जो लोग यह नहीं समझते हैं कि खिलाड़ियों के साथ कैसा व्यवहार किया जाता है, उन्हें बाहर होना चाहिए। नियुक्ति से संबंधित अन्य प्रासंगिक विवरणों के साथ प्रशासक का नाम अदालत के आदेश में दिया जाएगा। बत्रा, जिन्हें एशियाई टेबल टेनिस चैंपियनशिप के लिए भारतीय दल से बाहर रखा गया था, ने पिछले साल अदालत का रुख किया था, जिसमें आरोप लगाया गया था कि राष्ट्रीय कोच सौम्यदीप रॉय ने अपने व्यक्तिगत में से एक के पक्ष में एक ओलंपिक क्वालीफायर मैच को रफेंकनेर के लिए उस पर रदबावर डाला था। प्रशिक्षु। रिपोर्ट के निष्कर्षों के आधार पर, अदालत ने टिप्पणी की कि टीटीएफआई का आचरण रप्रथम दृष्टया दोषपूर्ण प्रतीत होता हैर और राष्ट्रीय कोच को हितों के स्पष्ट टकराव में नियुक्त किया गया था। रएक जांच होनी चाहिए। आप हितों के टकराव में एक कोच की नियुक्ति कर रहे हैं। आपका कोच एक निजी अकादमी चला रहा है। क्या हो रहा है? आपके पास एक राष्ट्रीय कोच है जो अपने नाम पर एक अकादमी चला रहा है और उसे हारने के लिए कह रहा है। मैच,र न्यायमूर्ति पल्ली ने कहा, जिन्होंने जोर देकर कहा कि सिस्टम में रसड़ांधर को रसेट आउटर करना होगा। राष्ट्रमंडल खेलों की स्वर्ण पदक विजेता मनिका बत्रा ने शुक्रवार को दिल्ली उच्च न्यायालय के आदेश का स्वागत किया जिसने भारतीय टेबल टेनिस महासंघ (टीटीएफआई) को उनकी याचिका पर निलंबित कर दिया। मनिका ने कहा कि टीटीएफआई के बुरे बर्ताव के कारण उन्हें कानूनी रास्ता अपनाना पड़ा। हाल में विश्व रैंकिंग में शीर्ष 50 में जगह बनाने वाली मनिका ने एक बयान में कहा, ''मुझे भारतीय न्यायपालिका पर पूरा भरोसा था। मैंने अपने देश को गौरवान्वित करने के लिये अपनी जिंदगी खेलों के लिये समर्पित कर दी। मैं भारत सरकार, मेरा समर्थन करने वाले प्रत्येक व्यक्ति की और मुझे जो समर्थन मिला, उसके लिये अपने देश के लोगों की आभारी हूं।'' उन्होंने कहा, ''मुझे अदालत का दरवाजा खटखटाने के लिये मजबूर होना पड़ा क्योंकि मेरे पास कोई अन्य विकल्प नहीं बचा था चूंकि मुझ पर अत्यधिक दबाव बनाया गया और बुरा बर्ताव किया गया था जिससे मैं मानसिक रूप से बहुत परेशान थी।'' मनिका ने कहा, ''तोक्यो ओलंपिक से बिलकुल पहले ही मुझे इस तरह की मुश्किल परिस्थिति का सामना करना पड़ा। इसका ओलंपिक में मेरे खेल पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ा। मेरा इरादा सिर्फ खुद के लिये और भारत के सभी मेहनत करने वाले खिलाड़ियों के लिये सुरक्षा हासिल करना था जिन्हें देश के लिये खेलने और प्रदर्शन करने की अनुमति दी जानी चाहिए।''

## सरकार ने मणिपुर में राष्ट्रीय खेल विश्वविद्यालय के लिए अब तक 87 करोड़ रुपये से अधिक जारी किए

एजेंसी

**नई दिल्ली।** खेल मंत्री अनुराग ठाकुर ने मंगलवार को लोकसभा में कहा कि सरकार ने मणिपुर में राष्ट्रीय खेल विश्वविद्यालय के विकास के लिए अब तक 87 करोड़ 65 लाख रुपये जारी किए हैं। ठाकुर ने एक सवाल के जवाब में सदन में यह जानकारी दी। ठाकुर ने कहा, ''युवा मामलों और खेल मंत्रालय ने अब तक कुल 87 करोड़ 65 लाख रुपये जारी किए हैं जिसमें मौजूदा वित्त वर्ष 2021-22 में मुख्य परिसर के निर्माण और मणिपुर में अस्थाई परिसर के संचालन के लिए जारी किए गए पांच करोड़ 49 लाख रुपये भी शामिल हैं। ''ठाकुर ने साथ ही कहा कि एसटीसी (भारतीय खेल प्राधिकरण ट्रेनिंग केंद्र) के 90 विस्तार केंद्र भारतीय खेल प्राधिकरण के अंतर्गत काम कर रहे हैं जिसमें 60 खेलो इंडिया केंद्र और 10 नियमित स्कूल शामिल हैं। ''अधिकांश विस्तार केंद्र देश भर के स्कूलों में काम कर रहे हैं। राज्य स्तर खेलो इंडिया केंद्र के तहत अक्टूबर 2019 से रिहायशी सुविधा वाले चार केंद्रीय विद्यालय काम कर रहे हैं।'' उन्होंने बताया, ''इस योजना के तहत रहने, खाने, शिक्षा, ट्रेनिंग, प्रतियोगिता अनुभव, चिकित्सा सुविधा के लिए प्रत्येक खिलाड़ी को प्रतिवर्ष कोष से भारत सरकार डेढ़ लाख रुपये देती है।

## इंटरनेशनल हुआ हिजाब विवाद, मलाला के बाद स्टार फ्रांसीसी फुटबॉलर पॉल पोग्बा ने शेयर किया पोस्ट

एजेंसी

हिजाब विवाद, जो कर्नाटक के एक कॉलेज से शुरू हुआ था, अब बड़ा विवाद बन गया है। विवाद अब अंतराष्ट्रीय स्तर पर पहुंच चुका हैं। इस मुद्दे पर सबसे पहले मलाला ने सवाल उठाए थे अब इस मुद्दे को फ्रांसीसी फुटबॉल स्टार पॉल पोग्बा ने भी उठाया है। उन्होंने सोशल मीडिया अकाउंट पर एक रील शेयर की है। जिसमें कुछ हिजाब पहले लड़कियों को कुछ लोगों द्वारा घेरे हुए देखा जा सकता हैं। फ्रांसीसी फुटबॉल स्टार पॉल पोग्बा ने बुर्का-पहने लड़कियों और भगवा स्कार्फ वाले लड़कों के बीच आमना-सामना की एक वीडियो क्लिप साझा करते हुए कर्नाटक हिजाब पंक्ति में छलांग लगा दी है। 28 वर्षीय फुटबॉलर ने अपने इंस्टाग्राम स्टोरी पर मूल रूप से '_.islamismydeen._' नाम के अकाउंट से पोस्ट की गई क्लिप को साझा किया और इसे कैप्शन दिया हिंदुत्व की भीड़ भारत में कॉलेज में हिजाब पहनकर मुस्लिम लड़कियों को परेशान करना जारी रखती है। मानवाधिकार कार्यकर्ता मलाला यूसुफजई के बाद पोग्बा कर्नाटक हिजाब विवाद पर बोलने वाली दूसरी प्रमुख अंतरराष्ट्रीय हस्ती हैं। नोबेल पुरस्कार विजेता मलाला यूसुफजई ने पहले कर्नाटक में हिजाब विवाद पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा था, लड़कियों को उनके हिजाब में स्कूल जाने से मना करना भयावह है और नेताओं को मुस्लिम महिलाओं के हाशिए पर जाने को रोकना चाहिए। मलाला ने हिजाब विवाद पर एक समाचार रिपोर्ट साझा करते हुए यह टिप्पणी की, जहां कर्नाटक के विभिन्न सरकारी कॉलेजों में कई मुस्लिम छात्रों को हिजाब पहनकर कॉलेज परिसर में प्रवेश करने पर प्रतिबंध लगा दिया गया था। इस बीच, कर्नाटक उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश रितु राज अवस्थी के नेतृत्व वाली पीठ, जिसमें न्यायमूर्ति कृष्णा एस दीक्षित और न्यायमूर्ति जेएम खाजी शामिल हैं, ने गुरुवार को मुस्लिम छात्रों द्वारा हिजाब पहनने पर प्रतिबंध के खिलाफ याचिकाओं पर सुनवाई की।

## हुड्डा-कृणाल से लेकर अश्विन-बटलर तक आईपीएल नीलामी में दुश्मन बने साथी

**अश्विन और बटलर ने 2019 आईपीएल में रन आउट की घटना के बाद एक दूसरे से दूरी बना ली थी**

एजेंसी

**बेंगलुरू।** इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) की नीलामी में फ्रेंचाइजी टीमों ने ऐसे खिलाड़ियों को साथ में मिला दिया है जो कभी एक दूसरे के साथ विवाद में घिरे थे जिनमें दीपक हुड्डा-कृणाल पंड्या के अलावा रविचंद्रन अश्विन-जोस बटलर शामिल हैं। आईपीएल 2022 की नीलामी के पहले दिन राजस्थान रॉयल्स ने पांच करोड़ रूपये में भारतीय ऑफ स्पिनर अश्विन को खरीदा और अब वह इंग्लैंड के बटलर के साथ टीम में होंगे। बटलर को राजस्थान ने संजू सैमसन और यशस्वी जायसवाल के साथ रिटेन किया है। अश्विन और बटलर ने 2019 आईपीएल में रन आउट की घटना के बाद एक दूसरे से दूरी बना ली थी। यह घटना राजस्थान रॉयल्स के 25 मार्च को जयपुर में किंग्स इलेवन पंजाब (अब पंजाब किंग्स) के खिलाफ मैच के दौरान हुई थी जब अश्विन ने बटलर को नॉन स्ट्राइकर छोर पर रन आउट कर दिया क्योंकि वह उनके गेंदबाजी करने से पहले ही क्रीज से बहुत आगे निकल आये थे। वहीं आल राउंडर हुड्डा पिछले साल बड़ौदा राज्य टीम के कप्तान कृणाल पंड्या के साथ झगड़े के बाद 'बायो-बबल' छोड़कर चले गये थे। संघ को भेजे गये ईमेल में हुड्डा ने कृणाल पर कई आरोप लगाये थे। हुड्डा ने कहा था कि कृणाल ने उन्हें खींचने की कोशिश की और चेताया था कि वह सुनिश्चित करेंगे कि वह कभी बड़ौदा के लिये नहीं खेल पायें। कृणाल पर दुर्व्यवहार का आरोप लगाने के बाद वह सैयद मुश्ताक अली ट्राफी शुरू होने से एक दिन पहले उप कप्तान हुड्डा होटल छोड़कर चले गये थे। इसके बाद संघ के सीईओ शिशिर हतंगड़ी ने मध्यक्रम बल्लेबाज के रवैये और टीम के प्रति उनकी प्रतिबद्धता पर पर सवाल उठाये थे। हुड्डा को नयी आईपीएल फ्रेंचाइजी लखनऊ सुपर जायंट्स ने 5.75 करोड़ रूपये में जबकि कृणाल को 8.25 करोड़ में खरीदा है। हालांकि पिछले साल घरेलू टीम को छोड़ने के बाद हुड्डा को वेस्टइंडीज के खिलाफ घरेलू श्रृंखला के लिये भारतीय वनडे टीम में पदार्पण करने का मौका मिला। उन्हें 2017 में भारत की टी20 टीम में भी चुना गया था लेकिन खेलने का मौका नहीं मिला था। वेस्टइंडीज के खिलाफ दूसरे वनडे में उन्होंने शामराह ब्रुक्स (44) का महत्वपूर्ण विकेट झटका था और 25 गेंद में 29 रन का योगदान दिया था जब टीम ने एक समय 43 रन पर तीन विकेट गंवा दिये थे।

## टाटा ओपन में खिताबी जीत के बाद रामकुमार युगल में करियर के सर्वश्रेष्ठ 94वें स्थान पर

**दिविज शरण एक स्थान के फायदे से 134वें पायदान पर हैं।**

एजेंसी

**नई दिल्ली।** भारत के रामकुमार रामनाथन हमवतन रोहन बोपन्ना के साथ टाटा ओपन महाराष्ट्र का खिताब जीतने के बाद सोमवार को करियर में पहली बार एटीपी रैंकिंग में युगल में शीर्ष 100 जगह बनाने में सफल रहे। नवीनतम रैंकिंग में रामकुमार करियर के सर्वश्रेष्ठ 94वें जबकि बोपन्ना आठ स्थान के फायदे से 35वें पायदान पर हैं। रामकुमार और बोपन्ना ने रविवार को ल्यू सेविले और जॉन पैट्रिक स्मिथ की आस्ट्रेलियाई जोड़ी को हराकर एक साथ दूसरा युगल खिताब जीता। रामकुमार को इस खिताबी जीत से 250 अंक मिले जिससे उन्होंने 14 स्थान की लंबी छलांग लगाई जबकि बोपन्ना को आठ स्थान का फायदा हुआ। एटीपी युगल रैंकिंग में 41 साल के बोपन्ना और 27 साल के रामकुमार ही शीर्ष 100 में शामिल भारतीय खिलाड़ी हैं। बाएं हाथ के खिलाड़ी दिविज शरण एक स्थान के फायदे से 134वें पायदान पर हैं। एकल में रामकुमार शीर्ष रैंकिंग वाले भारतीय खिलाड़ी हैं। वह तीन स्थान के नुकसान से 185वें पायदान पर हैं। सुमित नागल पांच स्थान के फायदे से 217वें जबकि प्रजनेश सात पायदान के नुकसान से 235वें स्थान पर हैं। शशि कुमार मुकुंद 334वें पायदान पर हैं। टाटा ओपन में वापसी करते हुए एकल के दूसरे दौर में जगह बनाने वाले युकी भांबरी 193 स्थान की लंबी छलांग के साथ 670वें पायदान पर हैं। घुटने की चोट के कारण तीन साल बाहर रहने के बाद वह सत्र की शुरुआत में शीर्ष 1000 खिलाड़ियों से बाहर थे।

## इंडियन प्रीमियर लीग नीलामी के पहले दिन बिके खिलाड़ियों की सूची

एजेंसी

**बेंगलुरू।** आईपीएल 2022 नीलामी के पहले दिन शनिवार को यहां बिके खिलाड़ियों की सूची इस प्रकार हैः ईशान किशन - मुंबई इंडियंस 15.25 करोड़ रुपये दीपक चाहर - चेन्नई सुपर किंग्स 14 करोड़ रुपये शिखर धवन - पंजाब किंग्स 8.25 करोड़ रुपये आर अश्विन - राजस्थान रॉयल्स 5 करोड़ रुपये पैट कमिंस - 7.25 करोड़ रुपये में

कोलकाता नाइट राइडर्स कागिसो रबाडा - 9.25 करोड़ रुपये में पंजाब किंग्स ट्रेंट बोल्ट - 8 करोड़ रुपये में राजस्थान रॉयल्स श्रेयस अय्यर - केकेआर 12.25 करोड़ रुपये में मोहम्मद शमी- गुजरात टाइटंस 6.75 करोड़ रुपये में हर्षल पटेल- रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर 10.75 करोड़ रुपये में फाफ डु प्लेसिस- रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर 7 करोड़ रुपये में क्विंटन डी कॉक- लखनऊ सुपर जायंट्स 6.75 करोड़ रुपये में

आवेश खान- लखनऊ सुपर जायंट्स 10 रुपये में करोड़ डेविड वार्नर - दिल्ली कैपिटल्स 6.25 करोड़ रुपये में मनीष पांडे - लखनऊ सुपर जायंट्स 4.50 करोड़ रुपये में शिमरोन हेटमायर - राजस्थान रॉयल्स 8.50 करोड़ रुपये में रॉबिन उथप्पा - चेन्नई सुपर किंग्स 2 करोड़ रुपये में

जेसन रॉय - गुजरात टाइटन्स 2 करोड़ रुपये में देवदत्त पडिक्कल - राजस्थान रॉयल्स 7.75 करोड़ रुपये में दीपक हुड्डा- लखनऊ सुपर जायंट्स 5.75 करोड़ रुपये में ड्वेन ब्रावो- चेन्नई सुपर किंग्स 4.4 करोड़ रुपये में

नीतीश राणा- कोलकाता नाइट राइडर्स 8 करोड़ रुपये में वानिंदु हसरंगा- रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर 10.75 करोड़ रुपये में जेसन होल्डर- लखनऊ सुपर जायंट्स 8.75 करोड़ रुपये में वाशिंगटन सुंदर - सनराइजर्स हैदराबाद 8.75 करोड़ रुपये में क्रुणाल पंड्या - लखनऊ सुपर जायंट्स 8.75 करोड़ रुपये में

मिशेल मार्श - दिल्ली कैपिटल्स 6.50 करोड़ रुपये में अंबाती रायुडू - चेन्नई सुपर किंग्स 6.75 करोड़ रुपये में जॉनी बेयरस्टो - 6.75 करोड़ रुपये में पंजाब किंग्स दिनेश कार्तिक - 5.50 करोड़ रुपये में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर निकोलस पूरन - सनराइजर्स हैदराबाद 10.75 रुपये में करोड़ टी नटराजन - सनराइजर्स हैदराबाद 4 करोड़ रुपये में प्रसिद्ध कृष्णा - राजस्थान रॉयल्स 10 करोड़ रुपये में लॉकी फर्ग्यूसन - गुजरात टाइटन्स 10 करोड़ रुपये में जोश हेज़लवुड - 7.75 करोड़ रुपये में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर मार्क वुड - 7.50 करोड़ रुपये में लखनऊ सुपर जायंट्स भुवनेश्वर कुमार - सनराइजर्स हैदराबाद 4.20 करोड़ रुपए में शार्दुल ठाकुर - दिल्ली कैपिटल्स 10.75 करोड़ रुपए में मुस्तफिजुर रहमान - 2 करोड़ रुपए में दिल्ली कैपिटल्स कुलदीप यादव - 2 करोड़ रुपए में दिल्ली कैपिटल्स राहुल चाहर - 5.25 करोड़ रुपए में पंजाब किंग्स युजवेंद्र चहल - राजस्थान रॉयल्स रुपए में 6.50 करोड़

अभिनव एस - गुजरात टाइटन्स 2.6 करोड़ रुपये में देवाल्ड ब्रेविस - मुंबई इंडियंस 3 करोड़ रुपये में अश्विन हेब्बर - दिल्ली कैपिटल 20 लाख रुपये में राहुल त्रिपाठी - सनराइजर्स हैदराबाद 8.50 करोड़ रुपये में सरफराज खान - 20 लाख रुपये में दिल्ली कैपिटल रियान पराग - 3.80 करोड़ रुपये में राजस्थान रॉयल्स अभिषेक शर्मा - 6.50 करोड़ रुपये में सनराइजर्स हैदराबाद शाहरुख खान - पंजाब किंग्स के लिए 9 करोड़ रुपये में शिवम मावी- कोलकाता नाइट राइडर्स 7.25 करोड़ रुपये में राहुल तेवतिया- गुजरात टाइटन्स 9 करोड़ रुपये कमलेश नागरकोटी- दिल्ली कैपिटल्स 1.1 करोड़ रुपये में हरप्रीत बरार- पंजाब किंग्स 3.80 करोड़ रुपये में शाहबाज अहमद- रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर 2.4 करोड़ रुपये में केएस भरत - दिल्ली कैपिटल्स 2 करोड़ रुपए में अनुज रावत - रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर 3.4 करोड़ रुपए में

प्रभसिमरन सिंह - 50 लाख रुपए में पंजाब किंग्स शेल्डन जैक्सन - 60 लाख रुपए में कोलकाता नाइट राइडर्स जितेश शर्मा - 20 लाख रुपए में पंजाब किंग्स बासिल थंपी - मुंबई इंडियंस 30 लाख रुपये में कार्तिक त्यागी - सनराइजर्स हैदराबाद 4 करोड़ रुपये में आकाश दीप -रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर 20 लाख रुपये में विद्या आसिफ - 20 लाख रुपये में चेन्नई सुपर किंग्स ईशान पोरेल - 25 लाख रुपये में पंजाब किंग्स तुषार देशपांडे - 20 लाख रुपये में चेन्नई।

# हिजाब के समर्थन में आई सोनम कपूर

कर्नाटक में चल रहे हिजाब विवाद पर अब एक्ट्रेस सोनम कपूर का बयान आया है। सोनम कपूर ने एक पोस्ट में तस्वीर लगाई है जिसमें पगड़ी बांधे एक शख्स नजर आ रहे हैं। वहीं दूसरी तरफ हिजाब पहने एक महिला नजर आ रही हैं। पगड़ी बांधे शख्स पर लिखा है कि, यह पहनना एक च्वॉइस हो सकती है। वहीं हिजाब पहनने वाली तस्वीर पर लिखा है कि, इस कपड़े को पहनने के लिए च्वॉइस नहीं? हालांकि, सोनम ने एक पोस्ट के साथ कुछ लिखा नहीं है, लेकिन उनके द्वारा पोस्ट की गई इस तस्वीर से आपको सबकुछ समझ आ जाएगा। बता दें कि, हिजाब विवाद तब से शुरू हुआ जब उडुपी के एक सरकारी कॉलेज में छह लड़कियां हिजाब पहनकर आ गई, इसके विरोध में फिर छात्रों के एक ग्रुप ने इसका विरोध करते हुए भगवा स्कार्फ पहन कॉलेज में विरोध प्रदर्शन करना शुरू कर दिया। इस विरोध प्रर्दशन से कर्नाटक के अन्य हिस्सों में भी तनाव बढ़ता ही चला गया है। एक कॉलेज में हुई हिंसा ने पुलिस को लाठीचार्ज करने पर मजबूर कर दिया है। कर्नाटक सरकार ने आदेश जारी करते हुए हाई स्कूल और प्री-यूनिवर्सिटी कॉलेजों के लिए बुधवार से तीन दिन की छुट्टी की घोषणा कर दी। आपको बता दें कि, कर्नाटक उच्च न्यायालय शैक्षणिक संस्थानों में हिजाब प्रतिबंध को चुनौती देने वाली एक याचिका पर सुनवाई कर रहा है। कोर्ट ने अपने अंतरिम आदेश में कहा, 'हम राज्य सरकार और अन्य सभी हितधारकों से अनुरोध करते हैं कि वे शैक्षणिक संस्थानों को फिर से खोलें और छात्रों को जल्द से जल्द कक्षाओं में लौटने की अनुमति दें। इन सभी याचिकाओं पर विचार किए जाने तक, हम सभी छात्रों को उनके धर्म या आस्था की परवाह किए बिना, भगवा शॉल (भगवा), स्कार्फ, हिजाब, धार्मिक झंडे या कक्षा के भीतर अगले आदेश तक पहनने से रोकते हैं। चल रहे विवाद पर बॉलीवुड की कई हस्तियों ने भी अपनी प्रतिक्रिया दी है। जावेद अख्तर ने कहा कि वह हिजाब या बुर्का के पक्ष में नहीं हैं, लेकिन गुंडों की भीड़ की निंदा करते हैं जो लड़कियों के एक छोटे समूह को डराने की कोशिश कर रहे हैं। इस बीच, कंगना रनौत ने इस मुद्दे पर एक टिप्पणी की है। उन्होंने कहा, अगर आप हिम्मत दिखाना चाहते हैं तो अफगानिस्तान में बुर्का न पहनकर दिखाइए। मुक्त होना सीखें, खुद को पिंजरे में बंद न रखें। कंगना ने इंस्टाग्राम स्टोरीज पर, 1973 में ईरान में महिलाओं को स्विमवियर पहने और लगभग 50 साल बाद बुर्का पहने हुए एक पोस्ट भी शेयर किया है।

# 40 साल की श्वेता तिवारी ने ट्रांसपेरेंट ड्रेस में कराया फोटोशूट

श्वेता ने जैसे ही अपनी बोल्ड और सेक्सी तस्वीरें पोस्ट की वैसे ही फैंस ने कमेंट की बाढ़ लगा दी। उनके एक फैन ने यह कहते हुए तारीफ की कि वह इस उम्र में भी आग लगा रही हैं। आपको बता दें कि, अपने दूसरे बच्चे के जन्म के बाद श्वेता ने 10 किलो वजन कम कर दिया है। श्वेता तिवारी 40 साल की उम्र में भी बोल्ड और सेक्सी लुक में नजर आ रही है। बता दें कि, एक्ट्रेस ने अपने इंस्टाग्राम पर काफी बोल्ड और सेक्सी तस्वीरें पोस्ट और वीडियो शेयर की है। बता दें कि, हाल ही में उन्होंने ब्लैक शिमरी गाउन में अपनी तस्वीरें शेयर कीं जिसमें वह एकदम धमाकेदार और बोल्ड लग रही है। उनकी इन तस्वीरों से किसी की भी नजरें हटने का नाम नहीं ले रही है। श्वेता ने जैसे ही अपनी बोल्ड और सेक्सी तस्वीरें पोस्ट की वैसे ही फैंस ने कमेंट की बाढ़ लगा दी। उनके एक फैन ने यह कहते हुए तारीफ की कि वह इस उम्र में भी आग लगा रही हैं। आपको बता दें कि, अपने दूसरे बच्चे के जन्म के बाद श्वेता ने 10 किलो वजन कम कर दिया है। पहले उनका वजन 73 किलो था। श्वेता तिवारी की अपनी तस्वीरों से इंटरनेट पर तूफान मचा दिया है। एक्ट्रेस श्वेता तिवारी को उनके बोल्डनेस और साहसिक विकल्प के लिए जाना जाता है और इसलिए उनकी प्रशंसा भी काफी होती है।

# 2 साल बाद काम पर लौटीं रिया चक्रवर्ती, किया शुक्रिया

**मुंबई।** अभिनेत्री रिया चक्रवर्ती ने शनिवार को कहा कि वह दो साल बाद काम पर वापस लौटी हैं। उन्होंने इन दो वर्षों को अपनी जिंदगी का ''सबसे मुश्किल दौर'' बताया। अभिनेत्री चक्रवर्ती उस वक्त विवादों में आयी थीं जब उनके प्रेमी एवं अभिनेता सुशांत सिंह राजपूत 2020 में मृत पाए गए थे। 29 वर्षीय चक्रवर्ती पर राजपूत को आत्महत्या के लिए उकसाने तथा उनके परिवार पर अभिनेता की संपत्ति का दुरुपयोग करने का आरोप लगा था। चक्रवर्ती को पिछली बार 2021 में आयी थ्रिलर फिल्म ''चेहरे'' में देखा गया था जिसमें अमिताभ बच्चन ने भी काम किया है। चक्रवर्ती ने इंस्टाग्राम पर एक पोस्ट किया जिसमें उन्हें एक रेडियो स्टेशन में देखा जा सकता है। उन्होंने लिखा, ''कल, मैं दो साल बाद काम पर गयी थी। उन सभी लोगों का बहुत-बहुत शुक्रिया जो मेरे सबसे मुश्किल वक्त में मेरे साथ खड़े रहे। क्या होता है यह मायने नहीं रखता, सूरज हमेशा चमकता है। कभी हार मत मानो।'' 'मेरे डैड की मारुति' और 'जलेबी'जैसी फिल्मों में अभिनय कर चुकीं चक्रवर्ती को 2020 में राजपूत की मौत से जुड़े मादक पदार्थ मामले में यहां 28 दिन जेल में रहना पड़ा था। वह अभी जमानत परहैं।

# यह मेरी जेल है, मेरे नियमों के साथ, हिला कर रख देगा कंगना का यह रियलिटी शो, टीजर हुआ रिलीज

कंगना रनौत पहली बार डिजिटल प्लेटफॉर्म में नजर आने वाली है।बॉलीवुड में धमाल मचाने के बाद अब कंगना ओटीटी प्लेटफॉर्म पर नजर रख रही है। वह रियलिटी शो लॉक अप में नजर आने वाली है। बता दें कि, कंगना का लॉक अप का फर्स्ट लुक भी आ गया है। फर्स्ट लुक शेयर होने के बाद कंगना ने शुक्रवार को रियलिटी शो का पहला टीज़र शेयर किया है। टीजर को देखने के बाद ऐसा लगा रहा है कि, कंगना एक बोल्ड होस्ट नजर आने वाली है। वीडियो में, ब्लैक और सीलवर गाउन में नजर आ रही है। कंगना ने मीडिया को कहा कि, इस दुनिया में दो टाइप के लोग है। एक जो मुझे पसंद करते हैं और दसरे वो बी-ग्रेड स्ट्रगलर, जो मेरी बुराई करके न्यूज में बने रहते हैं। इसके बाद एक्ट्रेस ने कहा कि उन नफरत करने वालों ने एफआईआर दर्ज करके या भाई-भतीजावाद के फॉर्मूले का इस्तेमाल करके उन्हें चुप कराने की कोशिश की, और उसके जीवन को 24X7 रियलिटी शो बना दिया। लेकिन अब मेरी बारी है क्योंकि मैं सबसे बड़े रियलिटी शो का बाप ला रही हूं। यह मेरी जेल है, मेरे नियमों के साथ, जहां 16 विवादास्पद हस्तियों को बंद कर दिया जाएगा। और मैं तय करूंगी कि मशहूर हस्तियों का क्या होगा,। कंगना ने अपने रियलिटी शो को लेकर आगे कहा कि, मेरा जेल है ऐसा, न चलेगी भाईगिरी न पापा का पैसा! बता दें कि, आर कंगना के रियलिटी शो लॉक अप को एम एक्स प्लेयर और अलट बालाजी पर 27 फरवरी को देख सकते है। इसका ट्रेलर 16 फरवरी को रिलीज किया जा चुका है। लॉक अप के लॉन्च के दौरान कंगना रनौत ने कहा कि वह लंबे समय से कुछ रोमांचक करना चाहती थीं।कंगान ने कहा कि, एकता ने एक शानदार शो लॉन्च किया है जिसके लिए मैनें हां भरी है। एकता कपूर ने खुलासा किया कि कंगना उनके लिए पहली पसंद थीं क्योंकि इस शो में एक बेदाग व्यक्तित्व की आवश्यकता थी। प्रतियोगियों की बात करें तो सूत्रों का कहना है कि एकता कपूर को अभी उन हस्तियों की लिस्ट को मंजूरी देनी है जो जेल के अंदर बंद होंगी। हालांकि, आदित्य सिंह राजपूत, अनुष्का सेन जैसे अभिनेताओं इस शो में शामिल हे सकते हैं। पूनम पांडे, हर्ष बेनीवाल, उर्फी जावेद, मानव गोहिल, लेखक ओम स्वामी, बसीर अली, मीशा अय्यर-ईशान सहगल जैसे अन्य नाम भी इंटरनेट पर चर्चा में हैं। लॉक अप में 16 प्रतियोगी 72 दिनों के लिए जेल की कोठरी में बंद रहेंगे, जबकि कंगना होस्ट होंगी। 50 फीसदी वोट के दम पर अभिनेता शो में कौन रहता है, इस पर भी फैसला लेते नजर आएंगे। निर्माताओं ने वादा किया है कि लॉक अप विवादास्पद होगा।

# मिथुन चक्रवती की बहू ने पार की बोल्डनेस की सारी हदें, सिर्फ बाथरोब पहनकर दिए हॉट पोज़



बॉलीवुड के दिग्गज अभिनेता मिथुन चक्रवर्ती की बहु मदालसा शर्मा किसी पहचान की मोहताज नहीं हैं। छोटे पर्दे के सबसे ज़्यादा लोकप्रिय शोज़ में से एक 'अनुपमा' में काव्या का किरदार निभाने वाली मदालसा ने घर-घर में अपनी पहचान बनाई है। मदालसा अपनी शानदार एक्टिंग के साथ-साथ ख़बसूरती और बोल्डनेस के लिए भी जानी जाती हैं। वे सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव हैं और अपनी लेटेस्ट फोटोज़ और वीडियोज़ शेयर करती रहती हैं। हाल ही में मदालसा ने अपनी कुछ हॉट फोटोज़ इंस्टाग्राम पर शेयर की हैं। मदालसा शर्मा ने अनुपमा शो में निगेटिव किरदार से भी दर्शकों के दिल में ख़ास जगह बनाई है। सोशल मीडिया पर भी उनकी अच्छी खासी फैन फॉलोविंग है। उनके फैन्स मदालसा की खूबसूरती और उनके बोल्ड अंदाज़ के दीवाने रहते हैं। अब मदालसा ने अपने लेटेस्ट पोस्ट से इंस्टरनेट पर फिर से हलचल बढ़ा दी है। उन्होंने अपने बेडरूम से दो बेहद हॉट फोटोज़ शेयर की हैं, जिसमें उन्होंने बोल्डनेस की सारी हदें पार कर दी हैं। इन फोटोज़ को देखकर फैन्स के दिल की धड़कने बढ़ गयी हैं। ये फोटोज़ सोशल मीडिया पर आग की तरह फैल गई हैं। इन फोटोज़ में मदालसा व्हाइट कलर का बाथरोब पहने बेड पर बैठी हुई हैं। हाथ में को लिए मदालसा बेहद हॉट पोज़ दे रही हैं। खुले बालों और हसीन अदाओं से मदालसा ने अपनी हॉटनेस से इंटरनेट पर गर्मी बढ़ा दी है। उन्होंने लाइट मेकअप किया हुआ है और बालों को कर्ल किया है। मदालसा की इन तस्वीरों को देखकर फैंस खुद को उनकी तारीफ करने से नहीं रोक पा रहे हैं। फैन्स उनकी फोटोज को जमकर लाइक कर रहे हैं। यूजर्स ने इन फोटोज़ पर कमेंट्स की झड़ी लगा दी है। कमेंटबॉक्स में हार्ट और फायर वाले इमोजी की लाइन लग गई है।

# बिकिनी में योगा बेहद ही हॉट अदाओं के साथ बोल्डनेस का भर-भरकर डोज देती हैं शर्लिन चोपड़ा





बॉलीवुड की बोल्ड अभिनेत्रियों में गिने जाने वाली शर्लिन चोपड़ा अपने बोल्ड लुक्स और सेक्सी फैशन स्टेटमेंट की वजह से अक्सर सुर्खियों में छाई रहती हैं। अभिनेत्री आज अपना 38वां जन्मदिन मना रही हैं। 11 फरवरी 1984 को हैदराबाद में जन्मीं शर्लिन कई हिंदी और तेलुगू भाषा की बोल्ड फिल्मों में भूमिका निभा चुकी हैं। अभिनेत्री सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव रहती हैं और अपनी बेहद ही हॉट तस्वीरें फैंस के साथ शेयर करती रहती हैं। लोग भी उनके हॉट अवतार के दीवाने हैं, इसलिए हर दूसरे दिन इंटरनेट पर अभिनेत्री की तस्वीर वायरल होती रहती हैं। तेलुगु फिल्म 'ए फिल्म बाय अरविंद' से शर्लिन चोपड़ा ने अपने एक्टिंग करियर की शुरुआत की थी। अभिनेत्री ने वेंडी मोबुलु जैसी तेलुगु फिल्मों में काम किया पर हिंदी फिल्म टाइम पास में जेनी का किरदार निभाकर अभिनेत्री सबकी नजरों में आईं। इसके बाद अभिनेत्री ने जवानी दीवानी, रेड स्वास्तिक, टाइम पास, दिल बोले हडिप्पा जैसी कई हिंदी फिल्मों में अभिनय किया पर उन्हें कोई खास लोकप्रियता नहीं मिली। साल 2014 में शर्लिन चोपड़ा फिल्म कामसूत्र 3डी में नजर आयी थी। अभिनेत्री ने फिल्म में बेहद बोल्ड सीन दिए थे जिसके बाद वह लोगों की नजरों में आ गई थी। इस फिल्म ने उन्हें लोकप्रियता दिलाने में अहम भूमिका निभाई थी। अभिनेत्री ने प्लेबॉय पत्रिका के लिए न्यूड पोज भी दिए थे। ऐसा करने वाली वह पहली भारतीय महिला थीं। इसके अलवा शर्लिन ने बिग बॉस के तीसरे सीजन में एक कंटेस्टेंट के तौर पर हिस्सा लिया था। अभिनेत्री जहाँ एक तरफ अपने बोल्ड लुक्स की वजह से लाइमलाइट में रहती हैं वहीं दूसरी तरफ विवादों से भी उनका पुराना नाता है। शर्लिन जब बिग बॉस के घर में थी तब उन्होंने निर्माताओं से बाथरूम में कैमरा लगाने की मांग की थी। जिसके बाद उन्हें घर से निकाल दिया गया था। बीते साल राज कुंद्रा पोर्नोग्राफी मामले को लेकर भी शर्लिन चोपड़ा ने काफी सुर्खिया बटोरी थी। उन्होंने राज कुंद्रा पर बेहद गंभीर आरोप लगाए थे।

# बिकनी में आग सेंकती दिखीं ये एक्ट्रेस, फैंस के कमेंट पढ़कर उड़ जाएंगे होश



भोजपुरी इंडस्ट्री की अभिनेत्री नेहा मालिक अपनी बोल्डनेस की वजह से इंटरनेट पर ट्रेंड कर रहती हैं। इन दिनों भी अभिनेत्री अपनी कुछ तस्वीरों की वजह से लाइमलाइट में छाई हुई हैं। उनकी ये तस्वीरें सोशल मीडिया पर काफी वायरल हो रही हैं और उनके हॉट अवतार को देखकर लोगों के होश उड़ गए हैं। अभिनेत्री नेहा मलिक अपनी लेटेस्ट फोटो में एनिमल प्रिंट की मिनी ड्रेस पहनी नजर आ रही हैं। अभिनेत्री आग सकते हुए बेहद ही हॉट पोज देते हुए फोटो क्लिक करवा रही हैं। अभिनेत्री का हॉट अंदाज लोगों को काफी पसंद आ रहा हैं और इन तस्वीरों पर अब तक हजारों लोग अपना दिल हार बैठे हैं। अभिनेत्री के बोल्ड लुक की तारीफ करते हुए एक सोशल मीडिया यूजर ने कमेंट किया, आप आग को ताप रही है या आग आपको। एक अन्य ने कमेंट करते हुए लिखा, ठण्ड भी लग रही है और कपड़े भी छोटे छोटे पहनें हुए हैं। अभिनेत्री नेहा मलिक सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव रहती हैं और लगातार अपने फैंस के साथ फोटोज और वीडियोज शेयर करती रहती हैं। अभिनेत्री की सोशल मीडिया पर काफी अच्छी फैन फॉलोविंग हैं। नेहा मलिक गांधी फेर आ गया (2020), मुसाफिर 2020 (2020) और पिंकी मोगे वाली 2 (2021) के लिए जाना जाता हैं।

स्वामित्व, मुद्रक, प्रकाशक एवं RNI No. DELHIHIN/2010/37009 संपादक मो हनीफ द्वारा अरावली प्रिंटर्स -WA30, ओखला इंडस्ट्रियल एरिया, नई दिल्ली से मुद्रित करवाकर, जी-12/276 , संगम विहार, नई दिल्ली-62 से प्रकाशित। फोन:8888883968, 9811111715 किसी भी कानूनी विवाद की स्थिति में निपटारा दिल्ली न्यायालय में ही होगा।